RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 44
फरीदाबाद, मंगलवार, 21 मार्च, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




मुझे बाहर करने का गुजरात टाइटंस ने जो कारण दिया, उससे हैरान हूं : डोटिन

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,628 | ▼ | 360.95 |
| निफ्टी | 17,000 | ▼ | 111.65 |
| सोना | 59,671 | ▲ | 1451 /10 gm |
| चांदी | 69,340 | ▲ | 1860 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 25.00°C
न्यूनतम 16.00°C

## क्विक न्यूज

### उमेश मर्डर में शामिल शूटर के घर बुलडोजर चला



**प्रयागराज।** प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के शूटर मोहम्मद गुलाम का घर सोमवार को बुलडोजर से ढहा दिया गया। घर से सटे उसके 10 कमरे वाले लॉज को भी गिराया गया। गुलाम पर पांच लाख रुपये का इनाम है। वह 25 दिन से फरार है। उमेश शूटआउट के समय गुलाम दुकान में सिर पर टोपी पहनकर खड़ा था। उसने दुकान से निकलकर उमेश पर दूसरा फायर किया था। पहला फायर विजय चौधरी उर्फ उस्मान ने किया था। बुलडोजर कार्रवाई के दौरान गुलाम की मां खुशनुदा ने कहा, जिसकी उसने हत्या की है, वह भी किसी का बेटा था। अगर पुलिस उसका एनकाउंटर कर दे, तो मैं उसकी लाश लेने नहीं आऊंगी। मुझे बहुत अफसोस है कि उमेश पाल हत्याकांड में मेरे बेटे का नाम आया है।

### सोना अब तक की सबसे ऊंची कीमत पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** सोना सोमवार को ऑल टाइम हाइ पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आइबीजेए) की वेबसाइट के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 1451 रुपये महंगा होकर 59671 रुपये बिक रहा है। इससे पहले 2 फरवरी को सोना अपने ऑल टाइम हाइ पर था। तब इसकी कीमत 58882 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। बताया जा रहा है कि शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के कारण सोने को सपोर्ट मिल रहा है। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, सोने में 2020 से शुरू सुपर साइकिल अब भी जारी है। इस साल सोना 62000 तक पहुंचने का अनुमान था, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में ये 64000 तक पहुंच सकता है।

### एनजीओ के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान (विनियमन) कानून का कथित रूप से उल्लंघन करने के लिए लेखक और मानवाधिकार कार्यकर्ता हर्ष मंदर द्वारा स्थापित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) अमन बिरादरी के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच की सिफारिश की है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सोनिया गांधी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य रहे मंदर ने अमन बिरादरी की स्थापना की थी।

# रामसेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए तैयार

**सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा, नौ साल से सरकार इसे टाल रही**

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**सुप्रीम** कोर्ट रामसेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने के लिए सरकार को निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। यह याचिका भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने दायर की है। स्वामी ने कहा था सरकार ने अभी इस मसले पर कोई फैसला नहीं लिया है। वह नौ साल से इसे टाल रही है। सीजेआइ डीवाइ चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच ने कहा कि हम इस पर जल्द सुनवाई करेंगे। इससे पहले 19 जनवरी को सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को दिए हलफनामे में कहा था कि राम सेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की प्रक्रिया पर संस्कृति मंत्रालय काम कर रहा है।

इस इलाके में समुद्र बेहद उथला है, जिससे यहां बड़ी नावें और जहाज चलाने में खासी दिक्कत आती है। कहा जाता है कि 15 शताब्दी तक इस ढांचे पर चलकर रामेश्वरम से मन्नार द्वीप तक जाया जा सकता था, लेकिन तूफानों ने यहां समुद्र को कुछ गहरा कर दिया, जिसके बाद यह पुल समुद्र में डूब गया। 1993 में नासा ने इस रामसेतु की सेटेलाइट तस्वीरें जारी की थीं, जिसमें इसे मानव निर्मित पुल बताया गया था। हालांकि नासा के अलावा रामसेतु के बारे में तीन सबसे चर्चित दावे हैं। हिंदुओं का मानना है कि इसे भगवान राम ने बनवाया था। मुस्लिमों का मानना है कि ये आदम का बनाया ब्रिज है। साइंटिफिक कम्युनिटी का मानना है कि टेक्टोनिक मूवमेंट की वजह से यहां समुद्र उथला हो गया है।

याद रहे, स्पेस मिनिस्टर जितेंद्र सिंह ने जनवरी 2023 में भाजपा सांसद कार्तिकेय शर्मा के सवाल के जवाब में कहा था कि भारत और श्रीलंका के बीच रामसेतु के पुख्ता साक्ष्य नहीं हैं। जिस जगह पर पौराणिक रामसेतु होने का अनुमान है, वहां की सेटेलाइट तस्वीरें ली गई हैं। यह दावा नहीं कर सकते हैं कि यही रामसेतु के अवशेष हैं।

### केंद्र ने कहा था- रामसेतु की उत्पत्ति से जुड़ा कोई सबूत नहीं

**केंद्रीय** मंत्री जितेंद्र सिंह ने पिछले साल 22 दिसंबर को राज्यसभा में कहा था कि भारतीय सेटेलाइट्स को रामसेतु की उत्पत्ति से जुड़ा कोई सबूत नहीं मिला है। जितेंद्र ने कहा था- भारतीय सेटेलाइट्स ने रामसेतु की हाई रिजॉल्यूशन तस्वीरें ली हैं। हालांकि इनसे कोई पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं। भारत के रामेश्वरम और श्रीलंका के मन्नार द्वीप के बीच चूने की उथली चट्टानों की चेन है। इसे भारत में रामसेतु और दुनियाभर में एडम्स ब्रिज (आदम का पुल) के नाम से जाना जाता है। इस पुल की लंबाई लगभग 30 मील (48 किमी) है। यह पुल मन्नार की खाड़ी और पाक जलडमरू मध्य को एक दूसरे से अलग करता है।

### छावनी बोर्ड ने मतदाता सूची में संशोधन किया : अजय भट्ट

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को राज्यसभा में बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद छावनी बोर्डों ने रक्षा भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के नाम हटाकर अपनी मतदाता सूची में संशोधन किया है।

संसद के उच्च सदन के एक सदस्य ने पूछा था कि क्या मंत्रालय को इस बात की जानकारी है कि छावनी क्षेत्रों में रहने वाले कई लोगों को मतदान के अधिकार से बाहर रखा गया है और क्या सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के आधार पर छावनी बोर्ड चुनाव कराने की कोई योजना है।

## लंदन के बाद यूएस में इंडियन कॉन्स्यूलेट पर भी हमला

# सिखों ने किया आइएसआइ और खालिस्तानियों के खिलाफ प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लंदन/नई दिल्ली



**लंदन** में रविवार को भारतीय हाइ कमीशन में तोड़फोड़ की घटना का विरोध सोमवार को नई दिल्ली में किया गया। लंदन में खालिस्तान समर्थकों ने हाइ कमीशन का तिरंगा उतार दिया था। नई दिल्ली में बड़ी तादाद में सिख ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर जुटे और खालिस्तानियों की हरकत का विरोध किया। उधर, अमेरिका के सेन फ्रांसिस्को में इंडियन कॉन्स्यूलेट पर हमला किया गया। नई दिल्ली में ब्रिटिश हाइ कमीशन के बाहर सिखों ने खालिस्तानियों के खिलाफ बैनर-पोस्टर लहराए और नारेबाजी की। कहा- भारत हमारा स्वाभिमान है। इन सिखों के मुताबिक- तिरंगे का अपमान किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बता दें, खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस कार्रवाई कर रही है। रविवार को इसका विरोध लंदन में मौजूद कुछ खालिस्तान समर्थकों ने किया। खालिस्तानी लंदन में भारतीय हाइ कमीशन पहुंचे। पहले तोड़फोड़ की और बाद में यहां लगा तिरंगा उतार दिया। भारत ने इस पर सख्त ऐतराज जताया। दिल्ली में ब्रिटिश हाइ कमिश्नर को तलब किया गया। इस बीच, हाइ कमीशन पर अब पहले से ज्यादा बड़ा तिरंगा लगा दिया गया है। लंदन में भारत के हाइ कमीशन पहुंचे लोगों के हाथ में खालिस्तानी झंडा और अमृतपाल सिंह के पोस्टर थे। पोस्टर्स पर लिखा, फ्री अमृतपाल सिंह, वी वॉन्ट जस्टिस और वी स्टैंड विथ अमृतपाल सिंह। नई दिल्ली में प्रदर्शन के लिए पहुंचे सिखों ने कहा- पाकिस्तान की बदनाम खुफिया एजेंसी आइएसआइ हमारे देश के अमन-चैन को तबाह करने की साजिश रच रही है। हमने हमेशा अपने तिरंगे का सम्मान किया है और लंदन में हुई हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रदर्शन में शामिल एक युवा सिख ने कहा- लंदन में जो कुछ हुआ, हम उसका जवाब देने आए हैं। हम ये किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। आज हम हजारों सिख अपने-अपने काम छोड़कर ये बताने आए हैं कि अपने तिरंग का निरादर सहन नहीं करेंगे। वी लव आवर इंडिया- भारत माता की जय। भारत के विदेश मंत्रालय ने घटना सख्त विरोध जताया। कहा- हाइ कमीशन के बाहर सुरक्षा क्यों नहीं थी।

खालिस्तानी अंदर कैसे घुस गए। ब्रिटेन में हमारे डिप्लोमेट्स और एम्बेसी की सुरक्षा को लेकर ब्रिटिश सरकार का यह रवैया बर्दाश्त के बाहर है। यह वियना कन्वेंशन के नियमों का उल्लंघन है। हमें उम्मीद है कि इस पर फौरन एक्शन लेते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### भारतीय मिशन की सुरक्षा के लिए बात करे सरकार : थरूर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने सोमवार को सरकार से आग्रह किया कि वह भारतीय उच्चायोगों एवं दूतावासों की सुरक्षा से जुड़ा विषय मेजबान सरकारों के समक्ष उठाए, ताकि आगे ब्रिटेन जैसी घटना न हो। इस घटना के बारे में पूछे जाने पर लोकसभा सदस्य थरूर ने कहा, यह देखकर मुझे बहुत निराशा होती है कि एक मित्र देश की सरकार इस तरह के व्यवहार को रोकने के लिए पुलिस का एहतियातन इंतजाम नहीं करती।

**छह लोगों पर लगा एनएसए फरार आरोपियों की तलाश जारी**

# अमृतपाल के फाइनेंसर को विदेश से मिले 34 करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** अमृतसर



**'वारिस** पंजाब दे' के चीफ अमृतपाल सिंह की तलाश सोमवार को तीसरे दिन भी जारी है। उसके पांच अन्य साथियों पर नेशनल सिक्योरिटी एक्ट (एनएसए) लगा दिया गया है। पुलिस को अमृतपाल के जालंधर में छिपे होने की आशंका है। जिले के सभी एंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर नाकाबंदी कर दी गई है। अमृतपाल के गांव जल्लूखेड़ा में भी फोर्स तैनात है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल से लगी पंजाब की सीमाओं को भी सील कर दिया गया है। अमृतपाल के चाचा हरजीत सिंह और ड्राइवर ने रविवार देर रात पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। चाचा अमृतपाल की मर्सिडीज में सरेंडर करने आया था, जो ड्रग तस्कर से खरीदी गई थी। उसके चाचा को असम की डिब्रूगढ़ जेल भेजा गया है। पुलिस ने अब तक 114 लोगों को गिरफ्तार किया है।

जांच के दौरान पता चला है कि अमृतपाल के फाइनेंसर दलजीत सिंह कलसी के पास दो साल में 35 करोड़ रुपए का विदेशी फंड आया। उसके फोन से पाकिस्तान में भी बात हुई। पुलिस उसके मोबाइल की जांच कर रही है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने बताया कि अमृतपाल नशा मुक्ति केंद्र के नाम पर फिदायीन हमलावर तैयार कर रहा था। वह आतंकियों को तैयार कर रहा था। सब कुछ आइएसआइ के इशारे पर हो रहा था। पाकिस्तान से गैरकानूनी हथियार मंगवाकर इन्हीं सेंटरों में स्टोर किया जा रहा था, जिसके जरिये ही वह आनंदपुर खालसा फोर्स (एकेएफ) तैयार कर रहा था। सब कुछ अमृत संचार के नाम पर किया जा रहा था।

पंजाब रोडवेज और पनबस की बसें बुधवार को भी नहीं चलेंगी। पंजाब में मंगलवार दोपहर तक मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सर्विस बंद कर दी गई है। अमृतपाल के चार साथियों को असम के डिब्रूगढ़ ले जाया गया है। इनके नाम सोमवार को बताए गए। इनमें फाइनेंसर दलजीत सिंह कलसी, भगवंत सिंह, गुरमीत सिंह और बाजेके शामिल है।

### अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक स्थानीय अदालत ने आबकारी नीति से संबंधित मामले में सोमवार को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत की अवधि तीन अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) इस मामले की जांच कर रहा है। आबकारी नीति अब रद्द कर दी गई है। वह अभी संबंधित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में हैं। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने सीबीआई मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। इससे पहले उन्हें वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया।

# जयपुर में विस घेरने जा रहे डॉक्टरों को पुलिस ने पीटा, कपड़े फाड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर



**राज्य** सरकार के 'राइट टू हेल्थ' बिल का विरोध कर रहे डॉक्टरों को जयपुर में पुलिस ने जमकर पीटा। विधानसभा का घेराव करने निकले डॉक्टरों को पुलिस ने पहले तो रोकने की कोशिश की। वे बेकाबू हुए तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। कई प्रदर्शनकारियों के कपड़े तक फाड़ दिए। इसमें कई लहूलुहान हो गए हैं। आरोप है कि पुलिस ने महिला डॉक्टरों के साथ भी बदसलूकी की है। सोमवार को प्रदेशभर के 2400 से ज्यादा प्राइवेट हॉस्पिटल संचालक सड़कों पर उतरे।

सबसे पहले डॉक्टर और हॉस्पिटल संचालक जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल परिसर में बने जयपुर मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में जुटे। यहां उन्होंने बिल के विरोध में अपना-अपना तर्क रखा। डॉक्टर दोपहर करीब 12 बजे एसएमएस हॉस्पिटल से निकले। जेएलएन मार्ग होते हुए त्रिमूर्ति सर्किल गए। यहां से नारायण सिंह सर्किल होते हुए सेंट्रल पार्क के सामने से स्टेच्यू सर्किल पहुंचे।

पुलिस ने सभी को करीब एक बजे स्टेच्यू सर्किल के पास रोक लिया। डॉक्टर और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की होने लगी। सभी डॉक्टर स्टेच्यू सर्किल पर धरने पर बैठ गए।

इस दौरान प्रदर्शनकारी उग्र हो गए और पुलिस से झड़प हो गई। आरोप है कि पुलिस ने पुरुष डॉक्टरों के साथ महिला डॉक्टरों के साथ मारपीट की और उनके कपड़े फाड़ दिए। इधर, कुछ दिन पहले इस बिल का समर्थन करने वाली ज्वाइंट एक्शन कमेटी अब विरोध में उतर गई है। इस कमेटी का गठन डॉक्टरों की यूनियन ने ही किया था।

प्राइवेट हॉस्पिटल और नर्सिंग सोसायटी के सेक्रेटरी डॉक्टर विजय कपूर ने बताया- हम सभी आगे थे। पुलिस वालों ने अचानक खींचकर नीचे गिरा दिया। दो तीन लाठियां मारने के बाद भगदड़ मच गई। हम नीचे गिर गए। उसके बाद का कुछ पता नहीं चला। सरकार ने हमारी बात नहीं मानी तो जो करना पड़ेगा करेंगे।

# नेपाल में प्रचंड ने जीता फ्लोर टेस्ट, 172 वोट मिले

**एजेंसी।** काठमांडू

**नेपाल** के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने सोमवार को संसद में विश्वास मत हासिल कर लिया। कुल 265 मौजूद सांसदों ने वोटिंग में हिस्सा लिया। प्रचंड के गठबंधन को 172 वोट मिले। सरकार बचाने के लिए 138 वोट चाहिए थे। विरोध में 89 वोट पड़े। एक सांसद ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। प्रचंड की पार्टी सीपीएन के पास फिलहाल 32 सीटें हैं। बाकी वोट सहयोगी पार्टियों के हैं।

दरअसल, प्रचंड ने केपी ओली की पार्टी सीपीएन-यूएमएल के साथ ही कई और छोटों दलों को मिलाकर सरकार बनाई थी। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान प्रचंड ने ओली की जगह नेपाल कांग्रेस के उम्मीदवार को समर्थन दिया, जिससे ओली नाराज हो गए।

# मेघालय विधानसभा में राज्यपाल के हिंदी भाषण पर हंगामा

**एजेंसी।** गुवाहाटी



**मेघालय** विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को हंगामे के साथ शुरू हुआ। राज्यपाल फागू चौहान ने अपना अभिभाषण हिंदी में दिया तो वॉइस ऑफ द पीपल्स पार्टी समेत चार पार्टियों के विधायक नाराज हो गए। विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष थॉमस ए संगमा और मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने उन्हें समझाना चाहा, लेकिन तब भी वे नहीं माने।

वॉकआउट से पहले वीपीपी विधायक अर्देंट मिलर बसाइवामोइत और मुख्यमंत्री संगमा के बीच नोकझोंक भी हुई। बसाइवामोइत ने कहा कि मेघालय हिंदी भाषी राज्य नहीं है, इसलिए राज्यपाल का हिंदी में भाषण देना लोगों की भावनाओं के खिलाफ है। केंद्र सरकार राज्य के लोगों पर हिंदी थोप नहीं सकती। मेघायल विधानसभा की ऑफिशियल लैंग्वेज इंग्लिश है और लोकल लैंग्वेज खासी और गारो है। विधायक बसाइवामोइत ने कहा कि राज्यपाल हिंदी में क्या बोलते हैं, हमें कुछ भी समझ में नहीं आता है। इसलिए हम इस कार्यवाही का हिस्सा नहीं बनना चाहते, जिन्हें कोई दिक्कत नहीं है, वे सदन में बैठे रह सकते हैं।

# पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट ने 10 अप्रैल तक गिरफ्तारी से राहत दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादित बयान देने वाले कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने सोमवार को खेड़ा के खिलाफ दर्ज तीन केस लखनऊ ट्रांसफर करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा उन्हें 10 अप्रैल तक गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा दी है। इस दौरान पवन खेड़ा नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकेंगे। यानी उन्हें पुलिस गिरफ्तार नहीं करेगी।

पवन खेड़ा पर असम में पीएम मोदी पर विवादित बयान देने पर 3 एफआइआर दर्ज की गई हैं। विवादित बयान देने पर 23 फरवरी को असम पुलिस ने खेड़ा को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया था। खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पीएम को गौतमदास मोदी कहा था।

## डब्ल्यूएफआइ अध्यक्ष-रेसलर्स विवाद में दीपेंद्र की एंट्री

# राज्यसभा सभापति को चिट्ठी लिखी, निष्पक्ष जांच की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक



**बृजभूषण शरण ने इस प्रकरण के पीछे शुरुआत में दीपेंद्र का ही दिमाग बताया था**

**भारतीय** कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआइ) और रेसलर्स के बीच विवाद में फिर से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की एंट्री हुई है। सांसद ने राज्यसभा सभापति को चिट्ठी लिखी है, जिसमें उन्होंने खिलाड़ियों द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ के अधिकारियों पर लगाए आरोपों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराए जाने की मांग रखी है। इससे पहले डब्ल्यूएफआइ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह सांसद दीपेंद्र हुड्डा को धरने का मास्टरमाइंड बताया था। इस चिट्ठी से अब फिर से मुद्दा गर्म हो गया है।

दीपेंद्र हुड्डा ने चिट्ठी में लिखा है कि माननीय सभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं देश के खिलाड़ियों विशेषकर महिला खिलाड़ियों के मान-सम्मान से जुड़ा अति-महत्त्वपूर्ण विषय सदन के समक्ष रखना चाहता हूं। देश को अनेकों बार गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की आवश्यकता है। सरकार को खेल और खिलाड़ियों का मान-सम्मान बरकरार रखने व उन्हें न्याय दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। ये खिलाड़ी किसी जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र के नहीं बल्कि देश के हैं।

देश की धरोहर, देश की शान हमारे खिलाड़ी हमारे पहलवान जिन्होंने लगातार भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है, उन्हें न्याय की गुहार लगाते हुए धरने पर बैठना पड़ा जो बेहद दुख व चिंता का विषय है। ऐसे प्रकरण अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं की तैयारी कर रहे अनेकों प्रतिभावान खिलाड़ियों का मनोबल गिराने का काम करते हैं।

इस बीच संघ के अध्यक्ष बृजभूषण का बयान सामने आया था। उन्होंने कहा- किसी भी तरह का उत्पीड़न नहीं हुआ है। अगर हुआ है तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगा। उन्होंने धरने को स्पॉन्सर्ड बताते हुए इसके पीछे हरियाणा कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा का नाम लिया था। उन्होंने कहा था कि अब ये खिलाड़ी नेशनल लेवल पर खेलने योग्य नहीं रहे हैं।

### जंतर-मंतर पर रेसलर्स का प्रदर्शन और बड़े आरोप

**बता** दें, 18 जनवरी को रेसलर्स विनेश फोगाट, साक्षी मलिक व बजरंग पूनिया ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना शुरू किया था। इस दौरान विनेश फोगाट ने रोते हुए आरोप लगाए कि फेडरेशन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और कोच नेशनल कैंप में महिला रेसलर्स का यौन उत्पीड़न करते हैं। विनेश ने यह भी कहा कि बृजभूषण खिलाड़ियों के होटल में रुकते थे, जो नियमों के खिलाफ है। टोक्यो ओलिंपिक में हार के बाद अध्यक्ष ने मुझे खोटा सिक्का कहा।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 25.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 16.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में थैलासीमिया जांच कैम्प का आयोजन: सुबह 10 बजे।
- देश में मनाया जाएगा वजन दिवस: सुबह 10 बजे।
- जिलेभर के आयुष्मान मित्रों की हड़ताल जारी: सुबह 9 बजे।
- क्षयरोग दिवस को लेकर जागरूकता कार्यक्रम: सुबह 10 बजे।
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे।

## निवेश गुरु

**फंड** ऑफ फंड्स म्यूचुअल फंड की ऐसी स्कीम्स हैं। जो दूसरी म्यूचुअल फंड स्कीम्स में निवेश करती हैं। लेकिन यह इंडेक्स फंड्स और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स तक सीमित नहीं है। उदाहरण के लिए अगर फंड मैनेजर सोने में निवेश करना चाहता है तो वह सोने में निवेश करने वाली गोल्ड स्कीम में पैसा लगाएगा, फंड मैनेजर जिस भी स्कीम में पैसा लगाना चाहे लगा सकता है।

## यूटीलिटी न्यूज

### डीएवी में प्रीमियर लीग आयोजित

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय में व्यवसाय प्रबंधन और पर्यटन विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी-मैनेजमेंट प्रीमियर लीग (एमपीएल) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर देश के विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश के अलग-अलग कॉलेजों से प्रतिभागियों की लगभग 20 टीमों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जयमाला तोमर ने शिरकत की, जो फरीदाबाद क्षेत्र से जुड़ी एक ख्याति प्राप्त लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रसिद्ध यू-ट्यूबर हैं। इस अवसर पर उनके द्वारा रचित एक पुस्तक जिसका शीर्षक संवेदना की पुकार का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर कालेज की प्राचार्या डा सविता भगत ने कार्यक्रम की मुख्य जयमाला तोमर द्वारा रचित पुस्तक के शीर्षक के माध्यम से बताया कि आज के दौर में संवेदनाएं धीरे धीरे खत्म होती जा रही है, लेकिन ऐसी कृतियों के माध्यम से इन्हें दोबारा जागृत किया जा सकता है।

## क्विक न्यूज

### अवैध शराब बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने अवैध शराब तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम पवन है। जो बल्लभगढ़ की सुभाष कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी स्कूटी में अवैध शराब भरकर बेचने जा रहा था कि क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को आदर्श नगर एरिया से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से स्कूटी में रखी 7 पेटी देसी शराब मस्ताना बरामद की गई। पूछताछ करने पर आरोपी आनाकानी करने लगा। जिसके पश्चात आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध शराब अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी यूपी का निवासी है और फरीदाबाद में मजदूरी का काम करता है।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**लुटा है खेत का सोना हवा में उड़ गया छप्पर**
**न तो सुनते सियासी अब न सुनते देश में अफ़सर**
**फ़सल पकते ही फिर तूफ़ान, बारिश और ये ओले**
**रहम कर दे विधाता अब तो मेरे अन्नदाता पर**

# भूजल दिवस : पानी के अवैध दोहन और लापरवाही से जिला बना डार्क जोन

### लापरवाहियों से बचे खुचे भूजल को भी कर रहे हैं जहरीला बनाने का प्रयास

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**अरावली** पर्वत के साथ हो रही छेड़छाड़, बड़े पैमाने पर भूजल का दोहन कर दुरुपयोग और विकास की आड़ में किये गए विनाश के कार्यों की वजह से जिले के एक छोटे से हिस्से को छोड़ कर शेष पूरा इलाका डार्क जोन में शामिल हो चुका है। यमुना नदी के नजदीक होने की वजह से जिले के एक मात्र तिगांव में अभी भूजल का स्तर थोड़ा बहुत ठीक है। वहीं जिले में तो भी भूजल बचा खुचा है, उसे भी विभिन्न तरह की लापरवाहियों के कारण जहरीला बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बंधवाड़ी में कूड़े का विशाल पहाड़ खड़ा करने से आसपास के कई गांव का भूजल जहरीला हो चुका है। जिले में स्थित सरकारी अथवा निजी अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट युक्त पानी को ट्रीट करने की कोई व्यवस्था नहीं है। इस जहरीले पानी को सीधा सीवर की लाइनों में डाल दिया जाता है। नगर निगम के ज्यादातर एसटीपी खराब पड़े हुए हैं। ऐसे में सीवर का पानी ट्रीट किए बिना सीधा नहरों में डाल दिया जाता है। जिससे जिले के भूजल पर कहीं न कहीं दुष्प्रभाव पड़ रहा है। चारों तरफ कंक्रीट का जाल बिछाने से बरसाती पानी रिचार्ज नहीं हो पाता है। एक दिन यह शहर रहने लायक नहीं रहेगा।


सेक्टर-22 में मौजूद कूड़े का डंपिंग पॉइंट।

### जमकर हो रहा अरावली का दोहन

**अरावली** पर्वत दिल्ली एनसीआर की लाइफ लाइन माना जाता है। अरावली पर्वत बरसाती पानी को रिचार्ज करने का सबसे बड़ा प्राकृतिक साधन है। साथ ही अरावली की वजह से ही साफ हवा मिल पाती है, लेकिन इसके बावजूद पिछले कई दशकों से अरावली के साथ लगातार खूब छेड़छाड़ की जा रही है। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट ने वर्षों पहले अरावली में खनन पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन इसके बावजूद चोरी छिपे खनन कार्य लगातार किया जाता रहा है। वहीं सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के आदेशों के बावजूद लगातार अरावली के जंगलों में पहाड़ों को समतल कर अवैध निर्माण किये जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट अरावली पर बने सभी अवैध निर्माणों को हटाने के स्पष्ट आदेश दे चुकी है। लेकिन खोरी को हटाने के बाद प्रशासन पूरी तरह चुप्पी साध कर बैठ गया है। अरावली के साथ हुई छेड़छाड़ की वजह से बड़खल झील सूख चुकी है। इन तमाम कारणों से अब अरावली के माध्यम से पर्याप्त बरसाती पानी भूजल को रिचार्ज नहीं कर पाता।


अरावली पर्वत पर हो रहे अवैध निर्माण का फाइल फोटो।

### भूजल को बना रहे जहरीला

**संबंधित** विभागों की लापरवाही और अन्य विभिन्न कारणों से जिले का भूजल इतना गिर चुका है कि कई हिस्से डार्क जोन में शामिल हो चुके हैं, लेकिन फिलहाल जिले में जो भी बचा खुचा भूजल है। उसे बचाने की बजाए कई तरीकों से जहरीला बनाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। शहर भर में कूड़ा इकट्ठा करने के लिए ईकोग्रीन द्वारा डम्पिंग पॉइंट कच्ची जमीनों पर बनाए हुए हैं। जहां कूड़े से जहरीला लीचेट रिसरिस कर जमीन जाकर भूजल को जहरीला बना रहा है। वहीं जिले में नगर निगम द्वारा बनाए गए एसटीपी प्लांट या तो खराब हो चुके हैं या फिर रख रखाव के अभाव में कंडम हो चुके हैं। जिसके कारण सीवर का पानी नाम मात्र को ही ट्रीट हो पाता है। शेष सीवर के पानी को सीध नदी और नहरों में छोड़ दिया जाता है। जिसमें अस्पतालों से निकलने वाला मेडिकल वेस्ट युक्त पानी भी शामिल होता है।


गौंछी ड्रेन में सीवर का पानी बहता सेप्टी टैंकर चालक।

### व्यर्थ हो रहा बरसाती पानी

**नगर** निगम अधिकारियों की लापरवाही के कारण आने वाले दिनों फरीदाबाद जिले की स्थिति भी चेन्नई की तरह हो सकती है, क्योंकि यहां प्रतिबंध के बावजूद लगातार आरएमसी सड़कों और अन्य निर्माणों से जमीन को ज्यादा से ज्यादा पक्का करने का काम कई वर्षों से किया जा रहा है। आरएमसी रोड का निर्माण करने के बाद निगम द्वारा सड़कों के दोनों तरफ कच्चा छोड़ने की बजाए पीसीसी करवा कर उस पर इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाई जा रही है, और तो और टाइल्स के गेप भी सीमेंट से भरवा दिये जाते हैं। रही सही कसर लोगों द्वारा पूरी की जा रही है। अनेक लोगों ने ग्रीनबेल्टों पर कब्जे किये हुए हैं। लोग अपनी सुविधा के लिए घर की रैम्प को पक्का करवा कर सड़कों से जोड़ देते हैं। ऐसे में बरसाती पानी को जमीन में जाने का रास्ता नहीं मिलता। वह सीवर और नालों में जाकर व्यर्थ हो जाता है। इससे जहां भूजल स्तर गिर रहा है। वहीं धूल उड़ने से दमा और अन्य बीमारियां का लोग शिकार हो रहे हैं।

### 50 प्रतिशत पानी नष्ट



**जन** स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार सत्यनारायण नेहरा का कहना है कि जिले में करीब 50 प्रतिशत से ज्यादा पानी व्यर्थ कर दिया जाता है। जिससे आने भविष्य में पानी का घोर संकट हो सकता है। ऐसे में पानी की बचत करने के लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत है। विभाग पानी के प्रति लोगों को जागरूक लगातार कर रहा है।

# इराकी महिला को 25 साल बाद मिली दौरे से आजादी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एशियन** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के डॉक्टरों की एक टीम ने एक 35 वर्षीय महिला के बाएं टेंपोरल लोब (मस्तिष्क का वह हिस्सा है, जो यादों और ध्वनियों को प्रोसेस करता है) में मौजूद एक ट्यूमर को हटाकर उसे नया जीवन दिया। यह ट्यूमर व्यक्ति की याददाश्त, भाषण क्षमता और समझ को नियंत्रित करने वाले हिस्सों को प्रभावित कर रहा था।

इराक से आई यह महिला एक गृहिणी है। वह पिछले 25 सालों से इस ट्यूमर की समस्या से जूझ रही थी। इस सर्जरी के बाद उसे नया जीवन मिल गया है। लगभग चार घंटे तक चले इस ऑपरेशन को फरीदाबाद स्थित एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज यानी एशियन अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. मुकेश पांडे की टीम ने सफलतापूर्वक पूरा किया। इस टीम में उनके सहयोगी के तौर पर डॉ. प्रशांत सिंह भी शामिल थे।

डॉक्टरों के अनुसार, उस महिला को यह समस्या तब शुरू हुई, जब वह सिर्फ दस साल की थी। कम उम्र में उसने पहली बार दौरे का अनुभव किया था। तब से वह प्रतिदिन ही चार-पांच बार दौरे का सामना करने लगी। इस दौरान तो वह कई बार बेहोश तक हो जाती थी। यह कल्पना करना मुश्किल है कि उस महिला ने इन वर्षों में कितनी तकलीफों का सामना किया होगा और किस तरह वह हर वक्त दौरे के डर के साए में अपना जीवन बिताती रही होगी। बताते हैं कि उसे 25 सालों से हर रोज दवा की 10-10 गोलियां लेनी पड़ रही थीं, फिर भी दौरे का खौफ हर पल उसके दिलोदिमाग में बैठा रहता था।


चिकित्सकों के संग खड़ी स्वस्थ हुई इराकी महिला।

# सिविल अस्पताल में मनाया वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल की ओपीडी में वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे का आयोजन किया गया। हर साल 20 मार्च को वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे मनाया जाता है। इसे पहली बार वर्ष 2013 में मनाया गया था। इसकी शुरूआत वर्ल्ड डेंटल फेडरेशन ने की थी। इसका मुख्य मकसद लोगों को मुंह की सफाई के प्रति जागरूक करना है। यह बात सिविल अस्पताल की वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना अरोड़ा ने कही।

उन्होंने बताया कि लोग मुख की बीमारियों से जूझ रहे हैं। इनमें ओरल कैंसर प्रमुख हैं। इसके अलावा, दांतों में सड़न, पायरिया समेत कई अन्य बीमारियां हैं। धूम्रपान और तंबाकू चबाने से भी मुंह की बीमारियां होती हैं। इसलिए हमेशा लोगों को एक दिन में दो बार ब्रश करने की सलाह दी जाती है। लेकिन कुछ लोग नहीं मानते तो वह दांतों की इस बीमारी का शिकार हो जाते हैं। इस मौके पर सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता ने कहा कि आधुनिक समय में लोग खराब जीवनशैली, अनुचित खानपान और तनाव के चलते कई बीमारियां से परेशान हैं। इनमें मुंह की बीमारियां भी शामिल हैं। लोगों को अपनी सेहत के साथ मुंह का भी विशेष ख्याल रखना चाहिए। वहीं अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव ने कहा कि मुंह की बीमारियों से बचाव के लिए रोजाना दो बार ब्रश करें। इससे मुंह की बीमारियों का जोखिम कम हो जाता है।

कार्यक्रम में डेंटल चिकित्सकों ने शपथ ग्रहण की। इस मौके पर सीएमओ, पीएमओ के अलावा डिप्टी सीएमओ डॉ. गजराज, डॉ. जयंत पंजनी, वरिष्ठ डेंटल सर्जन डॉ. वंदना, डेंटल सर्जन डॉ. धीरज, डेंटल सर्जन डॉ. स्वेता, डेंटल सर्जन डॉ. अमन के अलावा अन्य चिकित्सक मुख्य रूप से मौजूद रहे।



वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे पर शपथ लेते डेंटल सर्जन।

# नई ट्यूबलर टेक्नोलॉजी इन्वर्टर बैटरी की लॉन्च

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**अग्रणी** बैटरी और पावर समाधान प्रदाता ओकाया पावर ने अपने वितरक मैसर्स शक्ति पावर इन्वर्टर करनाल के सहयोग से आयोजित एक डीलर मीट में अपनी नवीनतम ट्यूबलर टेक्नोलॉजी इन्वर्टर बैटरी लॉन्च की। इस कार्यक्रम में ओकाया पावर के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें गौरव कुमार, एजीएम ओकाया सेल्स नॉर्थ, सौरभ, शाखा प्रबंधक ओकाया पावर हरियाणा, बिक्री अधिकारी आशीष, पुरिष्टम, जितेन्द्र और हरियाणा सेवा प्रभारी सुनील सिंह शामिल थे।

नई ट्यूबलर टेक्नोलॉजी इन्वर्टर बैटरी विश्व स्तरीय सुविधाओं का दावा करती है, जिसमें कम रखरखाव, उच्च शक्ति बैकअप और फास्ट चार्जिंग क्षमताएं शामिल हैं। बैटरी को बिजली कटौती और ब्लैकआउट के दौरान घरों और व्यवसायों को निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। गौरव कुमार ने बैटरी की प्रभावशाली विशेषताओं पर प्रकाश डाला और बताया कि यह ग्राहकों को कैसे लाभ पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा, हम अपनी नवीनतम ट्यूबलर टेक्नोलॉजी इन्वर्टर बैटरी लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं, जो असाधारण पावर बैकअप और विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए इंजीनियर है। बैटरी को चरम मौसम की स्थिति का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो इसे घरों और व्यवसायों के लिए आदर्श बनाता है। बिक्री अधिकारियों और सेवा प्रभारी ने उपस्थित लोगों को नई बैटरी की विशेषताओं का प्रदर्शन किया। जिसमें इसकी तेज चार्जिंग क्षमताएं, कम पानी की कमी और विस्तारित बैटरी जीवन शामिल हैं। उन्होंने डीलरों के सवालों के जवाब भी दिए और बैटरी की सामर्थ्य और दीर्घकालिक लागत बचत पर प्रकाश डाला। ओकाया पावर डीलर मीट शानदार सफलता थी और उपस्थित लोगों ने नई ट्यूबलर टेक्नोलॉजी इन्वर्टर बैटरी में रुचि व्यक्त की। बैटरी अब ओकाया पावर आउटलेट्स और पूरे भारत में अधिकृत डीलरों पर उपलब्ध है। ओकाया पावर ग्राहकों को बिजली समाधान प्रदान करने को प्रतिबद्ध है।




# डाउन सिंड्रोम की समस्या के प्रति किया जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डाउन** सिंड्रोम एक ऐसी समस्या है जिससे बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास सामान्य बच्चों जैसा नहीं हो पाता है और दिमाग भी सामान्य बच्चों की तरह काम नहीं करता है। यह समस्या भ्रुण में क्रोमोसोम की मात्रा अधिक होने की वजह से होती है।

सामान्य तौर पर शिशु 46 क्रोमोसोम के साथ पैदा होता है जिसमें 23 क्रोमोसोम उसे अपने पिता से और 23 क्रोमोसोम उसे अपनी मां से मिलते हैं। प्रत्येक क्रोमोसोम डीएनए उत्पन्न करता है, जिसे जीन कहा जाता है। जीन होने वाले शिशु के शरीर और मस्तिष्क का विकास निर्धारित करता है लेकिन डाउन सिंड्रोम से ग्रस्त भ्रूण में एक अतिरिक्त या एबनॉर्मल क्रोमोसोम पाया जाता है।

यह अतिरिक्त जेनेटिक मैटेरियल शारीरिक और मानसिक विकास में बदलाव कर देता है। यह बात मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल फरीदाबाद में पीडियाट्रिक्स विभाग के एचओडी एवं सीनियर कंसल्टेंट डॉ. संजीव दत्ता ने कही।

उन्होंने कहा कि जोड़ों व मांसपेशियों में ढीलापन, सिर का आकार पीछे से सपाट होना, आंखों का ऊपर या बाहर की तरफ या तिरछी होना, छोटा और गठीला शरीर, जन्म के समय वजन कम होना, हाथ चौड़ा लेकिन उंगलियां छोटी होना, बुद्धि स्तर काफी कम होना, शारीरिक और मानसिक विकास धीमा गति से होना आदि डाउन सिंड्रोम के लक्षण हैं। गर्भावस्था के शुरुआती महीने में ही अल्ट्रासाउंड, ब्लड टेस्ट और जेनेटिक टेस्ट कैरियोटाइपिंग के जरिए यह पता लगाया जा सकता है कि बच्चा डाउन सिंड्रोम से पीड़ित है या नहीं। गर्भाशय में इसका इलाज संभव है लेकिन जन्म के बाद कोई इलाज नहीं है। लेकिन इलाज न हो पाने की स्थिति में बच्चे के साथ बुरा बर्ताव की बजाय उन्हें प्यार दें। अगर घर-परिवार द्वारा सही देखरेख की जाए तो डाउन सिंड्रोम से पीड़ित बच्चे और वयस्क भी अच्छी जिंदगी जी सकते हैं। सामान्य बच्चों की तरह अपना काम खुद से आसानी से कर सकते हैं। कई बार ऐसे बच्चों को स्पीच, फिजियोथेरोपी भी दी जाती है।


डॉ. संजीव दत्ता।

# स्लेजहैमर फाउंडेशन में लगा स्वास्थ्य एवं मुख जांच शिविर



स्लेजहैमर फाउंडेशन में लगे वर्ल्ड ओरल हेल्थ दिवस के शिविर में शामिल बच्चे, डॉक्टरों की टीम के संग वाइस प्रेजिडेंट डॉ. प्रतिमा और अध्यापिका चन्द्रकांता और डेजी।


शिविर में बच्चों की जांच करती डॉ. जिम्मी, डॉ. दीपा के संग ज्योति, संजय के अलावा स्लेजहैमर फाउंडेशन की वाइज प्रेजिडेंट डॉ. प्रतिमा मोहंती।

**कविता।** फरीदाबाद

**सेक्टर-9** स्थित स्लेजहैमर फाउंडेशन में हेल्थ एंड डेंटल चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प स्लेजहैमर फाउंडेशन की वाइस प्रेजिडेंट डॉ. प्रतिमा मोहंती की देखरेख में जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लगाया गया। कैम्प में बल्लभगढ़ की डेंटल डॉक्टर के अलावा सेक्टर-तीन स्थित एफआरयू में तैनात आरबीएसके चिकित्सक और उनकी टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। कैम्प में जहां एक तरफ डेंटल डॉ. जिम्मी ने बच्चों को ब्रश करने से लेकर दांतों को मजबूत और स्वच्छ रखने के लिए किस तरह का भोजन करना चाहिए, इसके बारे में बिस्तर से बताया। वहीं दूसरी तरफ आरबीएसके टीम की डॉ. दीपा बबेजा ने बच्चों के स्वास्थ्य का चेकअप किया और उन्हें डाइट के अलावा अन्य स्वास्थ्य संबंधित टिप्स दिए। उन्होंने कैम्प की सराहना करते हुए स्लेजहैमर फाउंडेशन की वाइस प्रेजिडेंट डॉ. प्रतिमा मोहंती का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि वह गरीब बच्चों की मदद के लिए बेहतर कार्य कर रही हैं। वहीं बच्चों को बेहतर शिक्षा भी दे रही हैं। फाउंडेशन में पढ़ने वाले कुछ ही बच्चों के दांत में हल्की दिक्कते मिली, वर्ना सभी बच्चों के दांत ठीक देखकर चिकित्सक भी हैरान हुए कि स्लम इलाके से आकर स्लेजहैमर फाउंडेशन में पढ़ने वाले बच्चों के दांत इतने साफ हैं। इस मौके पर डेंटल डॉक्टर समेत शिशु रोग विशेषज्ञ और एएनएम तथा फार्मासिस्ट मुख्य रूप से मौजूद रहे। अंत में स्लेजहैमर की वाइस प्रेजीडेंट डॉ. प्रतिमा मोहंती ने बताया कि इस कैंप में जहां उनके स्वास्थ्य और दांतों की जांच की गई। वहीं बच्चों को पौष्टिक आहार देने संबंधित जानकारी भी दी गई है। ताकि बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रह सके। कैम्प में बल्लभगढ़ से डॉ. जिम्मी, सेक्टर-तीन से डॉ. दीपा बबेजा और उनकी टीम के सदस्यों में आरबीएसके से ज्योति और संजय मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**गुमशुदा की तलाश**




सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुमशुदा दिगेन नागपाल पुत्र श्री मनीष नागपाल निवासी मकान न0 1A-112 नियर खालसा स्कूल NIT फरीदाबाद दिनांक 16.03.23 को 10.00 AM पर अपने घर से काम करने के लिये निकला था जो अभी तक अपने घर वापिस नहीं आया है जिसका हुलिया:- रंग गेहुआ गोल चेहरा हष्ट पुष्ट जिस्म, कद 5 फुट 3 इंच बा उम्र 47. साल जिसने निले रंग का लोउर व व्हाईट व ग्रे कलर की टी शर्ट पहन रखी थी एव पेरो मे ब्राउंन कलर की चप्पल पहन रखी है। मुकदमा नम्बर 179 धारा 346 दिनाँक 17.03.2023 अगर किसी को गुमशुदा व्यक्ति के बारे में पता चले तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें।

SHO - 9582200126
I/O - 9991201353
मुदई - 8383872265

प्रबंधक अफसर थाना कोतवाली फरीदाबाद

**गुमशुदा की तलाश**




सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुमशुदा किरण पत्नि श्री चमन श्रीवास्तव पुत्र श्री रामखिलावन निवासी गाँव अकर्रा रसुलपुर थाना काठ जिला शाहजहाँपुर उत्तर प्रदेश हाल म.नं0 जे-307, आर्दश कालोनी, फरीदाबाद दिनांक 26.02.2023 को 10.00 AM पर अपनी बेटी अक्षिका उम्र 4 साल को साथ लेकर बिना बताये कही चली गई है। हुलिया: रंग गेहुआ, गोल चेहरा, हल्का पतला शरीर, कद 5फुट उम्र 26 साल पहनावा: लाल रंग की साडी, लाल ब्लाउज, पैरो मे सेडिंल पहनी है। लडकी अक्षिका हुलिया: रंग गेहुआ, गोल चेहरी, कद 3 फुट उम्र 4 साल है पहनावा: गुलाबी रंग की टी शर्ट, काले रंग की पजामी, पैरो में चप्पल पहनी है। मुकदमा नम्बर 118 दिनांक 02.02.2023 धारा 346 अगर किसी को गुमशुदा व्यक्ति के बारे में पता चले तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें।

I/O - 9873852997
SHO - 958220013

थाना एस.जी.एम नगर फरीदाबाद

**गुमशुदा की तलाश**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुमशुदा श्री विजय कुमार पुत्र श्री भगवानदास निवासी FCA-1143 एस जी एम नगर फरीदाबाद दिनांक-25-01-2023 को घर बिना बताये कही चली गई है। जिसका हुलिया:- रगं सावला गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, कद 4-7 फूट उम्र-34 साल जिसने पीला सूट लाल रगं पाजामी, पैरो मे हवाई चप्पल पहने है मुकदमा नम्बर 38 धारा 346 दिनाँक 27.01.2023 अगर किसी को गुमशुदा व्यक्ति के बारे में पता चले तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें।

I/O - 9873852997
SHO - 9582200130

थाना एस.जी.एम नगर फरीदाबाद

**गुमशुदा की तलाश**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कि दिनांक 18.03.2023 को पुलिस चौकी सैक्टर 21डी, थाना एन.आई.टी. फरीदाबाद के ईलाके एफ ब्लाक एस जी एम नगर फरीदाबाद में एक औरत लावारिश हालात में घुमती हुई मिली पुछताछ करने पर अपना नामपता नवलदेई पत्नी मान सिंह निवासी नहर पार फरीदाबाद बताया जो मंद बुद्धि प्रतित होती है। जिसका हुलिया:- रंग सावला, गोल चेहरा, हृष्ट-पुष्ट शरीर, छोटे बाल कटे हुये दाहिने गाल पर हलका पुरानी चोट का निषान कद 5 फुट 3 इंच उम्र 40-42 साल के करीब है जिसने काले रंग का कुर्ता, गुलाबी रंग की सलवार पहनी हुई है क्रिम कलर की शॉल ओढ रखी है। जो काफी पता करने पर भी अपना ठीक पता नही बता पाई। जिसके बारे में उपरोक्त रपट के अनुसार नियमअनुसार कार्यवाही करके लावारिश मिली औरत नवलदेई को दिनांक 19.03.2023 को दि अर्थ सेवियर फाउण्डेशन, बंधवाडी गुरूग्राम में सुरक्षित रखा गया है। अगर उपरोक्त लावारिश औरत को कोई भी व्यक्ति जानता पहचानता है तो पुलिस चौकी सैक्टर 21डी थाना एन.आई.टी फरीदाबाद में निम्नलिखित नम्बरो पर सम्पर्क करें


प्रभारी पुलिस चौकी सैक्टर 21डी फरीदाबाद - 9582200151
पुलिस चौकी सैक्टर 21डी फरीदाबाद - 0129 2432746

# फसलों पर कहर बनकर बरसी बरसात, किसान परेशान

कविता। फरीदाबाद

**बरसात** किसानों के लिए आफत बनकर आई है। जिले के किसानों के चेहरे पर बरसात के कारण मायूसी छाई हुई है। गेहूं की फसल के लिए यह बरसात ठीक नहीं है। अन्य जिलों में तेज बरसात और ओलावृष्टि से फसले खराब हो चुकी है। अगर यहां ओलावृष्टि और तेज हवा चली तो फसल बर्बाद हो जाएगी। कृषि विभाग ने फिलहाल किसानों से सरसों की फसल कटाई और गेहूं की फसल में सिंचाई रोकने की अपील की है। शुक्रवार और शनिवार को हल्की बूंदाबांदी के बाद तापमान में गिरावट आई है।

रविवार को भी शहर के कुछ क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई थी। सोमवार को सुबह मौसम सुहाना बना रहा। लेकिन सुबह लगभग 11 बजे से शहर में हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई। उसके बाद दोपहर दो बजे तक रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही। लेकिन बरसात देर शाम तक होती रही। तेज हवा को देख किसान चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि उनकी मेहनत पर बरसात पानी न फेर दे।


बल्लभगढ़ के ग्रामीण इलाके में खड़ी फसल।

**मौसम का हाल:** मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार सोमवार को फरीदाबाद का न्यूनतम तापमान 18 डिग्री व अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को भी हल्की बारिश की संभावना है। उसके बाद दो दिन तक मौसम थोड़ा साफ रहेगा और वीकेंड पर फिर से आसमान में बादल दिखाई दे सकते हैं। इस पूरे सप्ताह अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे व न्यूनतम तापमान 17 से 18 डिग्री सेल्सियस के आस-पास बना रहने की संभावना है। सोमवार को फरीदाबाद का एक्यूआई 100 दर्ज किया गया।

**बीते वर्ष का हाल:** जिले में करीब 35 हजार हैक्टेयर क्षेत्र कृषि योग्य भूमि है। इसमें से 28 हजार हैक्टेयर में गेहूं की फसल है। डेढ़ हजार हैक्टेयर में अन्य फसल है। किसान जयचंद, धर्मवीर, जितेंद्र व बनारसी का कहना है कि बीते वर्ष भी फसल खराब हुई थी। बरसात और ओलावृष्टि से गेहूं की खड़ी फसल लेट गई थी। खेतों में रखी गई फसल भी खराब हुई थी।

**चिंता का विषय:** जिले किसानों ने कहा कि पिछले तीन दिनों से रूक-रूक कर हो रही बारिश बेल वाली सब्जियों के लिए ठीक है, लेकिन गेहूं के लिए यह हानिकारक है। पानी भरने से गेहूं की फसल खराब हो जाएगी। यदि ओलावृष्टि या फिर तेज हवा चली तो फसले लेट जाएगी। जिले के किसानों ने कहा कि पिछले वर्ष भी बरसात के कारण फसलें 10 से 50 प्रतिशत खराब हो गई है।

### हजारों एकड़ जमीन पर तैयार खड़ी गेहूं की फसल पर छाए खतरे के बादल

# जल्द पंजीकरण न करवाने वाले प्ले स्कूलों पर गिर सकती है गाज

### प्ले स्कूलों का तय मानदंडों के अनुसार करवाएं अतिशीघ्र पंजीकरण : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


प्ले स्कूल का सांकेतिक फोटो।

**शहर** के विभिन्न रिहायशी इलाकों की हर गली और मोहल्ले में कुकरमुत्तों की तरह प्ले स्कूल चलाए जा रहे हैं। कई प्ले स्कूल तो तंग गलियों में नियमों को ताक पर रखकर चलाए जा रहे हैं। ऐसे में यहां पढ़ने वाले बच्चों की जान जोखिम में रहती है। जिसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने नियम तय कर प्ले स्कूलों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। पंजीकरण न करवाने पर कार्रवाई की जाएगी।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा प्ले स्कूलों के सम्बन्ध में नई गाइडलाइन जारी की गई हैं। जिसके अनुसार सभी प्ले स्कूलों का पंजीकरण नियमानुसार अतिशीघ्र करवाना अनिवार्य किया गया है। वहीं इन मापदंडों को आयोग की वेबसाइट एनसीपीसीआरडॉटजीओवीडॉटइन/डब्लूसीडीएचआरवाई पर देख सकते हैं। प्ले स्कूलों के पंजीकरण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को अधिकृत किया है। प्ले स्कूलों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तर पर एक वर्ष के लिए पंजीकृत किया जाएगा।

डीसी विक्रम ने बताया कि हरियाणा सरकार प्ले स्कूलों के लिए गाइडलाइन जारी कर दी गई है। प्रत्येक प्ले स्कूल संचालकों द्वारा अपने प्ले स्कूल का निर्धारित नियमानुसार पंजीकरण करवाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वे अपने प्ले स्कूलों का पंजीकरण अतिशीघ्र करवाएं नहीं तो नियमानुसार उन पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पंजीकरण से पहले निरीक्षण कमेटी द्वारा सम्बंधित प्ले स्कूल का निरीक्षण किया जायेगा। जहां निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। उन्होंने आगे बताया कि संचालक को अपने प्ले स्कूल में सरकार द्वारा तय की गई गाइडलाइन के अनुसार सभी आवश्यक शर्तों को पूरा करना होगा। स्कूल में केवल तीन से छह वर्ष तक के बच्चे का दाखिला लिया जायेगा। शिक्षकों व बच्चों का अनुपात 1.20 का होगा।

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि स्कूल मनोरंजन संबंधित सुविधाएं सभी प्रकार के रिकार्ड रजिस्टर इत्यादि सही प्रकार से व्यवस्थित होने चाहिए। इसके अतिरिक्त प्ले स्कूल में जो भी स्टाफ भर्ती किया जाएगा उसके चरित्र की जांच कराना अनिवार्य होगा। स्टाफ सदस्य व संचालक के खिलाफ किसी भी अधिनियम के तहत मामला नहीं होना चाहिए।

महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ डॉक्टर मंजू श्योराण ने बताया कि प्ले स्कूलों के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज की सलग्न करते हुए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास कार्यालय में जमा करवाने होंगे। यह कार्यालय सेक्टर-15 ए पुराना एडीसी कार्यालय में स्थित है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित कार्यालय अथवा जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय से भी सम्पर्क किया जा सकता है।

# डीसीपी ने समस्याएं सुनकर समाधान के आदेश दिए


डीसीपी सेंट्रल पब्लिक की समस्याएं सुनते हुए।

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा द्वारा आज पुलिस पब्लिक कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीसीपी ने समाज के गणमान्य व्यक्तियों के साथ मीटिंग करके सामाजिक समस्याएं सुनीं। उनके हल के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को अहम दिशा निर्देश दिए।

इस बैठक में एसीपी सराय, एसीपी सेंट्रल, एसीपी ओल्ड, वरिष्ठ नागरिक सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सविता सहित सेंट्रल जॉन के थाना प्रभारी तथा शिवराम, एसएस ढिल्लो, तरुण गुप्ता, बिजेंद्र, प्रियंका गर्ग, सतीश कौशिक, डॉक्टर सोनू कश्यप, विजय गौड़ सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस से संबंधित सामाजिक मुद्दों की सुनवाई व उनके समाधान के लिए पुलिस पब्लिक कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीसीपी सेंट्रल ने सामाजिक मुद्दों के बारे में जानकारी प्राप्त करके उनके समाधान के लिए अहम दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मौजूद गणमान्य व्यक्ति ने सबसे पहले पुलिस उपायुक्त सहित पूरी फरीदाबाद पुलिस का धन्यवाद करते हुए कहा कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा आमजन को जागरूक करने के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं। वह बहुत ही सराहनीय है। समस्याओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि एरिया में शादी विवाह में देर रात तक डीजे बजता है जिससे आमजन को परेशानी होती है। कुछ लोगों ने बताया कि स्कूल व कॉलेज के बाहर कुछ लड़के इकट्ठे होकर लड़कियों पर कमेंटबाजी और छेड़छाड़ करते हैं। जिससे छात्राएं असुरक्षित महसूस करती हैं। इसके साथ ही लोगों ने बताया कि मार्केट में कुछ लोग सड़क पर गाड़ी खड़ी करके इधर-उधर चले जाते हैं।

# अवंती बाई लोधी का 165वां बलिदान दिवस मनाया


पौधा लगाते लोधी राजपूत जनकल्याण समिति के सदस्य।

**फरीदाबाद।** लोधी राजपूत जनकल्याण समिति द्वारा अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी चौक एनआईटी फरीदाबाद में शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी जी का 165वां बलिदान दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूदेव सिंह आर्य ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा नेता हिन्दूवादी नेता भुवनेश्वर हिन्दुस्तानी, युवा नेता सचिन तंवर, बिट्टू बजरंगी, सुनील यादव, स्वामी वीर भद्र, रवि वर्मा, सम्पत्त सिंह लोधी, अभय लोधी, उदयवीर सिंह लोधी, भाजपा नेता मनोज बलियान मौजूद थे। सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य रूप से समिति संस्थापक महासचिव लाखन सिंह लोधी, रूपसिंह लोधी अध्यक्ष, धर्मपाल सिंह लोधी, होतीलाल लोधी, दीपक यादव, विजयपाल सिंह, लोधी, राजेश लोधी, सुधीर लोधी, पूरन सिंह लोधी, नंद किशोर लोधी, ओमप्रकाश लोधी, अमरजीत रंधावा, माधवी सक्सेना, सुखदेवी लोधी, आशा लोधी, वीर सिंह, राजकुमार विशेष रूप से मौजूद थे।

# दुर्घटना में गंभीर घायल हुए युवक की बचाई जान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**फोर्टिस** नोएडा के डॉक्टरों ने 24 वर्षीय एक ऐसे युवक का सफल इलाज किया है। जो सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद पेट की गंभीर चोटों के कारण जिंदगी और मौत के बीच की लड़ाई लड़ रहा था। इस युवक को दुर्घटना का शिकार होने के बाद इलाज के लिए बेहद नाजुक हालत में अस्पताल लाया गया जहां डॉ अनुराग अग्रवाल, एचओडी ड्ड इमरजेंसी मेडिसिन तथा डॉ नितिन झा, सीनियर कंसल्टेंट, जनरल सर्जरी, फोर्टिस अस्पताल नोएडा के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक अनुभवी टीम ने करीब 4 घंटे चली सर्जरी (एक्सप्लोरेट्री लैपरोटॉमी) कर मरीज का सफल उपचार कर उसे नया जीवन दिया। सही समय पर डायग्नोसिस और तत्काल मेडिकल सहायता मिलने की वजह से ही यह मुमकिन हो पाया है।

मरीज अपना ट्रम्बीलर चलाकर दफ्तर जा रहा था। जब पीछे से एक ट्रैक्टर ने उनके स्कूटर को टक्कर मारी। उन्हें घटनास्थल पर मौजूद एक अन्य व्यक्ति ने अत्यंत नाजुक अवस्था में फोर्टिस अस्पताल, नोएडा में पहुंचाया। जब उन्हें अस्पताल लाया गया। तब उनके पेट में भयंकर दर्द था और वे सीधे लेटने में भी असमर्थ थे। साथ ही, उनकी पल्स रेट काफी बढ़ी हुई थी और ब्लड प्रेशर इतना कम था कि उसे मशीन से रिकॉर्ड नहीं किया जा सकता था। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद उनका अल्ट्रासाउंड किया गया जिससे पता चला कि उनकी पेरीटॉनियल कैविटी में तरल पदार्थ जमा हो गया था, डॉक्टरों को आशंका थी कि वह ब्लड हो सकता है। इस मामले का ब्योरा देते हुए, डॉ अनुराग अग्रवाल, एचओडी, इमरजेंसी मेडिसिन, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा ने कहा, मरीज को जब काफी नाजुक हालत में अस्पताल लाया गया था और उनके बचने की संभावना 5 प्रतिशत से भी कम थी। अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद, मेडिकल प्रोटोकॉल्स के मुताबिक उनका तत्काल उपचार शुरू किया गया। लेकिन उन्हें पुनर्जीवित करने के प्रयासों के बावजूद उनका ब्लड प्रेशर लगातार गिर रहा था और उनकी पल्स रेट अधिक बनी हुई थी जिसकी वजह से उनके पेट में आंतरिक रक्तस्राव की आशंका बढ़ गई थी। इस बीच, ब्लड प्रेशर इतना घट चुका था कि उसे रिकॉर्ड भी नहीं किया जा सका। तब हमने मरीज़ को तुरंत नली लगाकर खून चढ़ाना शुरू किया। उन्हें पेट की आंतरिक चोटों के लिए तत्काल सर्जरी की सलाह दी गई। डॉ नितिन झा, सीनियर कंसल्टेंट, जनरल सर्जरी, फोर्टिस अस्पताल नोएडा ने कहा, सर्जरी के दौरान पाया गया कि मरीज के पेट में काफी अधिक मात्रा में खून जमा हो चुका था, यह करीब 2 लीटर था और इसमें खून के थक्के भी थे।



### प्रशंसा पत्र व नकद इनाम देकर किया सम्मानित

**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान ने गौंछी के रहने वाले मेघश्याम को उनके द्वारा ईमानदारी का परिचय देते हुए सराहनीय कार्य करने के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

मेघश्याम ने कुछ दिन पहले सेक्टर 16 में गुम हुआ 44 हजार रुपए कीमत का एक वनप्लस का मोबाइल तथा बदरपुर बॉर्डर पर मिले एक बटुए को जिसमें 34 हजार रुपये थे। उनके मालिक के पास सकुशल वापस पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मेघ श्याम ने ईमानदारी का परिचय देते हुए खोया हुआ सामान उनके मालिकों के पास वापस पहुंचाकर समाज के एक अच्छे नागरिक होने का कर्तव्य निभाया है। आज के समय में बहुत कम व्यक्ति हैं, जो इस प्रकार का ईमानदारी भरा कार्य करते हैं। यदि मेघ श्याम चाहते तो वह खोया हुआ पर्स, जिसमें 34 हजार रुपये थे अपने पास रख सकते थे परंतु उन्होंने ईमानदारी का परिचय देते हुए बटुए में रखे आधार कार्ड के माध्यम से इसके मालिक का पता लगाया।

# मोटे अनाज उत्पादन के लिए किसानों को किया जागरूक

### मोटे अनाज में पौष्टिक फाइबर प्रचुर मात्रा में होते हैं : डीसी

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद



**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि सभी लोग स्वस्थ जीवन शैली के लिए खाने में मोटे अनाज का इस्तेमाल करें। वहीं फरीदाबाद जिला में दो मोबाइल वैन द्वारा मोटे अनाज उत्पादन के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। डीसी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में ये मोबाइल वैन गांव-गांव जाकर किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन के लिए जागरूक कर रही हैं।

अन्तरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2022-2023 के तत्वावधान में डीसी विक्रम ने जानकारी देते हुए बताया की जिस प्रकार हमारे परिवारों में बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। उसको रोकने का एकमात्र उपाय मोटा अनाज है। जिसमें पौष्टिक फाइबर प्रचुर मात्रा में शरीर को प्राप्त होते हैं और बीमारियों से लड़ने की शक्ति शरीर को प्राप्त होती है। हमें चाहिए की धीरे-धीरे गेहूं तथा धान की फसल से निकलकर बाजरा, जौ, रागी व कनकी जैसी फसलें पर आना चाहिए। उन्होंने बताया कि विभिन्न माध्यमों से मिलेट्स को बढ़ावा देने को लेकर समय-समय पर लोगों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाना बेहद आवश्यक है साथ ही साथ मिलेट्स जागरूकता कार्यक्रम को अधिकांश शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाना चाहिए। जिससे जहाँ किसान की आमदनी बढ़ेगी और शहरी क्षेत्रों में पनप रही बीमारियों से भी निजात मिलेगी। डीसी ने किसानों को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2022-2023 के अंतर्गत अधिक से अधिक मोटे अनाज के उत्पादन का आह्वान किया और कहा कि ज्वार, बाजरा, रागी जैसी फसलों के उत्पादन से फसल चक्र में भी विविधता आती है। इसका मुख्य लाभ यह होता है की मृदा के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही इस मुहिम से आमजन के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा जिससे किसानों को आर्थिक स्तर पर भी लाभ होगा। फरीदाबाद जिला में मोटे अनाज अनाज की आवश्यकता के विषय में ज्ञान प्राप्त करके वे स्वयं भी अपने-अपने क्षेत्र के गांव में जाकर व किसानों को जागरूक कर रहे हैं।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. पवन शर्मा ने किसानो को आह्वान किया है कि समाज में फैल रही बीमारियों का मुख्य कारण हमारी आहार श्रृंखला में गेहूं एवं धान के नियमित सेवन रहा है। उन्होंने कहा कि आज से चालीस-पचास साल पूर्व विशेष मेहमानों के आने पर ही परिवार में गेहूं से निर्मित आहार प्राप्त होता था अन्यथा जौ, चना,ज्वार, बाजरा, बैजर की रोटियां लोगों के भोजन की थाली की शोभा बढ़ाती थीं।

### इंतकाल के केसों में बर्दाश्त नहीं होगी कोताही

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में इंतकाल से संबंधित केसों का निपटारा निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। जिस भी राजस्व विभाग के अधिकारी या कर्मचारी को जो दायित्व मिला है। वह दायित्व सरकार द्वारा जारी हिदायतों अनुसार पूरा करना सुनिश्चित करें।

डीसी विक्रम सिंह सोमवार को दोपहर बाद लघु सचिवालय की बैठक कक्ष में जिला फरीदाबाद की तहसील व उप तहसील वार इनतकालों से संबंधित केसों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने समीक्षा कर एक-एक करके सभी तहसील व उप तहसील की समीक्षा करके संबंधित राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बैठक में राजस्व से से संबंधित कोर्ट केस, जमाबंदी ऑनलाइन और इंतकाल दर्ज करने आदि मामलों को लेकर समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी कोर्ट केस के फैसलों और कार्यवाही को भी ऑनलाइन अपलोड करना सुनिश्चित करें।

# आम आदमी पार्टी से जुड़ने के लिए लोगों की लगी भीड़



**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक की देखरेख में पूरे हरियाणा में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उन्हीं के दिशा निर्देशों के अनुसार सोमवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में एनआईटी 86 के ग्रामीण आंचल में सदस्यता अभियान चलाया गया।

एनआईटी 86 में चलाए जा रहे इस सदस्यता अभियान की शुरुआत गांव धीज से की गई, जहां पर काफी लोगों ने पार्टी से जुड़ने की उत्सुकता दिखाई और पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व एवं उनकी नीतियों से सभी लोग खुश हैं और पार्टी से जुड़ना चाहते हैं। इस अवसर पर आप नेता धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि लोगों का मोह तेजी से आम आदमी पार्टी की तरफ हो रहा है और वो जानते हैं कि लोगों का कोई पार्टी भला कर सकती है, तो वह केवल आप पार्टी है। सोमवार को भी दर्जनो साथियों ने आप आदमी पार्टी का दामन थामा। उन्होंने कहा कि दिल्ली एमसीडी चुनावों में जीतने के बाद लोगों का मोह तेजी से आम आदमी पार्टी की तरफ बढ़ रहा है। भड़ाना ने कहा कि भाजपा सरकार डरी हुई और इसी डर के कारण नगर निगम चुनावों से भाग रही है क्योंकि इस बार जनता ने नेक नियत वाली आप को चुनने का फैसला कर लिया हैं। फरीदाबाद नगर निगम चुनावों को लेकर भड़ाना ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि मजबूत प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### सिद्ध पीठ श्रीमहाकाली मंदिर में नवरात्र की तैयारियां शुरू


नवरात्रों को सजा सिद्धपीठ श्रीमहाकाली मंदिर।

**फरीदाबाद।** सिद्ध पीठ श्रीमहाकाली मंदिर संस्था प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 मार्च 2023 से नवरात्रें महा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के निर्वतमान प्रधान राकेश कुमार ने बताया कि 22 मार्च से 29 मार्च 2023 तक मंदिर प्रांगण में नवरात्र उत्सव मनाया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन माता की चौकी व तत्पश्चात भंडारे का आयोजन जाएगा। इसमें महामाई का गुणगान रोहित कपूर एंड पार्टी, पवन अरोड़ा, गौरव शर्मा, मार्च को सुशील चावला, 26 मार्च को मशहूर कलाकार जॉनी सूफी एंड पार्टी महामाई का गुणगान करेंगी। 27 मार्च को दिल्ली के मशहूर कलाकार हरबंस लाल बंसी जी एंड पार्टी महामाई का गुणगान करेंगी। रोजाना रात को चौकी समाप्त हो जाने के बाद भण्डारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### मिशन जागृति ने शुरू किया रद्दी से सेवा प्रोजेक्ट



**फरीदाबाद।** कहते है आपके पास कुछ भी है वो किसी न किसी रूप में किसी के काम आ सकता है फिर चाहे वो आपकी रद्दी हो या घर में रखा कबाड़ हो। फरीदाबाद शहर से शुरू हुई सामाजिक संस्था मिशन जागृति ने एक फिर से नई पहल शुरू की है रद्दी से सेवा। इस प्रोजेक्ट के डायरेक्टर गुरनाम सिंह ने बताया कि मिशन जागृति को अपने सामाजिक कामों को करने के लिए लगातार धन की आवश्यकता होती है हालांकि हमारे वालंटियर और दानदाता हर माह दान देते रहते हैं इसके बावजूद भी हमारे बहुत सारे काम होते हैं जिसमें हमें और अधिक धन की आवश्यकता होती है । इस प्रोजेक्ट के सह निदेशक महेश आर्य ने कहा कि बहुत सारे नागरिक किसी न किसी रूप में मिशन जागृति के साथ जुड़ना चाहते है इसी को ध्यान में रखते हुए हमने इस प्रोजेक्ट को शुरू किया है। हम लोगों से आह्वान करते हैं यदि आपके घर में पुरानी रद्दी, किताबें कॉपियां या किसी भी प्रकार का कबाड़ हो वह हमें दें ताकि उसको बेच कर हम उस पैसे से बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा या कोई और दूसरा काम कर सकते हैं।

### कॉलेज में कार्यशाला का किया शुभारंभ



**बल्लभगढ़।** सुषमा स्वराज राजकीय कन्या महाविद्यालय, बल्लभगढ़ में, रोड सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य राजपाल ने किया। राजपाल ने इस अवसर पर, पंडित जवाहर लाल नेहरु राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमके गुप्ता, नेशनल सर्व मास्टर ट्रैनिंग, रेडक्रॉस/रोड साफ्टी, दर्शन भाटिया, गीता उप्रिती, गुलशन भाटिया, का स्वागत किया एवं सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया तथा सड़क सुरक्षा नियमो को पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी नोडल ऑफिसर डॉ सौरभ त्रिपाठी, एवं डॉ भावना कौशिक, शिवानी यादव ने रोड सेफ्टी क्लब के तत्वाधान में किया। कार्यशाला के पहले और दुसरे सत्र गीता उप्रिती, ने छात्राओं को गुड समारितन और रक्त दान के सन्दर्भ में जागरूक किया। तीसरे और चौथे सत्र में दर्शन भाटिया ने सड़क सुरक्षा नियम, सड़क पर लगे प्रतिक/ चिन्ह के बारे में छात्राओं को जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. सपना नागपाल, डॉ. सपना सचदेवा, रमनप्रीत, डॉ. ऋचा, चन्द्रसेखर एवं प्रेमराज एवं अन्य नान टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

### रावल स्कूल में एप्रीशिएशन और ग्रेजुएशन दिवस मनाया



**फरीदाबाद।** रावल पब्लिक स्कूल ने एप्रीशिएशन और ग्रेजुएशन दिवस मनाया। इस आयोजन का विषय तम-तारा-रम था। कार्यक्रम की आभा अपने चरम पर थी और सभी रावलियन्स उत्साह से प्रफुल्लित थे। बच्चों की प्यारी मुस्कान और माता-पिता की भारी उपस्थिति ने इस शानदार आयोजन को गर्मजोशी से भर दिया। स्कूल में उत्सव जैसा नजारा था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना से हुई। इस कार्यक्रम में रावल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन सीबी रावल, प्रो-चेयरमैन अनिल रावल, रावल इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. सीवी सिंह, डॉ. मधु पारासर, प्रिंसिपल, राइजमैक्स कॉलेज, अनिल प्रताप, प्रशासक, रावल संस्थान उपस्थित थे। इस अवसर पर रावल समूह के प्रख्यात शिक्षाविद् और अग्रणी सीबी रावल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। द्वितीय चरण में द्वितीय व तृतीय और चतुर्थ कक्षा के विद्यार्थियों ने भी नृत्य प्रस्तुत किया। इस शानदार नृत्य को देख अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गए। अंत में सीबी रावल ने केजी कक्षा के सभी अचीवर्स को सम्मानित किया। बच्चों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा, ये प्रतिभाशाली बच्चे हमारे देश का भविष्य तय करेंगे, बच्चों द्वारा किए गए प्रयासों को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों के अथक प्रयास की सराहना की। प्रो चेयरमैन अनिल रावल ने भी इस मौके के साक्षी बने। बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम ग्रैंड फिनाले के बाद राष्ट्रगान के साथ इस भव्य कार्यक्रम का समापन हुआ।

### बिल को लेकर ग्रामीणों संग की बैठक



**फरीदाबाद।** ब्लॉक तिगांव के गांव ढकोला में सोमवार को गांव में पानी के बिलों के कलेक्शन को लेकर पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि योगेश कुमार के नेतृत्व में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में विभाग के जिला सलाहकार सत्यनारायण नेहरा ने ग्रामीणों को पानी के बिल को भरने के ऑनलाइन प्रोसेस के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं पानी के बिलों को भरने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने ग्रामीणों को अपने स्तर पर अपने नलों पर टैप लगाकर जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर ब्लॉक तिगांव की बीआरसी सुमनलता ने ग्रामीणों को रुड़्ह्य किट के बारे में बताकर ग्रामीणों को अपने स्तर पर पानी जांच के लिए जानकारी दी।

# जल का संरक्षण केवल जल का ही नहीं जीवन का भी संरक्षण है: बंडारू दत्तात्रेय

### जल संरक्षण पर गुरुग्राम विवि में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

### विद्यार्थियों को दिलाई जल बचाने की शपथ ली



गुरुग्राम विश्वविद्यालय में जल संरक्षण पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में जल संरक्षण की शपथ दिलाते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**देश** भर में स्थायी जल संरक्षण और इसके प्रबंधन में बारे में जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से गुरुग्राम विश्वविद्यालय में जल धन यात्रा अभियान के तहत जल संरक्षण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सुखराली गांव स्थित तालाब पर महा जल-संकल्प आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल डॉ. बंडारू दत्तात्रेय मुख्य अतिथि के रूप में शरीक हुए।

कार्यक्रम का आयोजन गुरुग्राम विवि के सहयोग से वसंत लक्ष्मी चैरिटेबल ट्रस्ट और हरियाणा तालाब प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा वाईस चेयरमैन हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल एवं प्रभाकर कुमार वर्मा एग्जीक्यूटिव वाइस-चेयरपर्सन हरियाणा तालाब और अपशिष्ट जल प्रबंधन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने जल संरक्षण पर जीयू के विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई पोस्टर और नारों की प्रदर्शनी की प्रशंसा की। साथ ही साथ उन्होंने गुरुग्राम विवि के मीडिया अध्ययन विभाग के छात्रों द्वारा जल संरक्षण पर बनाई गई वृत्तचित्र/लघु फिल्म की भी तारीफ की। इस अवसर पर सभी ने राज्यपाल के साथ मिलकर जल संरक्षण की शपथ ली। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जल संरक्षण का संदेश भी दिया।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि जल का संरक्षण केवल जल का ही नहीं, जीवन का भी संरक्षण है, इसलिए जल संरक्षण के साथ जल का प्रबंधन करना बहुत आवश्यक है। आज पानी की कमी चिंताजनक स्थिति में है और कई राज्यों में पानी को लेकर विवाद है। इसलिए सभी लोग जल संरक्षण का संकल्प लें। पानी बचाना केवल सरकार और किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, यह सभी की सामूहिक जवाबदेही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल के संरक्षण व संवर्धन को लेकर विशेष चिंतित रहते हैं। इसलिए उन्होंने जल शक्ति मंत्रालय का गठन किया है। जिसके तहत हर घर में नल से पानी उपलब्ध कराने के साथ-साथ पानी को सहेजने के उपाय भी किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने कुपति प्रो. दिनेश कुमार और उनकी पूरी टीम को जल संरक्षण जैसे गंभीर विषय पर विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

वीएलसी ट्रस्ट एंड रिसर्च सेंटर की अध्यक्ष डॉक्टर वंसत लक्ष्मी रवि कुमार ने बताया कि जल धन यात्रा 2023 का उद्घाटन 16 जनवरी 2023 को नई दिल्ली में गजेंद्र सिंह शेखावत जल शक्ति मंत्री द्वारा किया गया था। कश्मीर से कन्याकुमारी तक जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के सर्वोत्तम तरीकों के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए जल धन यात्रा शुरू की है। यह यात्रा 22 राज्यों के 75 जिलों और 5000 गावों के 1 करोड़ से अधिक लोगों के पास जाकर जल संरक्षण के प्रति लोगो को जागरूक करेगी।

# ग्राम सभा की बैठकों में गांव विकास पर जोर



सोहना में शनिवार को हुई ओलावृष्टि से गेहूं की फसल की खस्ता हालत।

**सोहना।** ग्राम सभा की बैठकों में गांव विकास पर जोर दिया जा रहा है। जिसमें स्वच्छता से लेकर कच्चे रास्ते, चौपाल व सामुदायिक भवन निर्माण, तालाबों में पट्टे छोड़कर मछली पालन आदि पर चर्चाए हो रही हैं।

प्रदेश सरकार के आदेशानुसार ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से सभी 35 ग्राम पंचायतों में विकास कार्य को चालू करने के लिए ग्राम सभाएं की जा रही है। ताकि पिछली योजना से बंद पड़े विकास कार्यों को फिर से चालू किया जा सके। नये विकास कार्यों को श्रेय चढ़ाया जा सके। इसके लिए पंचायत विभाग के आदेश पर ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की बैठकें 15 मार्च से शुरू कर दी है। यह ग्राम सभा की बैठकें 23 मार्च तक जारी रहेंगी। एक दिन में दो से तीन ग्राम पंचायतों में बैठके हो रही है। इस बैठकों में ग्राम सचिव, पंच, सरपंच, समेत अन्य अधिकारी भी भाग ले रहे है।

> **अभी** तक जिस भी ग्राम पंचायत में सभा की बैठक हुई है। वह सफल ही रही है। ग्राम सभा की बैठकों में तैयार विकास कार्यों को सरकार तक जल्द से जल्द भेजा जाएगा।
>
> **बलजीत सिंह**
> **( एसईपीओ सोहना )**

**दो लाख रुपये तक के कार्य :** जानकारी के अनुसार ग्राम सभा की बैठकों में वर्तमान समय में दो लाख या इससे अधिक ढाई लाख रुपये तक के विकास कार्यों पर चर्चाएं हो रही है। सूत्रों ने बताया कि अब तक 60 फीसदी ग्राम पंचायतों में सभा की बैठक हो चुकी है। इन बैठकों में दो लाख से 10-20 हजार रुपये अधिक या कम के इस्टीमेट बनाएं जा रहे हैं। तैयार इस्टीमेट को जल्द से जल्द राज्य सरकार को पंचायत विभाग के माध्यक से भेजे जाएंगे। ताकि नये वित्त वर्ष के पहले माह अप्रैल में मंजूरी मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क किनारे खड़ी गाड़ी हुई चोरी, वाहन चोरों का बढ़ता आतंक

**सोहना।** भोंडसी से सिलानी जाने वाले परमिट लाइन सड़क किनारे खड़ी प्रॉपर्टी डीलर की गाड़ी चोरी हो गई। भोंडसी थाना पुलिस ने गाड़ी मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करने के बाद तलाश में जुट गई है। सोहना का गांव अभयपुर निवासी मेमपाल ने भोंडसी पुलिस को बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है। उसके साथ उसका पार्टनर रिठौज निवासी संजीव भी काम करता है। शुक्रवार की रात करीब 9 बजे संजीव को उसके घर गांव रिठौज छोड़ने के बाद अपने घर के लिए चल दिया। बीच रास्ते में भोंडसी-सिलानी के बीच बना परमिट लाइन मार्ग पर बनी टाइल फैक्ट्री के पास अपनी गाड़ी को खड़ा कर दिया। वह सड़क से कुछ दूर शौच करने के लिए चला गया। उस समय रात के 9 बजे हुए थे। वह शौच करके वापस उस स्थान पर पहुंचा। जहा उसने गाड़ी खड़ी की थी। लेकिन गाड़ी मौके से गायब थी। जिससे अज्ञात चोर चोरी करके ले गया। भोंडसी थाना क्षेत्र में सड़क किनारे से गाड़ियां चोरियां होने की वारदातें बढ़ने लगी है। बुधवार-गुरुवार की रात करीब ढाई बजे एलिवेटेड मार्ग के गांव धुनेला में भी सड़क किनारे खड़ा ऑटो को दो युवक लेकर भाग गए। पुलिस चोरी हुआ ऑटो को अभी तलाश भी नही सकी। उसके अगले ही दिन परमिट लाइन मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी अभयपुर निवासी की गाड़ी चोरी हो गई। अजय कुमार-प्रभारी भोंडसी थाना ने बताया कि चोरी हुए वाहनों की तलाश में उनकी टीम जुट गई है। दोनों ही वाहनों की चोरी वारदात अलग-अलग स्थानों की है। इसलिए दो टीम को तलाश में लगाया है।

### हरियाणा महासंघ मुख्यमंत्री के नाम मांगों लेकर सौंपेगा ज्ञापन



सोमवार को सोहना में स्थित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के खंड कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।

**सोहना।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर 24 मार्च को गुरुग्राम कमिशनर को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपेगा। जिसको लेकर संघ के जिला प्रधान ने सोहना में सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है। सोमवार को नागरिक अस्पताल में स्थित हरियाणा कर्मचारी महासंघ का खंड कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इस बैठक का उद्देश्य 24 मार्च को प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम कमिशनर का मांग पत्र सौंपा जाने के दौरान सोहना से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता और यूनियन पदाधिकारी पहुंचे। सोहना में बैठक को संबोधित करते हुए संघ के जिला प्रधान रविन्द्र यादव ने बताया कि पूरे जिला से भारी संख्या में संघ का कार्यकर्ता और पदाधिकारी गुरुग्राम पहुंचेगा। सभी कर्मचारी कमला नेहरु पार्क में एकजुट होने के बाद पैदल मार्च करते हुए कमिशनर कार्यालय में पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा जाएगा। संघ के जिला प्रधान ने बताया कि पांच मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का किया जाए। एनपीएस नियम को समाप्त करते हुए पुरानी पेंशन प्रणाली को लागू किया जाए। एसग्रेसी प्रणाली को बिना शर्त समाप्त किया जाए। खाली पदो को तुरन्त प्रभाव से भरा जाए। सभी विभागों के कर्मचारियों को कैशलैश स्वास्थ्य सुविधा दी जाए।

### ताला बंद मकान में संदिग्ध हालत में हुए लाखों के जेवरात चोरी

**सोहना।** सोहना नगर परिषद के गांव धुनेला में ताला बंद मकान में से संदिग्ध हालत में करीब 15 लाख रुपये के जेवरात चोरी हो गए। मकान मालिक समेत अन्य परिजन मकान का ताला बंद करके पास ही खुशी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। बालूदा निवासी कुलदीप ने बताया कि 4 मार्च को उनके घर से कुछ दूरी पर चाचा के घर पर कार्यक्रम था। सभी परिजन इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दोपहर करीब एक या डेढ़ बजे घर का ताला लगाकर आ गए थे। वे लोग सभी एक साथ चाचा के घर से सायं 6-7 बजे वापस आए। उन्होने करीब 10 दिन बाद देखा तो घर में रखे जेवरात गायब मिले। काफी तलाशने पर कोई सुराग नहीं लग सका। सोहना शहर थाना पुलिस ने कुलदीप की शिकायत पर जेवरात चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

### फसल नुकसान को लेकर किसान जल्द सौंप सकते हैं ज्ञापन

**सोहना।** क्षेत्र के किसान ओलावृष्टि से हुए फसलों को नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार से मांग करेंगे। स्थानीय एसडीएम को किसान फसल का सर्वे और मुआवजे की मांग के लिए जल्द ज्ञापन सौंपने की योजना बना रहे है। शनिवार को तेज आंधी व बरसात के साथ हुई ओलावृष्टि से गेहूं और सरसो की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ओलावृष्टि से गेहूं की फसल पूरी तरह से तबाह हो गई है। इस बार अनाज ही नहीं पशुओं के लिए चारा भी नहीं बचा। किसान अपने स्तर पर फसल को निरीक्षण कर चुके है। किसानों को इस ओलावृष्टि से फसल पैदावार में लगाई गई लागत की वसूली भी होती हुई नजर नहीं आ रही है। किसानों ने अपने स्तर पर खराब हुई फसल की फोटो व वीडियोग्राफी करानी शुरु कर दी है। जिससे प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष मुआवजे की मांग को पूरे दावे के साथ रखी जा सके। हुक्का पर योजना की कवायद : ग्रामीण क्षेत्र में एक साथ चौपाल या निजी बैठक पर बैठने के साथ ही हुक्का की गुड़गुड़ाहट पर ओलावृष्टि से हुए फसल को नुकसान पर चर्चा करने लगते है। किसान कब और कैसे एकजुटता बनाई जाए। ताकि सभी किसानों की एक साथ फसल मुआवजे की मांग प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचाने की योजना बना रहे है। खंड की सभी 35 ग्राम पंचायतों के किसानों की एक साथ बैठक बुलाने या मांग को जोरशोर से उठाने के पर रणनीतियां बनाने में जुट गए हैं।

# सांस्कृतिक दलों ने सूचीबद्धता के लिए आयोजित ट्रायल में किया कला का प्रदर्शन



गुरुग्राम के स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल में सांस्कृतिक दल ट्रायल देते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### सीटीएम दर्शन कुमार यादव ने कहा, गठित कमेटी के समक्ष कलाकारों ने दी प्रस्तुति

**सूचना,** लोक संपर्क तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा द्वारा हरियाणवी लोक संस्कृति को प्रोत्साहन व सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रचार-प्रसार के लिए ड्रामा यूनिट, भजन पार्टी व एकल कलाकार सूचीबद्ध आधार पर रखने के लिए सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल में साक्षात्कार एवं ट्रायल का आयोजन हुआ। सीटीएम दर्शन कुमार यादव की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष कलाकारों ने ट्रायल के लिए अपनी प्रस्तुति दी।

साक्षात्कार एवं ट्रायल के लिए गठित कमेटी में सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग के संयुक्त निदेशक रणबीर सिंह सांगवान, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार, राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-14 गुरुग्राम में संगीत प्रवक्ता लोकेश कुमार तथा ओएसडी (पब्लिसिटी) गजेंद्र फौगाट शामिल रहे। सीटीएम दर्शन कुमार यादव ने बताया कि हरियाणवी कला एवं संस्कृति को संरक्षण व प्रोत्साहन देने के लिए सूचना, लोक संपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा सराहनीय कार्य कर रहा है। हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व सामाजिक सरोकारों को जनमानस तक रोचक ढंग से प्रस्तुत करने में सांस्कृतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि सभी कलाकार किसी भी कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति में विषय वस्तु तथा प्रदर्शन पर विशेष फोकस करें।

संयुक्त निदेशक (एनसीआर) रणबीर सिंह सांगवान ने सांस्कृतिक दलों के दायित्वों, प्रस्तुति व भाषा शैली को लेकर सभी टीमों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणवी शैली में सरकार की नीतियों पर आधारित भजन व विकास गीतों को आज भी ग्रामीण अंचलों में चाव से सुना जाता है। इसलिए आप सभी को साक्षात्कार एवं ट्रायल के लिए बुलाया गया है। इस दौरान एक एकल कलाकार, चार भजन पार्टी व दो ड्रामा यूनिटों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

# दृष्टिहीन दिव्यांगों में जीत का सामर्थ्य आमजन से अधिक होता है : बोधराज सीकरी

### 11वीं राष्ट्रीय ब्लाइंड एवं पैरा जूडो नेशनल चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ी डीसी से कराए सम्मानित



दृष्टिहीन दिव्यांगों को मेडल जीतने पर सम्मानित करते डीसी निशांत कुमार यादव व सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी।

**गुरुग्राम।** 11वीं राष्ट्रीय ब्लाइंड एवं पैरा जूडो नेशनल चैंपियनशिप में हरियाणा टीम का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। हरियाणा के कुल 22 सदस्यों की टीम में 11 दिव्यांग खिलाड़ी जनता दृष्टिहीन पुनर्वास प्रशिक्षण केन्द्र गुरुग्राम के रहे।

गुरुग्राम का प्रतिनिधित्व करते हुए जनता दृष्टिहीन पुनर्वास प्रशिक्षण केन्द्र गुरुग्राम के पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में जयदेव ने स्वर्ण पदक, साकिब ने स्वर्ण पदक, दीपक कुमार ने स्वर्ण पदक, मोहम्मद फैज ने रजत पदक पंकज यादव ने रजत पदक जीतकर गुरुग्राम का नाम रोशन किया है। दीपक कुमार 60 किग्रा भार वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए, जो कक्षा 12वीं के छात्र हैं। हरियाणा की सीनियर पुरुष वर्ग की टीम ने रनरअप ट्राफी भी जीती। सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोध राज सीकरी ने इन विजेता खिलाड़ियों की डीसी निशांत कुमार यादव से मुलाकात कराई और उन्हें सम्मानित करवाया। बोधराज सीकरी ने कहा कि गुरुग्राम खेलों की जननी है। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। भविष्य में ऐसे ही ऊर्जावान और योग्य युवा खिलाड़ी गुरुग्राम में तैयार हों, इसके लिए उन्हें समान अवसर देने की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि जनता दृष्टिहीन पुनर्वास प्रशिक्षण केन्द्र के 5 खिलाड़ियों ने बीते वर्ष विश्व चैंपियनशिप प्रतियोगिता (अजर बेजान) में भाग लेकर न केवल भारत का मान बढ़ाया, बल्कि जनता दृष्टिहीन पुनर्वास प्रशिक्षण केन्द्र को भी लोगों की नजरों में लाने का महत्वपूर्ण योगदान दिया। ये दिव्यांग खिलाड़ी पिछले 4 वर्ष से जूडो का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इन्होंने स्कूल स्तर से शुरू करके अंतरराष्ट्रीय स्तर तक जूडो खेल की प्रतियोगिताएं खेली।

# एनएच-48 पर पंचगाव के समीप अवैध कट बंद करने के निर्देश

### डीसी ने रोड सेफ्टी व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की जिला स्तरीय बैठक ली



लघु सचिवालय में रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**दिल्ली-जयपुर** राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर पंचगाव के समीप अवैध रूप से बने कट को तुरंत प्रभाव से बंद करने के डीसी ने निर्देश दिए है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने अवैध कट का इस्तेमाल वाहन चालक यू-टर्न के रूप में इस्तेमाल करते हैं, जिससे हादसों का अंदेशा बना रहता है।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी इस कट को शीघ्रता से बंद करें। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक में दिए। डीसी निशांत कुमार यादव ने सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जिला में हुए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी स्कूल बसों में नियुक्त चालकों व सहायकों की पुलिस वैरिफिकेशन, ड्राइविंग लाइसेंस की जांच, फर्स्ट एड किट, सीसीटीवी, जीपीएस आदि की भी नियमित जांच होनी चाहिए। इसके साथ ही स्कूलों के ट्रांसपोर्ट इंचार्ज व अन्य स्टाफ की सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर कार्यशाला भी आयोजित की जाए। जिला में सब डिविजनवार यह कार्यशाला आयोजित होनी चाहिए।

उन्होंने पिछली बैठक के एजेंडे में शामिल बिंदुओं की एक्शन टेकन रिपोर्ट की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान सोहना-तावडू मार्ग से गुजरने वाले भारी वाहनों को एनएच-248ए का विकल्प उपलब्ध कराने पर भी विचार किया गया। इसी तरह शंकर चौक पर पैदल यात्रियों के लिए पारपथ बनाने के लिए एडीसी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया। डीसी ने आरडी सिटी के रोड पर अवैध कटों को बंद करने व लेबर चौक को शिफ्ट करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में शामिल अधिकारियों व अन्य सदस्यों से गुरुग्राम में यातायात के सुचारू आवागमन को लेकर भी आवश्यक सुझाव लिए और उन्हें आगामी बैठक के एजेंडे में शामिल करने की बात कही।

# शिक्षा में अंत्योदय-प्रौद्योगिकी के माध्यम से पंक्ति के अंतिम छोर तक पहुंचना : राजेंद्र अग्रवाल सांसद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली /फरीदाबाद

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार एनईपी-2020 के माध्यम से केंद्रित करना चाहते हैं ध्यान

**महात्मा** गांधी का ये दृष्टिकोण समावेशी और न्यायसंगत शिक्षा के वास्तविक सार को दर्शाता है। यह करके सीखने की अवधारणा के बारे में भी बताता है। जो हाल के दिनों में बहुत लोकप्रियता हासिल कर रहा है। उपर्युक्त विशेषताएं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार नवीनतम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के माध्यम से ध्यान केंद्रित करना चाहती है। यह कहना है मेरठ से लोकसभा के सांसद राजेंद्र अग्रवाल का।

उन्होंने कहा कि नई नीति न केवल शिक्षा को राष्ट्रीय विकास के पथ पर भारत का नेतृत्व करने के लिए मौलिक मानती है, बल्कि समाज के कुछ वंचित वर्गों के संबंध में हमारी शिक्षा प्रणाली की विफलताओं को भी पहचानती है। एनईपी लोगों के इस कम प्रतिनिधित्व वाले वर्ग को सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूह (एसईडीजी) के रूप में वर्णित करता है, (एसईडीजी), लिंग पहचान (महिलाओं और ट्रांसजेंडरों), सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान (एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक), भौगोलिक पहचान (ग्रामीण क्षेत्रों, छोटे शहरों और आकांक्षी जिलों के छात्र), दिव्यांग (सीखने की अक्षमता सहित), और सामाजिक-आर्थिक स्थितियों (प्रवासी समुदायों, कम आय वाले परिवारों, मानव तस्करी के पीड़ितों, अनाथों, शहरी गरीबों आदि) से ऊपर उठकर शिक्षार्थियों का एक व्यापक समूह है।सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही अंतिम लक्ष्य है परन्तु प्रौद्योगिकी इन अंतिम स्थान पर खड़े व्यक्तियों को कल के नागरिकों में बदलने तथा सशक्त बनाने के लिए सहायक के रूप में कार्य कर सकती है।

एनईपी शैक्षिक प्रक्रियाओं और परिणामों में सुधार करने में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी भूमिका को पहचानती है। एनईपी यह भी पहचानती है कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वर्चुअल रियलिटी (वीआर) जैसी उभरती विघटनकारी प्रौद्योगिकियों का प्रभाव शिक्षकों के पढ़ाने और छात्रों के सीखने के तरीके में बदलाव लाएगा। कोविड महामारी के दौरान एडटेक उत्पाद रक्षक के रूप में उभरे, जिससे छात्रों को स्कूलों में भौतिक संपर्क की कमी से निपटने में मदद मिली। हमारे देश में, साक्षरता दर में क्षेत्रीय आधार पर बहुत असमानता है, जैसे केरल जैसे राज्य सार्वभौमिक साक्षरता (94 फीसद) के करीब पहुंच रहे हैं और बिहार जैसे अन्य राज्य बहुत पीछे (62 फीसद) हैं। सामाजिक समूहों में भी असमानता है-एससी और एसटी जैसे वंचित समुदायों में साक्षरता की दर कम है। इन समूहों के भीतर महिला साक्षरता की दर और भी कम है। एनएसएस के 75वें दौर की रिपोर्ट के अनुसार, विभिन्न सामाजिक समूहों में, गैर-एससी/एसटी/ओबीसी जनसंख्या समूहों से संबंधित लोगों में साक्षरता दर सबसे अधिक थी, पुरुषों के लिए 91 फीसद और महिलाओं के लिए 81 फीसद थी। ओबीसी पुरुषों के लिए यह अनुपात घटकर 84 फीसद और ओबीसी महिलाओं के लिए 69 फीसद हो गया। एससी के लिए, यह अनुपात पुरुषों के लिए 80 फीसद और महिलाओं के लिए 64 फीसद से भी कम था, और एसटी के लिए यह पुरुषों के लिए 78 फीसद और महिलाओं के लिए 61 फीसद पर सबसे कम था। 2011 की जनगणना के अनुसार दिव्यांगजनों की संख्या 26.8 मिलियन यानी देश की आबादी का 2.21 फीसद थी। दिलचस्प बात यह है कि दिव्यांगजनों की आबादी भी क्षेत्रीय रूप से विषम थी, ग्रामीण क्षेत्रों में 18 मिलियन से अधिक थे, जबकि शहरी क्षेत्रों में केवल 8 मिलियन की संख्या थी। वर्तमान में देश भर में संचालित न्यूरो डाइवर्स (Neuro-Diverse) बच्चों के लिए परियोजनाओं का उद्देश्य मुख्यधारा की शिक्षा, विशेष शिक्षा और प्रौद्योगिकी के बीच के अंतर को कम करके हमारे इन समुदायों का सहयोग करना है ताकि सबको सीखने के समान अवसर प्रदान किए जा सकें।

# पर्यावरण, पानी की बचत, स्वच्छता हो हमारे दैनिक कार्यों में शामिल : नवीन गोयल

### राजकीय कन्या महाविद्यालय में एनएसएस शिविर में कही यह बात

### छात्राओं को महाविद्यालय परिसर से बाहर सफाई का किया आह्वान



गुरुग्राम स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में एनएसएस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल नवीन गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पर्यावरण,** पानी और स्वच्छता को अपने दैनिक कार्यों में शामिल करने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि यह समय की जरूरत है।

पर्यावरण हमारा प्रदूषित होता जा रहा है, पानी की स्तर बहुत नीचे चला गया है। स्वच्छता भी हमारे लिए महत्वपूर्ण है। यह बात उन्होंने यहां राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में एनएसएस शिविर के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही।

नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से पौधारोपण को लेकर बड़ी मुहिम शुरू की गई थी। पौधे लगाकर उन्हें पालने के लिए खर्चा भी दिया गया। स्कूली बच्चों में इसके प्रति काफी अधिक रुचि रही और लाखों पौधे लगाकर उनका पालन किया गया। चेतावनी भरे शब्दों में नवीन गोयल ने कहा कि हमारा गुरुग्राम का पर्यावरण काफी खराब हो चुका है। इसका कारण किसी न किसी रूप में हम सब भी हैं। ऐसे में हमें सुधार करने की पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इसकी जगह कपड़े के थैले का इस्तेमाल करें।

पर्यावरण सीधे हमारी सेहत से जुड़ा है। अगर पर्यावरण खराब होगा तो हम स्वस्थ नहीं रह सकते। इसमें सुधार के लिए भी हमें चिंतित होने के साथ जमीनी स्तर पर काम भी करना होगा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की आबोहवा काफी दूषित हो गई है। वन, वायु, जल, भूमि इन सबके संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। सांझा प्रयासों से ही हम बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। उन्होंने छात्राओं से विशेष तौर पर अपील करते हुए कहा कि वे इन विषयों पर जागरुकता अभियान चलाएं।

प्राचार्य डा. रमेश गर्ग ने पर्यावरण के प्रति नवीन गोयल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे लंबे समय से इस विषय पर काम कर रहे हैं। उनके प्रयासों का असर नजर भी आता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कालेज के हर सदस्य को साथ लेकर वे भी इस काम को आगे बढ़ाएंगे। कालेज कैंपस व आसपास के क्षेत्रों में पेड़ लगाए जाएंगे। मंच संचालन प्रो. राजेश बेनीवाल ने किया। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे यहां पर बताई गई सभी बातों को अपनी जीवन में अपनाएं। अपना योगदान पर्यावरण बचाने में दें। इस अवसर पर एनएसएस इंचार्ज प्रो. सुमन, प्रो. राखी, प्रो. अंबिका सांगवान समेत काफी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# प्रतिबंधित दवाइयां बेचने का आरोपी मेडिकल स्टोर सीज

## सीएम फ्लाइंग टीम को 30 सीसी नशीली प्रतिबंधित दवाइयां छापे में मिलीं


मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई करती सीएम फ्लाइंग इत्यादि टीम।

रिजवान कासिम। मेवात

**नगीना-पुनहाना** मार्ग पर पिनगवां कस्बा स्थित भारत मेडिकल स्टोर पर सीएम फ्लाइंग, ड्रग कंट्रोल अधिकारी एवं सीआईडी नूंह की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सीएम फ्लाइंग टीम को 30 सीसी नशीली प्रतिबंधित दवाइयां मिलीं। इस मामले में सीएम फ्लाइंग टीम ने नोटिस जारी कर दिया है और मेडिकल स्टोर को सील कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक सीएम फ्लाइंग इत्यादि टीम को सूचना मिली थी कि पिनगवां कस्बे में नगीना-पुनहाना मार्ग पर मान सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी खेड़ीकलां के नाम से भारत मेडिकल स्टोर चलाया जा रहा है। जिसे जावेद पुत्र इस्माइल निवासी मुंडेता थाना पिनगवां 5000 प्रति महीना लाइसेंस की एवज में देकर तथा 1900 रुपये प्रतिमाह दुकान का किराया देकर पिछले काफी समय से चला रहा है।

अगर इस मेडिकल स्टोर पर छापा मारा जाए तो प्रतिबंधित दवाइयों सहित संचालक को काबू किया जा सकता है। ड्रग कंट्रोलर अधिकारी अमनदीप चौहान, सीएम फ्लाइंग सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र तथा सीआईडी में कार्यरत सब इंस्पेक्टर अजीम खान की टीम ने मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान उन्हें नशीली दवाइयां मिली हैं। सीएम फ्लाइंग टीम को इस कार्रवाई की खबर लगते ही मेडिकल संचालकों में हड़कंप मच गया।

आपको बता दें कि नूंह जिले में प्रतिबंधित नशीली दवाइयां धड़ल्ले से बेरोकटोक बेची जा रही है। इससे युवा नशे की दलदल में धंसता जा रहा है। समय - समय पर कार्यवाही की जाती रही है, लेकिन उसके बावजूद भी नशा तस्करों पर पूरी तरह से लगाम नहीं लग पा रही है। सीएम फ्लाइंग इत्यादि की टीम द्वारा पिनगवां कस्बे में की गई इस कार्रवाई से आमजन ने राहत की सांस ली है। साथ ही कहा है कि जो भी मेडिकल स्टोर संचालक लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहा है। उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि युवा बर्बाद होने से बच सके।

# फसली नुकसान की सूचना क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करें किसान

**मेवात।** डीसी अजय कुमार ने कहा कि जिले में कई स्थानों पर बेमौसमी बरसात से किसानों की फसलों में नुकसान होने की रिपोर्ट शासन.प्रशासन को मिली है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना या बागवानी बीमा योजना में पंजीकरण नहीं कराया है। ऐसे प्रभावित किसान प्राकृतिक आपदा जैसे ओलावृष्टि बेमौसमी बरसात व अन्य कारणों से हुए फसलों के नुकसान की सूचना क्षतिपूर्ति पोर्टल तुरंत रिपोर्ट दर्ज कर दें।

प्रभावित किसान क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी शिकायतएं नुकसान का अनुमान फोटो सहित तुरंत दर्ज कर दें। इसके उपरांत संबंधित पटवारी व कानूनगो खेत में जाकर उसका भौतिक निरीक्षण करेंगें। डीसी अजय कुमार ने बताया कि क्षतिपूर्ति पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने के लिए, किसान को मेरी फसल. मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण जरूरी हैं। नुकसान की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए किसान को मेरी फ सल. मेरा ब्यौरा पोर्टल पर किसान अनुभाग में जाकर क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करना अनिवार्य है। किसान द्वारा मेरी फसल. मेरा ब्यौरा पर भरे गए सभी कीलों/खेत का विवरण फसल सहित अपने आप खुल जाएगा। किसान को केवल नुकसान का कारण व नुकसान का प्रतिशत भरना है। उन्होंने बताया कि शिकायत दर्ज होने के 72 घंटे के दौरान पटवारी व कानूनगो द्वारा भौतिक निरीक्षण अनिवार्य है। भौतिक निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

**किसान ऐसे करें नुकसान की सूचना दर्ज** : कृषि एवं कल्याण विभाग के एसडीओ डा अजीत सिंह ने बताया कि फसलडॉटहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन पर जाकर किसान अनुभाग पर क्लिक करें।

# पंचायत का रिकॉर्ड नहीं मिलने से सरपंच दिख रहे परेशान

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**नूंह** खंड के बारोटा गांव के चुने गए सरपंच इन दिनों बेहद परेशान हैं। सरपंच की परेशानी की वजह पंचायत का रिकॉर्ड नहीं मिलना है। पूर्व सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत का रिकॉर्ड नहीं देने के कारण विकास कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं।

नवनियुक्त सरपंच ने रिकॉर्ड ना देने की शिकायत उपायुक्त अजय कुमार नूंह से लेकर पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली तक के सामने की है। लेकिन बावजूद उसके अभी तक ग्राम पंचायत का रिकॉर्ड नहीं मिल पाया है। इससे सिर्फ सरपंच ही नहीं बल्कि उसे वोट देकर चुनने वाले गांव के मौजिज लोग भी खासे हताश-निराश हैं। पुराने सरपंच द्वारा रिकॉर्ड जमा नहीं कराने की मांग को लेकर बारोटा गांव के गणमान्य लोग उपायुक्त अजय कुमार नूंह के दरबार में पहुंचे।

अधिकारियों ने मौजूदा सरपंच व ग्रामीणों को क्या भरोसा दिलाया है। इस बारे में तो कोई जानकारी नहीं मिल पाई, लेकिन सरपंच नियम व कानून को ठेंगा दिखाकर मनमानी कर रहा है। बारोटा गांव के लोगों का कहना है कि एक तो पहले ही करीब 2 साल देरी से ग्राम पंचायत के चुनाव हुए, जिसके चलते विकास कार्यों पर उसका असर देखने को मिला। रही सही कसर पूर्व सरपंच द्वारा मौजूदा सरपंच को रिकॉर्ड नहीं देने के चलते विकास गांव का पूरी तरह से ठप हो चुका है और अधिकारी व कर्मचारी पूर्व सरपंच से अभी तक रिकॉर्ड नहीं दिला पा रहे हैं। देखने वाली बात यह है की मौजूदा सरपंच को रिकॉर्ड लेने के लिए अधिकारियों व राजनेताओं के कितने चक्कर लगाने पड़ेंगे और सरपंच द्वारा रिकॉर्ड नहीं देने के पीछे ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में बड़ा गड़बड़झाला होने से इनकार नहीं किया जा सकता। नूंह जिले के सिर्फ एक गांव का यह मामला नहीं है।

# केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पूर्व से ही देशहित के लिए कर रही हैं कार्य

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**पूर्व** की सरकारों ने नूंह जिले में विकास को बाधित किया था। लेकिन अब केंद्र व प्रदेश की सरकार ने जिले में विकास का पहिया तेज कर दिया है। भाजपा नेता आमिर खान बीबीपुर ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पूर्व से ही देशहित के लिए कार्य कर रही है। इसलिए हर वर्ग के लोग भाजपा पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र के साथ प्रदेश में भाजपा की सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ता पार्टी की इन जनकल्याणकारी नीतियों को जन जन तक लेकर जाए। उन्होंने कहा कि नूंह जिले का रिकार्डतोड़ विकास भाजपा ही करा सकती है। इससे पूर्व अन्य पार्टियों ने जिले में लोगों की वोटों को लेने का कार्य किया लेकिन भाजपा ने अपने कम समय में लोगों के विकास के लिए काफी कार्य किए है। उन्होंने कहा कि पूर्व से ही भाजपा पार्टी में हर वर्ग के लोगों को सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने यहां पर विकास कार्यों को गति देने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। उनकी पार्टी का मकसद हर वर्ग के लोगों के हितों की रक्षा करना है। ऐसे में उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह भाजपा के साथ जुड़कर देश प्रदेश के विकास में अपनी भागीदारी निभाएं।

उन्होंने कहा कि नूंह जिले में आज भाजपा का एक भी विधायक नहीं है इसके बावजूद बिना किसी भेदभाव के जिले में विकास के रिर्काडतोड़ विकास कराए है। उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में युवाओं को खर्ची व पर्ची से नौकरी दी जाती थी, लेकिन वर्तमान भाजपा के राज में युवाओं को बिना पैसे खर्च किए नौकरी दी जा ही है जिससे आज युवा वर्ग पढ़ाई की आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को भाजपा के साथ जुडना चाहिए।

# पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक हुईआयोजित


पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक को संबोधित करते हुए डीसी अजय कुमार।

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**पशु** क्रूरता निवारण समिति की बैठक आज डीसी अजय कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थिति कार्यालय में आयोजित की गई।

जिले में पशुओं को सड़कों पर आवारा छोड़ने वाले लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी और कोई पालतु पशु सड़क पर पकड़ा गया तो पशु पालकों को उसे जुर्माना देकर छुड़ाना होगा। बैठक में डीसी ने समिति के सदस्यों तथा पशुपालन विभाग की डीडीए डा. नरेन्द्र सिंह को निर्देश दिए कि वे सभी गौशालाओं के लिए प्राथमिकताओं का निर्धारण करें और उसके बाद उन्हें पूरा करने की रूपरेखा बनाएं। उपायुक्त निर्देश दिए


## गोशालाओं को आत्म निर्भर बनाने पर किया गया विचार

जिला में एक ऐसे स्थान का भी चयन किया जाएं। जहां मृत पशुओं का दाहसंस्कार किया जा सके। नप नूंह इस कार्य में पशुपालन विभाग का सहयोग करेगी। राजकीय पशु हस्पताल में बनाए जा रहे पशु आश्रय बारे भी चर्चा की गई।

उन्होंने बताया जिला में क्रूरता के शिकार पशुओं को गोशाला तक ले जाना एक जटिल प्रक्रिया है। ऐसे में इस कार्य के लिए एक पशु एम्बुलेंस की आवश्यकता है। डीसी ने बैठक के दौरान आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे सभी पशु पक्षियों के प्रति मानवीय व्यवहार का आचरण करें। उन्होंने कहा कि जानवर अपनी भावनाओं को प्रकट करने में असमर्थ होते हैंए तो यह इंसान का कर्तव्य है कि अपने समकक्ष जीवन यापन करने वाले जानवरों का ध्यान रखें।

बैठक में एसडीएम फिरोजपुर.झिरका डा चिनार चहल एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्माए एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार, एसडीएम तावडू सिद्धार्थ दहिया सहित हरियाणा गो सेवा आयोग के सदस्य सुरेन्द्र प्रताप आर्यए नरेश गर्गए गोपाल पंडितए दिनेश नागपाल व जिले में कार्यरत विभिन्न गौशालाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# क्षेत्र में रिमझिम बरसात से किसानों के माथे पर आई चिंता की लकीरें


तेज हवा और रिमझिम बरसात के चलते गेहूं के खेतों में हुआ नुकसान।

**फिरोजपुर झिरका।** पिछले तीन-चार दिनों से क्षेत्र में रिमझिम आ रही बरसात और तेज हवाओं के चलते किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा रही है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि खेतों में गेहूं की फसल पूरी तरह पक कर तैयार है लेकिन अब कटान की बारी आ रही हैए तो कुदरत अपना कहर बरपा रही है। जिससे उनकी फ सल के चौपट होने के आसार हैं । सोमवार को प्रात: से ही बादलों के गिरने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें देखी गई।

क्षेत्र के किसान भीम पटेल, राम गुर्जर, सोहनलाल पटेल, मुकेश शर्मा, अर्जुन गुर्जर, उस्मान खान, भूरू यशपाल भटेजा, शमसुद्दीन, जुहूदीन सहित आदि किसानों का कहना है कि पूरे समय उन्होंने अपने खेतों में दिन रात एक कर गेहूं की फसल को पानी देने का काम किया और अब फ सल पककर तैयार हो गई है। जब कटान की बारी आ रही है, तो कुदरत अपना कहर तेज हवा और बरसात के रूप में बरसा रही है। उन्होंने कि गत दिनों से मेवात जिले के आसपास अन्य जिलों में आई ओलावृष्टि और बरसात से जिस तरह से किसानों की खड़ी गेहूं की फसल बर्बाद हुई है।

उससे क्षेत्र के किसानों को भी चिंतित कर दिया है। गत चार दिन से क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी, बादलों का आसमान में मंडराना के अलावा तेज हवा चलने से किसान अपनी फसल को लेकर चिंतित और व्याकुल है। किसानों ने बताया कि हल्की बरसात और तेज हवा के चलते क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ फसल पूरी तरह चौपट हो गई है।

# घर में घुसकर मारपीट के आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर

**फिरोजपुर झिरका।** एक सप्ताह पूर्व बीमा रोड पर घर में सो रहे एक व्यक्ति को जान से मारने के इरादे से मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपी ने एमएलआर कटवाने के बाद स्थानीय पुलिस में शिकायत दी लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

पुलिस को दी शिकायत में देवेन्द्र पुत्र बच्चू सिंह निवासी बीवा रोड ने कहा है कि उसके पिता घर पर रात को सो रहे थे। 14 मार्च अल सुबह 3.51 पर एक सफेद रंग की इको गाड़ी से चार अज्ञात बदमाश उतरे और उन्होंने जबरन उनके घर में सो रहे पिता के ऊपर जान से मारने के इरादे से हमला कर दिया। उनके पिता द्वारा जब शोर मचाया गया तो हमलावरों में उसके पिता को लाठी-डंडों से मारना शुरू कर दिया। जिससे उसके पिता को काफी चोटें आई हैं। आसपास के लोगों के जाग जाने पर दोषी आन गाड़ी को लेकर फरार हो गए। सफेद इको गाड़ी नजदीकी सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रही है लेकिन पुलिस द्वारा अभी इस मामले में कोई पहल नहीं की गई है। जिसे पीड़ित परिजनों का आरोप है कि पुलिस द्वारा कोई संतोषजनक जवाब उन्हें नहीं दिया जा रहा है।

# 5वां पोषण पखवाड़ा समारोह आज से मनेगा 3 अप्रैल तक



पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**देशभर** में 20 मार्च से 3 अप्रैल 2023 तक पांचवां पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से मनाए जा रहे इस पखवाड़ा का उद्देश्यए ष्जन आंदोलन और जन भागीदारी के माध्यम से पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और खान-पान की स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में आज नीति आयोग द्वारा चलाएं जा रहे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत नूंह जिले के पुन्हाना खंड की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ मिलकर कैवल्या एजुकेशन फाउंडेशन पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर चंदन वर्मा व गांधी फेलो दुर्गेश सिंह ने पोषण पखवाड़े की शुरुआत सभी को शपथ दिला कर किया ।

चंदन वर्मा ने उपस्थित सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पोषण पखवाड़ा 2023 की थीम के बारे में

## मोटे अनाज के जरिए पोषण को बढ़ावा देने का लक्ष्य

जानकारी दिया श्सभी के लिए पोषणरू एक साथए स्वस्थ भारत की ओर।श् 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष के रूप में घोषित होने के साथए इस वर्ष पोषण पखवाड़ा का केंद्र.बिंदुए कुपोषण को दूर करने के लिए एक मूल्यवान संपत्ति के रूप में श्रीअन्न-जिसे सभी अनाजों की जननी कहा जाता है, को लोकप्रिय बनाने पर होगा।

दुर्गेश सिंह ने आगामी दिनों में पोषण पखवाड़े के अंतर्गत किए जाने वाले क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराया, मोटे अनाज आधारित खाद्य पदार्थों को पूरक पोषण से जोड़ने, घर-घर तक पहुंचने, आहार परामर्श शिविर आदि के आयोजन के माध्यम से पोषण-कल्याण के लिए मोटे अनाज को बढ़ावा देना और इन्हें लोकप्रिय बनाना ही होगा लक्ष्य और इसके साथ ही स्वस्थ बालक प्रतिस्पर्धा समारोह के तहत अच्छे पोषणए अच्छे स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना पैदा करके परिभाषित मानकों के अनुरूप स्वस्थ बालक की पहचान करना और इसका उत्सव मनाना होगा। इसके साथ ही दुर्गेश सिंह द्वारा सभी मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सक्षम आंगनवाड़ियों को लोकप्रिय बनाने का उद्देश्य भी बताया जहां आंगनवाड़ियों को लोकप्रिय बनाने और जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाए जाएंगे, इसके लिए आंगनबाड़ियों को बेहतर पोषणए प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा के केंद्रों के रूप में उन्नत अवसंरचना और सुविधाओं के साथ सक्षम किया जाएगा।

**पोषण के संदेश के प्रचार** : प्रसार के लिए आंगनवाड़ी केंद्र एवं परियोजना स्तर पर अलग.अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण रैलीए प्रभात फेरीए माता समूह के साथ बैठक, गृह भ्रमण, हैंड वाशिंग, वृद्धि निगरानी, आपदा प्रबंधनए पोषण वाटिका की स्थापनाए संध्या बैठक का आयोजनए दिवाल लेखन, किशोरी समूह की बैठक, प्रश्नोतरी, चित्रकारीए निबंध ध्रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, योग एवं आयुष गतिविधि, जीविका समूह के साथ बैठक एनीमिया कैंप आदि गतिविधियां आयोजित की जानी हैं।

# नवसंवत 2080 के आरंभ में किया जाएगा बाबा खाटू श्याम का विशाल संकीर्तन

**फिरोजपुर झिरका।** श्रीश्याम सखा मंडल के तत्वावधान में नवसंवत् 2080 के आरंभ में बाबा खाटू श्याम का विशाल संकीर्तन बड़े धूमधाम के साथ किया जाएगा। यह सभी जानकारी इस धार्मिक कार्यक्रम के आयोजक श्रीश्याम परिवार महासंघ के उपाध्यक्ष मूलचंद चावला ने दी।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नवसंवत 2080 के आरंभ में हारे के सहारे बाबा खाटूश्याम का संकीर्तन गुरुग्राम अलवर हाईवे रोड सिविल कोर्ट के सामने श्रीश्याम परिवार महासंघ, बृज मेवात राठ, के संस्थापक ललित मोहनाचार्य के पावन सानिध्य में शाम 7. 00 बजे से लेकर मध्य रात्रि 12. 00 बजे तक बड़े धूमधाम के साथ किया जा रहा है। इस अवसर पर बाबा खाटू श्याम को रिझाने के लिए 56 प्रकार के भोग एवं बाबा का रंग-बिरंगे पुष्पों चंपाए चमेलीए मोगरे के फूलों का श्रंगार किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित धर्म प्रेमियों के ऊपर पुष्प वर्षा एवं इत्र वर्षा भी की जाएगी। इस भव्य कार्यक्रम में हाजिरी लगाने के लिए कोलकाताए दिल्ली एवं राजस्थान के सुर मधुर भजन गायक अपने कर्णप्रीय भजनों से भक्तों के मनमोहन लेंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम स्थल दूर होने के कारण शहर के धर्म प्रेमियों के लिए गढ़ अंदर देवी मंदिर, चोपड़ा बाजार एवं लाल कुआं चौक से वाहन व्यवस्था की गई है। ताकि शहर के समस्त धर्म प्रेमी ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर बाबा खाटू श्याम के संकीर्तन का आनंद ले सके और धर्म लाभ उठा सकें।


श्री श्याम परिवार महासंघ के उपाध्यक्ष मूलचंद चावला।

## संक्षिप्त समाचार

### फिर खुली प्रशासन के नकल रहित परीक्षा कराने की पोल


तावडू के एक परीक्षा केंद्र पर दीवार से लटक कर नकल फेंकते युवक।

**तावडू।** नगर के परीक्षा केंद्रों पर एक बार फिर प्रशासन के नकल रहित बोर्ड परीक्षा कराने के दावों की पोल खुल गई। सोमवार को हरियाणा शिक्षा बोर्ड की 10वीं साइंस की परीक्षा के दौरान नगर में बने परीक्षा केंद्रों पर जमकर नकल पर्चा फेंकी गई। नकल पर्ची फेंकने वाले अपनी जान जोखिम में डाल रस्सियों के सहारे परीक्षा केंद्रों की खिड़की तक पहुंच गए।जिन्होंने प्रशासन व शिक्षा विभाग द्वारा नकल रहित परीक्षा कराने के दावों पर पानी फेर दिया। नगर में एक परीक्षा केंद्र पर तो नकल फेकने वालों ने अपनी जान तक की भी परवाह नहीं की थी। युवक रस्सियों के सहारे परीक्षा केंद्र की दीवारों पर बनी खिड़कियों तक चढ़ते तथा बार.बार नीचे उतरते दिखाई दिए। उन्हें तो केवल नकल फेंकनी थीएजहां कुछ युवक नकल फेक रहे थे। वहीं कुछ युवक केंद्रों के पास पेड़ों के नीचे बैठकर पर्चियां तैयार कर रहे थे। इस परीक्षा केंद्र के बाहर सुरक्षा को लेकर तथा शांतिपूर्ण तरीके से पेपर कराने के लिए पुलिस बल तक मौजूद नहीं था। हालांकि प्रशासन के दावों के मुताबिक परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लगाई हुई है, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में नकल फेंकने वाले युवक पेपर समाप्त होने तक परीक्षा केंद्रों के आसपास ही डटे रहे।

### नाइट डोमिनेशन के दौरान पुलिस ने बदमाशों पर कसा शिकंजा


नाइट डोमिनेशन के दौरान मौजूद पुलिस जवान।

**तावडू।** सोमवार की रात पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले मे नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। इस दौरान 112 सार्वजनिक स्थानों पर गहनता से छानबीन की गई। अभियान के दौरान अलग.अलग मामलों में कुल 13 बदमाशों को दबोचा गया। जिनमें सट्टेबाज, अवैध शराब तस्कर सहित कई मामलों में संलिप्तता मिली। अवैध शराब, सट्टेबाजों से नगदी बरामद और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का चालान और उन्हें जब्त करने की कार्रवाई की गई। नूंह जिला पुलिस प्रवक्ता से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के दिशा निर्देश पर नाइट डोमिनेशन के दौरान पुलिस ने विभिन्न नाकोंएहोटलएरेस्टोरेंट व धर्मशाला बस स्टैंड सहित कुल 112 सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर गहनता से छानबीन की। इस दौरान अवैध शराब की कुल 226 बोतल व देशी पव्वा बरामद हुए।तीन तस्करों की गिरफ्तारी हुई।सार्वजनिक स्थानों पर सट्टेबाजी करने के आरोप में सात सट्टेबाजों को 29340 रुपए सहित दबोचा गया। वाहन तलाशी के दौरान कुल 1067 वाहनों की तलाशी ली गई। दस्तावेजों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 108 वाहनों के चालान हुए। वाहनों को जब्त किया गया। इसके अलावा अलग-अलग मामलों में तीन अन्य की भी गिरफ्तारी की गई।

### खेत में लगे ट्रांसफार्मर से उपकरण चोरी

**तावडू।** उपमंडल के गांव भढंगपुर-गुरनावट सीमा के एक खेत में लगे एक 25 केवी बिजली ट्रांसफार्मर से उपकरण चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ढिढारा निवासी रतन सिंह ने बताया कि भढंगपुर-गुरनावट रास्ते पर स्थित एक जमीन में वह खेती करता है। जिसमें 25 केवी का कृषि ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। दावा है कि 18 मार्च की सुबह खेतों पर गया तो बिजली ट्रांसफार्मर नीचे गिरा हुआ मिला। जिसमें से तेल सहित अन्य उपकरण गायब थे। उन्होंने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ट्रांसफार्मर से तेल और उपकरणों को चोरी कर ले गया है। अपने स्तर पर छानबीन की कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफकेस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डेंटल विभाग ने मनाया विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस

**फिरोजपुर झिरका।** जिला नूंह स्वास्थ्य विभाग के डेंटल विभाग द्वारा विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नूंह के सभी दंत सर्जन अपने अधीनस्थ आने वाले स्कूल.कॉलेजए वृद्ध आश्रम, अनाथालय में मौजूद विद्यार्थियों, वृद्ध एवं बच्चों को मुख स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्रदान की। जिला अस्पताल मांडीखेड़ा में कार्यरत दंत सर्जन प्रभारी डॉ सुनील कुमार डॉकवाल एवं अन्य दंत सर्जन डॉ वैभव गंभीर, डॉक्टर रजनीकांत द्वारा आईटीआई नगीना के विद्यार्थियों को उनके दांत और मुख को किस तरह स्वस्थ रखा जाए इस बात की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है। उन्हें अपने स्वास्थ्य का सबसे ज्यादा ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ युवा ही देश को सही प्रगति के पथ पर ला सकता है। डॉक्टर सुशील ने बताया कि सभी छात्रों को सुबह के वक्त और रात को सोने से पहले टूथपेस्ट के साथ ब्रश करनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि हमें फल तथा अधिक रेशे वाला भोजन करना चाहिए। जो हमारे दंत के स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। कोल्ड ड्रिंक, बैकरी उत्पाद मुख्यत: वे खाद्य पदार्थ जो दांतों को चिपकते हैं। ऐसे खाने पीने से दूर रहना चाहिए। खाना खाने के तुरंत बाद कुल्ला अवश्य करना चाहिए।

पायनियर क्लासीफाइड

नाम परिवर्तन

मैं अनंत कुमार पुत्र श्री. ऋषि कुमार निवासी- मकान नं. 219/4, जागृति विहार मेरठ, ब्यान करता हूँ की मेने अपना नाम प्रिंस से बदल कर अनंत कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे अनंत कुमार के नाम से जाना जाए । संबंधित नोट करें।

I, Deepak S/o Sh. Radha Balabh R/o H.No.1418, Gali No. 2, Nangla Road, Jawahar Colony, Faridabad, have changed my name to Deepak Mishra.

I, Nayeem Babu S/o Haji Mohammad Yameen R/o House No. H-152, AC Nagar, NIT, Faridabad, have changed my name to Haji Nayeem Babu

बेदखली सूचना

मैं, सुरेश पुत्र श्री पूरण (आधार नं0 6109 2685 4059) निवासी मकान नं0 653, राहुल कालोनी एन.आई.टी. फरीदाबाद, हरियाणा का हुँ ब्यान करता हूँ कि गोलू मेरा सगा पुत्र है जो कि अविवाहित है वह मेरे कहने सुनने से बाहर है और जुआ खेलता है गलत संगत में रहता है और उसका चाल चलन ठीक नहीं है। यह मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का कहना नही मानता है तथा हमारे साथ आए दिन शराब पीकर मारपीट, अभद्र व अपमानजनक व्यवहार करता है और आये दिन छोटी-छोटी बातों को लेकर झगडा फसाद करता रहता है। मैं व मेरा परिवार गोलू के इस नित्य अभद्र व अपमानजनक व्यवहार से बहुत परेशान रहते है इसलिए मैं अपने उपरोक्त पुत्र को अपनी तमाम चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद यदि कोई व्यक्ति मेरे उपरोक्त पुत्र से किसी प्रकार का कोई संबंध व्यवहार, विवाद लेन-देन आदि रखता है तो उसके लिए वह स्वंय जिम्मेवार होगा मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

सार्वजनिक सूचना

यह सार्वजनिक सूचना के लिए है कि सर्वोदय हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर, सेक्टर 8, फरीदाबाद, अस्पताल मानदंडों के अनुसार 1 जनवरी 2019 से 31 दिंसबर 2019 तक रोगी चिकित्सा रिकॉर्ड (एमएलसी और मृत्यु रोगी, चल रहे केस और KTU मरीजो को छोड़कर) को नष्ट कर रहा है। दस्तावेजो को नष्ट करने की प्रक्रिया 15 अप्रैल 2023 से शुरू की जाऐगी।

कोई भी रोगी/रोगी का रिश्तेदार या रोगी से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति यदि भविष्य के संदर्भ के लिए आंतरिक रोगी मेडिकल रिकॉर्ड को संरक्षित करवाना चाहता है तो इसके लिए अस्पताल के मेडिकल रिकॉर्ड विभाग से 23 मार्च 2023 से पहले 8586969716, 1800 313 1414 पर कॉल करें या मेल mrd@sarvodayahospital.com पर संपर्क कर सकते है।

आदेशानुसारः मेडिकल डायरेक्टर
सर्वोदय हॉस्पिटल
सेक्टर 8, फरीदाबाद,

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# संक्रमणों का खतरा

## सरकारें तैयार

**हालांकि,** केन्द्र व राज्य सरकारें नए संक्रमणों के खतरे से निपटने के लिए तैयार हो रही हैं, लेकिन इनसे घबराने की जरूरत नहीं है। केन्द्र सरकार ने बिल्कुल उचित समय पर तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात व महाराष्ट्र को कोविड-19, एच1एन1 व एच3एन2 के संभावित प्रसार के संबंध में निर्देश दिए हैं। कहा जाता है कि सावधानी ही सर्वोत्तम सुरक्षा है। सरकार ने 6 राज्यों से टेस्टिंग, अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के कोविड-19 नमूनों की जीन सीक्वेंसिंग तथा कोविड-उपयुक्त व्यवहार अपनाने को कहा है। सौभाग्य से इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि स्थितियां काबू से बाहर हो रही हैं। हालांकि, महाराष्ट्र से दो मौतों तथा एच3एन2 वायरस से दो संदिग्ध मौतों की खबर है। एक एमबीबीएस छात्र एच1एन1 व एच3एन2, दोनों से संक्रमित था और नागपुर के एक 74 वर्षीय वृद्ध को एच3एन2 से संक्रमित पाया गया। द पायनियर ने खबर दी थी, 8-14 मार्च के बीच कोविड मामलों के विश्लेषण से पता चला था कि देश के नौ जिलों में कोविड-पाजिटिविटी दर 10 प्रतिशत या इससे अधिक पाई गई थी। ये जिले पूरे देश में फैले हैं और इनमें उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश व गुजरात भी शामिल हैं। अच्छी बात है कि आवश्यकता पड़ने पर राज्य भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार हो रहे हैं। दिल्ली सरकार ने आइसोलेशन वार्ड बनाए हैं तथा पुडुचेरी ने 26 मार्च तक स्कूलों को बंद कर दिया है। यह फ्लू के दृष्टिकोण से बहुत खराब मौसम है और कहा जाता है कि एच3एन2 इसके लिए जिम्मेदार है। इससे लंबी व गंभीर बीमारी हो सकती है जिसके लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ सकता है। इससे लोगों की मौतों की खबरें भी आई हैं।




हालांकि, केन्द्र और राज्य सरकारें सतर्कता बरत रही हैं, पर उनको यह भी अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि सावधानी वाले कदमों से कोई घबराहट न फैले तथा किसी स्तर पर इसके कारण त्वरित प्रतिक्रिया जैसी स्थितियां न पैदा हों। जनता तथा अर्थव्यवस्था को अतीत में भय, लाकडाउन व उसके कारण पैदा बाधायें काफी मात्रा में झेलनी पड़ी हैं। उल्लेखनीय है कि तीन साल पहले वाली स्थिति के उलट किसी चिकित्सा विशेषज्ञ ने इस बार संभावित वैश्विक महामारी या महामारी का खतरा नहीं बताया है। निश्चित रूप से हमें सबसे बुरी स्थितियों के लिए अवश्य तैयार रहना चाहिए, पर इससे कोई घबराहट नहीं फैलनी चाहिए। अर्थव्यवस्था को पूर्व-कोविड स्तर तक पहुंचने में लंबा समय लगा है और आज भी हमारी प्रगति पूरी तेजी नहीं पकड़ सकी है। भले ही भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने अर्थव्यवस्था की वर्तमान सुस्ती को अतिरंजित तरीके से पेश किया हो, पर वर्तमान समय में हमारी वृद्धि दर समुचित स्तर से काफी कम है। इस पृष्ठभूमि में किसी महत्वपूर्ण सरकारी अधिकारी द्वारा लापरवाही से की गई कोई टिप्पणी या चिकित्सा आपातकाल का संकेत देने वाली कोई घोषणा अर्थव्यवस्था के लिए बहुत खराब होगी। इसके साथ ही नियंत्रणों, आवागमन में असुविधा तथा मानसिक आघात का एक और दौर झेलना लोगों के लिए बहुत कठिन होगा। कोविड वैश्विक महामारी ने सभी लोगों के धैर्य व दृढ़ता की कठिन परीक्षा ली है और कोई भी ऐसी त्रासदी से दोबारा गुजरना नहीं चाहता है। टेस्ट्र, ट्रैक, ट्रीट व वैक्सीनेट, यानी परीक्षण, संक्रमितों का पता लगाना, उनका इलाज करना तथा व्यापक स्तर पर टीकाकरण करने की चार आयामी रणनीति का पहले से ही पालन किया जा रहा है। इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

# जीएसटी में लाएं पेट्रोलियम उत्पाद

वित्त मंत्री को सक्रिय रूप से राज्यों से विचार-विमर्श कर पेट्रोलियम उत्पादों पर जीएसटी के अंतर्गत टैक्स लगाने की प्रक्रिया तेज करनी चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने राज्यों का आह्वान किया है कि वे पेट्रोलियम उत्पादों की टैक्स दरें वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी के अंतर्गत तय करने पर अपनी सहमति दें तथा जीएसटी परिषद इस पर अपनी मुहर लगाए। इनमें कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस-एनजी, पेट्रोल, डीजल व एवियेशन फ्यूल-एटीएफ शामिल हैं। जीएसटी एक राष्ट्रव्यापी टैक्स व्यवस्था है जिसमें निवेशों पर टैक्स की व्यवस्था है। इसने पूर्व-जीएसटी युग के एक दर्जन से अधिक टैक्सों को अपने भीतर समाहित किया है, जिनमें सेंट्रल एक्साइज़ ड्यूटी-सीईडी, सेवा कर तथा बिक्री कर व मूल्यवर्धित टैक्स-वैट शामिल हैं। इसके साथ ही अनेक प्रकार के स्थानीय करों, जैसे, चुंगी, खरीद कर, टर्नओवर टैक्स, आदि की उपस्थिति बनी हुई है।

जीएसटी के लिए लाए गए 2016 के संविधान संशोधन कानून में पेट्रोलियम उत्पादों को उसके दायरे में लाया गया है, पर उसे 'शून्य दर' में रखा गया है। इस कारण इन वस्तुओं पर सीईडी व राज्यस्तरीय वैट लगता है। पूर्व-जीएसटी व्यवस्था के अंतर्गत राज्यों में टैक्सों की व्यापक विविधता व बहुलता थी। इसके कारण वस्तुओं व सेवाओं के आदान-प्रदान, विकृत विकास, क्षेत्रीय असमानताओं, आदि को जन्म दिया था। इसके कारण 'टैक्स पर टैक्स' का 'बढ़ोत्तरी' वाला प्रभाव पड़ता था। इसके कारण बिजनेसों के बीच लेनदेन का खर्च बहुत अधिक था क्योंकि उनको अनेक प्रकार के टैक्सों के प्रशासन के लिए अनेक अधिकारियों से व्यवहार करना पड़ता था। कुल मिला कर इस व्यवस्था में बड़े पैमाने पर करापवंचन की संभावनायें बनती थीं। जीएसटी लागू करने के पीछे इरादा इन सारी कमियों को दूर करना था।

ऊर्जा का प्रमुख स्रोत होने के कारण पेट्रोलियम पदार्थों का प्रयोग अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों में होता है। इस तथ्य के साथ ही यह तथ्य भी है कि जीएसटी में मूल्यवृद्धि पर लगाम लगा कर उद्योग को ज्यादा प्रतियोगी बनाने की अभूतपूर्व संभावनायें हैं। अतः इस व्यवस्था के अंतर्गत कराधान अत्यधिक आवश्यक हो गया है। इसके बावजूद पेट्रोलियम पदार्थ आज भी पूर्व-जीएसटी युग में बने हुए हैं। 2016 के संविधान संशोधन कानून के अनुसार जीएसटी परिषद को जीएसटी के अंतर्गत दरें तय करने का अधिकार है। लेकिन वह अपने पैर पीछे खींच रही है। जहां उसने एनजी व एटीएफ की दरें तय करने का काम अपने एजेंडे पर लिया, पर अनेक बार इस पर कोई निर्णय नहीं हो पाया। जहां तक अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का सवाल है, इन पर विचार करना भी उचित नहीं समझा गया। केन्द्रीय वित्त मंत्री इस परिषद की अध्यक्ष होते हैं और इसमें सभी राज्यों के वित्त मंत्री शामिल होते हैं तथा इसके निर्णय आमतौर से सर्व-सम्मति से लिए जाते हैं। केन्द्र तथा राज्यों के लिए टैक्सों से प्राप्त राजस्व तथा खासकर गैसोलीन व डीजल से प्राप्त टैक्स 'दुधारू गाय' की तरह हैं। 2020-21 में केन्द्र ने इन पर टैक्स लगा कर 335,000 करोड़ तथा राज्यों ने 203,000 करोड़ रुपये प्राप्त किए थे। इन उत्पादों को जीएसटी के अंतर्गत लाने से कर संग्रह में काफी कमी आएगी। इसे समझने के लिए हमें कुछ आंकड़ों पर गौर करना होगा। दिल्ली में पंपों पर पेट्रोल का मूल्य 4 फरवरी, 2023 को 97 रुपये प्रति लीटर था जो 22 मई, 2022 के बाद से बदला नहीं है। इसमें एक्स-रिफाइनरी मूल्य तथा भाड़े के 47 रुपये, 10 रुपये अतिरिक्त तथाकथित 'भावी मुद्रास्फीति आयामों, आदि' के लिए, 4 रुपये डीलर कमीशन, 20 रुपये सीईडी व 19.4 प्रतिशत की दर से 16 रुपये वैट शामिल है। इस प्रकार पंप मूल्य में प्रति लीटर 36 रुपये या कुल मूल्य का 37 प्रतिशत टैक्स हैं। डीजल के मामले में यह 32 प्रतिशत है। इससे तेल मार्केटिंग वाले सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-पीएसयू जैसे भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन-बीपीसीएल, इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड-आईओसीएल व हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-एचपीसीएल को कुछ मुनाफा कमाने का अवसर मिलता है।

इसका प्रयोग इन उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ने पर किया जाता है क्योंकि मोटेतौर से चुनावों के कारण पेट्रोल पंप मूल्य बढ़ाया नहीं जा सकता है। इसे अलग करने तथा पंप मूल्य 87 रुपये प्रति लीटर रखने पर टैक्स 41 प्रतिशत होंगे। 20 रुपये प्रति लीटर की सीईडी में 8 रुपये सड़क एवं ढांचागत सेस के कारण है जिसे पूरी तरह केन्द्र सरकार अपने पास रखती है। बाकी 12 रुपये में यह 59 प्रतिशत या 7 रुपये अपने पास रखती है तथा 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुसार 41 प्रतिशत या 5 रुपये राज्यों को देती है। इस प्रकार केन्द्र को 15 रुपये तथा राज्यों को इससे काफी अधिक 21 रुपये मिलते हैं। ईआरपी या पेट्रोल पंप को भेजे जाने वाले 47 रुपये के मुल्य में टैक्स का हिस्सा 77 प्रतिशत है जिसमें से 32 प्रतिशत केन्द्र को तथा 45 प्रतिशत राज्यों को मिलता है।

यदि पेट्रोल व डीजल पर जीएसटी के अंतर्गत टैक्स लगाया जाए तथा इसे 28 प्रतिशत की सबसे अधिक दर में रखा जाए तो केन्द्र सरकार व राज्यों को इस पर केवल 14-14 प्रतिशत टैक्स लगाना होगा। पिछले साल नीति आयोग ने अर्थशास्त्रियों व उद्योग विशेषज्ञों के साथ 'ऊर्जा उत्पादों का जीएसटी में हस्तांतरण' पर एक चर्चा में इसका सुझाव दिया था। वित्त मंत्रालय के वितरण फार्मूले के अंतर्गत इस संग्रह में से केन्द्र केवल 59 प्रतिशत अपने पास रख सकेगा। इसका अर्थ है कि उसे 8.26 प्रतिशत से संतोष करना पड़ेगा, जबकि राज्यों को 19.74 प्रतिशत मिलेगा।

इस प्रकार जीएसटी में परिवर्तन से केन्द्र का टैक्स संग्रह 32 प्रतिशत से घट कर 8.26 प्रतिशत पहुंच जाएगा, जबकि राज्यों का संग्रह 45 प्रतिशत से घट कर 19.74 प्रतिशत हो जाएगा। राजस्व में कमी के इसी भय के कारण राज्यों और केन्द्र ने परिषद को इस विषय पर विचार ही नहीं करने दिया। लेकिन इस मुद्दे को अनंत काल तक टालने से इन उत्पादों को जीएसटी में शामिल करने का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। यदि इरादा 'हमेशा के लिए' शून्य-रेटेड बनाए रखना था तो विभिन्न हितग्राहकों को काल्पनिक दुनिया में क्यों रखा गया? इसे केवल राज्यों पर छोड़ने के बजाय वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण को सक्रिय रूप से उनसे विचार-विमर्श कर पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के अंतर्गत लाने की प्रक्रिया तेज करनी चाहिए। राजस्व नुकसान की मुख्य बाधा दूर करने में सहायता के लिए नीति आयोग ने सुझाव दिया है कि राज्यों को इस परिवर्तन से होने वाले राजस्व के नुकसान की 'आंशिक' भरपाई की जा सकती है। इसके साथ ही उसने इस पर 50 प्रतिशत सेस लगाने का भी सुझाव दिया है। लेकिन यह सुझाव कारगर नहीं है क्योंकि नई व्यवस्था के कारण राज्यों को होने वाले राजस्व के नुकसान के मुआवजे को जीएसटी कंपेनसेशन एक्ट, 2017 में लाना होगा जो केवल पांच साल के लिए, यानी 1 जुलाई, 2017 से 30 जून, 2022 तक प्रभावी था।

जहां तक सेस का सवाल है, इसे अलाभकर वस्तुओं, जैसे आटोमोबाइल, तंबाकू, पेय पदार्थों, आदि पर लागू किया जाता है जिससे प्राप्ति का प्रयोग राज्यों को मुआवजा देने में किया जाता है। यह प्राविधान जीएसटी कंपेनसेशन एक्ट, 2018 में संशोधन के अंतर्गत उपलब्ध नहीं है जिसे केवल पांच साल के लिए एकत्र किया जा सकता था। 30 जून, 2022 के बाद इस लेवी संग्रह का विस्तार केवल सीमित उद्देश्य के लिए है। यह 'केन्द्र द्वारा इन पांच वर्षों में आवश्यक मुआवजा देने में सेस की कमी के कारण लिए कर्ज की भरपाई के लिए है।' इसके साथ ही नीति आयोग के सुझाव में यह कमी भी है कि यह राज्यों को केवल 'आंशिक' मुआवजे की बात करता है। इसके साथ ही यह केन्द्र को होने वाले नुकसान के मुद्दे पर मौन है। केन्द्र व राज्यों को अपना दृष्टिकोण व्यापक बनाना होगा। इन उत्पादों को जीएसटी में लाने के दीर्घकालीन लाभों को देखते हुए उनको अल्पकालीन रूप से राजस्व नुकसान के बारे में साहसी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। तत्कालीन स्थितियों को देखें तो 2022-23 में जीएसटी संग्रह का औसत मासिक संग्रह 150,000 करोड़ से अधिक है। इससे उनमें आत्मविश्वास पैदा होना चाहिए। इसके साथ ही कर चोरी के अनेक रास्ते बंद करने से भी कर संग्रह बढ़ सकता है।

# लिंग आधारित हिंसा से निबटने के तरीके

"महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने में सहायक प्रणालियों को अधिक उत्तरदायी और सुलभ बनाना प्रभावी हो सकता है।"

**प्राची शुक्ला**
(लेखिका सार्वजनिक स्वास्थ विशेषज्ञ हैं)



लिंग आधारित हिंसा (जीबीवी) विश्व स्तर पर व्यापक रूप से व्यापक रूप से अदृश्य मानव अधिकारों का उल्लंघन है। इसमें समाज में लिंग आधारित शक्ति असंतुलन के कारण किसी व्यक्ति को होने वाली शारीरिक, यौन, मानसिक या आर्थिक क्षति शामिल है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, प्रत्येक तीन महिलाओं में लगभग एक, या लगभग 736 मिलियन महिलाएं, अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार अंतरंग साथी हिंसा, गैर-साथी यौन हिंसा, या दोनों का शिकार हुई हैं। महिलाओं के कब्जे वाले सभी स्थानों पर हिंसा प्रचलित है, जिसमें डिजिटल स्पेस भी शामिल है।

महामारी के दौरान, कई रिपोर्टों ने संकेत दिया, घरेलू हिंसा के मामलों में आय में कमी और सेवाओं तक पहुंच में कमी, सामाजिक और सुरक्षात्मक नेटवर्क में व्यवधान, घरेलू कार्यभार में वृद्धि, कड़ी मेहनत आदि के कारण उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। महत्वपूर्ण साक्ष्य और अंतर्दृष्टि, जो भारत हैं- विशिष्ट, महामारी के दौरान विभिन्न अध्ययनों और सामुदायिक हस्तक्षेपों से भी उत्पन्न हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य भागीदार , लिंग आधारित हिंसा को संबोधित करने पर केंद्रित अपने व्यापक हस्तक्षेप के माध्यम से, जून 2021-दिसंबर 2022 से दिल्ली, गुजरात और झारखंड राज्यों में काम करेंगे। परियोजना ने जीबीवी मुद्दों वाले व्यक्तियों का समर्थन किया परामर्श और रेफरल के माध्यम से, और सरकारी सामाजिक सुरक्षा और सुरक्षा योजनाओं के साथ जुड़ाव को सुगम बनाया। करीब 40,000 लोगों की जांच की गई और 2,500 से अधिक जीबीवी से प्रभावित पाए गए। दिलचस्प बात यह है कि शारीरिक हिंसा हमेशा ज़बरदस्ती का प्रमुख रूप नहीं होता है। हिंसा की प्रकृति के संदर्भ में, डब्लूएचपी डेटा ने दिखाया कि 72 प्रतिशत जीबीवी से बचे लोगों ने भावनात्मक हिंसा का सामना किया जैसे कि अपमान, अपमानजनक भाषा और परिवार से अलगाव; 15 प्रतिशत ने आर्थिक हिंसा का सामना किया क्योंकि उन्हें मोबाइल फोन या दैनिक खर्च के लिए पैसे जैसे आर्थिक संसाधनों तक पहुंच नहीं दी गई, 11 प्रतिशत ने शारीरिक हिंसा का सामना किया। लिंग आधारित हिंसा के छोटे और दीर्घकालिक परिणाम होते हैं, जो कभी-कभी काफी विनाशकारी होते हैं। चोटें, अनपेक्षित गर्भधारण, यौन संचारित संक्रमण, साथ ही साथ चिंता, अवसाद, अभिघातज के बाद का तनाव विकार, और यहां तक कि खुद को नुकसान पहुंचाना और आत्महत्या, हिंसा के कुछ ऐसे प्रभाव हैं जिनका उत्तरजीवियों को सामना करना पड़ सकता है।

डब्ल्यूएचपी के निष्कर्षों ने मानसिक स्वास्थ्य और लिंग आधारित हिंसा के बीच मजबूत संबंध प्रस्तुत किए, एक ऐसा क्षेत्र जिसे काफी हद तक नजरअंदाज कर दिया गया है। परियोजना हस्तक्षेप क्षेत्रों में 75 प्रतिशत से अधिक महिलाएं, जिन्होंने जीबीवी का सामना किया था, उनमें कुछ मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं थीं, 62 प्रतिशत हल्के थे, 27 प्रतिशत मध्यम थे, और 11 प्रतिशत में गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं थीं। नवीनतम राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, भारत में गृहिणियों के बीच आत्महत्या, पिछले तीन वर्षों में धीरे-धीरे बढ़ी है, 2019 में 21,359 से 2020 में 22,374 से 2021 में 23,179 हो गई है। साथ ही, महिला में गृहिणियों की हिस्सेदारी 2021 में आत्महत्याएं बढ़कर 51.5 प्रतिशत (23,179) हो गई, जो पिछले वर्ष 50.3 प्रतिशत (22,374) थीं।

यह पाया गया है कि वित्तीय संसाधनों और घर से दूरी की कमी के साथ-साथ कानूनी प्रकोष्ठों, पुलिस और अस्पतालों जैसी सहायक सेवाओं की प्रतिक्रिया की कमी, पीड़ित महिलाओं के लिए समय पर कार्रवाई करने में प्रमुख बाधा साबित हुई है। तत्काल और उचित राहत प्रदान की। समय पर, उत्तरदायी, साक्ष्य-आधारित और अक्सर कम लागत वाले हस्तक्षेप, जब एकीकृत तरीके से सक्रिय किए जाते हैं, तो जीवन बचाने में मदद मिल सकती है। डब्ल्यूएचपी के हस्तक्षेप से पता चलता है कि सामान्य टेली-परामर्श सेवाओं तक पहुंच से भी बहुत फर्क पड़ सकता है, क्योंकि जीबीवी के उत्तरजीवी अपने सामने आने वाली हिंसा को दूर करने के लिए समर्थित महसूस करते हैं। इसके अलावा, वन स्टॉप सेंटर जिसे सखी केंद्र भी कहा जाता है, जैसे ग्रहणशील, सहयोगी और सुलभ रेफरल मार्ग सुनिश्चित करना, लिंग आधारित हिंसा के मुद्दे को संबोधित करने और इसे बनने से रोकने के लिए एक प्रमुख आवश्यकता है।

विभिन्न सरकारी सहायता सेवाओं के बारे में बड़े पैमाने पर सामुदायिक जागरूकता पैदा करना समय की मांग है। वर्तमान में, भारत सरकार की मिशन शक्ति और इसकी दो उप-योजनाएं, संबल% और सामर्थ्य मिशन मोड में महिलाओं की सुरक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हस्तक्षेप को मजबूत करने के उद्देश्य से हैं। हालांकि, इसकी सफलता काफी हद तक निर्भर करेगी। अंतर-विभागीय समन्वय और सहयोग की लंबी चुनौती पर काबू पाने पर। उदाहरण के लिए, महिला हेल्पलाइन (181, और ओएससी को एकीकृत तरीके से संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, हालाँकि, ऐसा कोई एकीकरण कभी नहीं किया गया है। कई राज्यों ने 104 जैसी अपनी स्वयं की संकट हेल्पलाइन सेवाएं चला रहे हैं, लेकिन इन्हें भी जीबीवी के साथ एकीकृत नहीं किया गया है। इसी तरह, किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2000, और यौन से बच्चों की सुरक्षा जैसे विभिन्न कानूनी प्रावधानों के बीच आवश्यक संबंध अपराध अधिनियम, 2012 पर अभी काम किया जाना बाकी है। इसके कारण कानूनों का कमजोर प्रवर्तन हुआ और इसके परिणामस्वरूप पीड़ितों की उदासीनता, अविश्वास और व्यवस्था से बचाव हुआ।

जीबीवी को संबोधित करने के लिए सुरक्षा, गोपनीयता, गैर-भेदभाव और आत्म-पहचान के अधिकार के आधार पर एक व्यापक, उत्तरजीवी-केंद्रित प्रतिक्रिया प्रणाली की आवश्यकता होती है।

## आप की बात

### संसद में गतिरोध

**देश** की जनता इन दिनों हैरान है कि पक्ष-विपक्ष की खींचातानी से संसद लगभग पंगु हो गई है। गौतम अडानी प्रकरण और राहुल गांधी के विदेश में दिए भाषण के कारण गतिरोध लगातार जारी है। संसद के पटल पर अभी 35 बिल लंबित पड़े हैं जिन पर चर्चा होनी है लेकिन सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सांसदों के हंगामे एवं अपनी अपनी जिद के कारण स्थिति और हंगामेदार होने की संभावना है। इससे जनता के पैसे की भारी बरबादी हो रही है क्योंकि सदन चलाने में 1 दिन का खर्चा ही 10 करोड़ आता है। देश की अर्थव्यवस्था पर भी सांसदों को विचार करना चाहिए क्योंकि संसद की कार्यवाही के दौरान सांसदों के वेतन, सत्र के दौरान सांसदों को मिलने वाली सुविधाएं, भत्ते सचिवालय के कर्मचारियों की सैलरी संसद सचिवालय, आदि पर भारी खर्च होता है। दुनिया के सबसे बड़े व सबसे पुराने लोकतंत्र भारत के लिए यह स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं कही जा सकती है। विडंबना है कि संसद की कार्रवाई बाधित करने वाले पक्ष-विपक्ष के सदस्य अपने निर्वाचकों व आम जनता में स्वीकार्यता भी अर्जित कर लेते हैं। इसलिए संसद का कामकाज ठप होना आम जनता की चिन्ता का भी विषय होना चाहिए और ऐसे सांसदों को सबक सिखाना चाहिए।

**सतीश उपाध्याय,** मनेंद्रगढ़

### गौरैया संरक्षण

**प्रतिवर्ष** 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस बार 13 वां विश्व गौरैया दिवस है। एक समय घर-घर, आंगन-आंगन में गौरैया दिखती थीं, लेकिन समय के साथ पक्के मकानों और लगातार कम होते जंगलों के कारण गौरैया के कुनबे भी कम हो गए हैं। इसका व्यापक असर हमारे पर्यावरण व धरती की पारिस्थितिकी पर भी पड़ रहा है। गौरैया के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इसे बचाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष हम इस दिवस को मनाते हैं। नेचर फाराएवर सोसायटी केअध्यक्ष मोहम्मद दिलावर के प्रयासों से पहली बार 2010 में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया था। आज उद्यान शाकनाशियों और कीटनाशकों ने कीड़ों की आबादी को कम कर दिया है जिससे गौरैया को जीविका से वंचित होना पड़ा है। बड़े शहरों के शहरी क्षेत्रों में गौरैया के पारंपरिक प्रजनन स्थलों में गिरावट, प्रजनन के मौसम में बदलाव, उपयुक्त घोंसले के स्थानों के अभाव व उपयुक्त भोजन की कमी आदि के कारण इनकी संख्या में लगातार कमी आ रही है। भारत में इनकी संख्या में साठ प्रतिशत कमी आई है। गौरैया संरक्षण प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण का अभिन्न अंग है।

**सुनील कुमार महला,** पटियाला

### महाराष्ट्र प्रकरण

**महाराष्ट्र** में सत्ता परिवर्तन में राज्यपाल की भूमिका को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। मगर ऐसा वाकया कोई पहली बार नहीं हुआ है। राज्यपालों की भूमिका पर बहुत लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। हालांकि, वर्तमान समय में सिर्फ वहीं से राज्यपाल के खिलाफ आपत्ति आ रही है जहां गैर-भाजपा सरकारें हैं। जाहिर है यह राजनीतिक रस्साकशी का भी मामला है। सत्ता से दूर होने वाली पार्टियां वास्तविक स्थिति को नहीं पचा पाने के कारण सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाती है, जबकि संविधान में पहले से ही बहुमत परीक्षण के स्पष्ट प्राविधान हैं। याचिका पर विचार करने वाली पीठ के एक न्यायाधीश ने यह भी कहा है कि यदि वंशवाद के कारण किसी राजनीतिक पार्टी के विधायक असंतुष्ट होकर विद्रोह करते हैं तो राज्यपाल को बहुमत परीक्षण के लिए कहना ही होगा। राजनीतिक दलों को अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए कि उनमें कितना आंतरिक लोकतंत्र है और कहीं वे किसी वंश या नेता के गुलाम तो नहीं बनते जा रहे हैं।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
pioneerhry@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

## फरमाया




"**हमें** संसद में गतिरोध को समाप्त करने के लिए बीच का रास्ता नहीं दिखता क्योंकि अडानी मुद्दे की जेपीसी जांच की विपक्ष की मांग पर समझौता नहीं होगा।

- **जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता

**पूर्वी** लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। क्योंकि कुछ जगहों पर भारत और चीन दोनों की सेनाएं तैनात हैं।

- **एस जयशंकर**
विदेश मंत्री





**बाजरा** खाद्य सुरक्षा के साथ खाद्य आदतों की चुनौतियों से निपटने में मदद कर सकता है। वैज्ञानिकों से खाद्य टोकरी में पोषक अनाज की हिस्सेदारी बढ़ाने को कहा है।

- **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री"

# मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए लगाया किसान मेला

## किसान मेले में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और स्कूल के बच्चों ने लिया हिस्सा

### हरियाणा-केंद्र सरकार के आयोजित किसान मेला का उद्घाटन एडीसी ने किया

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**आजादी** का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिले के किसानों को मोटे अनाज, उपज और उन्हें सही उन्नत कृषि के प्रति किसानों को जागरुक करने के लिए नई अनाज मण्डी में जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि किया।

अतिरिक्त उपायुक्त ने मेले को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, जिसके तहत पूरे देश में किसान मेलों का आयोजन कर लोगों को मोटे अनाजों को आहार में शामिल करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने जिलावासियों से मोटे अनाज को प्रतिदिन के आहार में शामिल करने का आह्वान करते हुए कहा कि मोटा अनाज हमारी सेहत के लिए बेहद लाभकारी है, इसलिए हमें इसे अपने हर रोज के आहार में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा मोटे अनाज से बने व्यंजनों को खाना चाहिए।


किसान मेले का रिबन काटकर कर शुभारंभ करती एडीसी अंकिता चौधरी।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि मोटे अनाज को सुपर फूड भी कहा जाता है। इसमें भरपूर मात्रा में पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इस अनाज में ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, जौ आदि अनाज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष अर्थात मोटे अनाज का वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह हमारे लिए बड़ी बात है, क्योंकि विश्वभर में मोटा अनाज उगाने वाले देशों में भारत अग्रणी है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि मोटे अनाज की खेती करने से पानी की बचत होगी, क्योंकि बाजरा, ज्वार, मक्का आदि की खेती करने के लिए पानी की जरूरत बहुत कम पड़ती है। इसलिए मोटे अनाज की खेती करने से स्वास्थ्य, पर्यावरण के साथ-साथ पानी संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। किसान मेले में किसानों को कृषि के क्षेत्र में उन्नत तरीकों की जानकारी दी गई, जिससे किसान अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सकें। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सरकार की सभी योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए है।


जिला विकास पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सौंपते सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

## कर्मचारी संघ ने मांगों का ज्ञापन अधिकारी को सौंपा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**सर्व** कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए मांगों का एक ज्ञापन जिला विकास पंचायत अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा। प्रदर्शन में लगभग तमाम विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी गोहाना रोड जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग यूनियन कार्यालय के प्रांगण में इकट्ठे हुए। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान देशराज ने की। संचालन जिला सचिव सुनील दत्त ने किया।

इसमें राज्य कमेटी के नेता रानी गहलावत, विजेंद्र चहल, रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सचिव जय भगवान दहिया, मैकेनिकल वर्कर यूनियन के राज्य सचिव ओमप्रकाश मलिक, बिजली विभाग के सर्कल सेक्रेटरी देवेंद्र दहिया, विजेंद्र कादियान, हुड्डा वर्कर यूनियन के प्रधान महेश सपड़ा, एमपीएचडब्ल्यू यूनियन के जिला प्रधान सहदेव सांगवान, खरखौदा के रमेश मलिक, मैकेनिकल वर्कर यूनियन के जिला सचिव ओमप्रकाश मलिक, कच्चे कर्मचारियों के नेता जोगिंदर कथुरा, ब्लॉक के प्रधान दिलावर चहल, अर्जुन मलिक, धर्मपाल मलिक, आईटीआई के नेता भूपेंद्र, फायर के नेता व राई ब्लाक के प्रधान संदीप तूर, महेंद्र सैनी, मास्टर जोगिंदर, कुलदीप, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ, नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सोनीपत इकाई के प्रधान भारत कंडेरा, राजा भाई, मेकेनिकल के नरेश कुमार आदि कर्मचारी नेताओं ने मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### भजन संध्या में भक्तों ने भजनों पर नाच गाकर लिया खूब आनंद


भजन मंडली को स्मृति चिह्न देते स्वामी हरिओम दास परिव्राजक व अन्य।

**कुरुक्षेत्र।** वात्सल्य वाटिका में विशाल भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या श्रीकृष्ण कृपा समिति कुरुक्षेत्र के भजन कीर्तन टोली के प्रमुख सुनील वत्स द्वारा की गई। सबसे पहले वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र संस्थापक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक और प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने भजन मंडली का माला अर्पण कर स्वागत किया। सभी भक्तों ने भजनों का नाच नाच कर खूब आनंद लिया। भजन संध्या में वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र की बालिकाओं द्वारा अष्टादशी श्लोकों का बहुत सुंदर उच्चरण किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट प्रधान ओमप्रकाश मित्तल, ट्रस्ट उपप्रधान सुरेश कुमार, सचिव ओमप्रकाश गेरा, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष संत राजेंद्र सिंह, सुनील वत्स, दीपक सलूजा, विजय नरूला कंडीनी सदस्य, पवन गुप्ता, रमाकांत, पवन भारद्वाज, सुरेन्द्र शर्मा, तरूण कुमार, नवीन, विकास छाबड़ा, उमा गौड़, सुदेश नरूला, सुमन लता, मानवी सेतिया, सविता वत्स, किरण, विमला रानी, अवतार सिंह, विजयलक्ष्मी, पूनम सलूजा और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### आदेश के सर्जरी विभाग में तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू


आदेश में आयोजित कार्यशाला में अवलोकन करते मेडिकल छात्र व चिकित्सक अन्य

**कुरुक्षेत्र।** आदेश मेडिकल कॉलेज व अस्पताल मोहड़ी के सर्जरी विभाग में एंडोट्रेनर्स, टांका लगाने की तकनीक और स्टेपलिंग पर तीन दिवसीय कार्यशाला सोमवार को शुरू हो गई। यह कार्यशाला 20 से 22 मार्च तक रहेगी। इस कार्यशाला में एंडोट्रेनर्स, टांका लगाने की तकनीक और स्टेपलिंग के नये रूपों और नवीनीकरण को प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य फैकल्टी और रेजिडेंट सर्जनों के सर्जिकल कौशल को बढ़ाना है और स्टेपलिंग हाल के अपडेट पर चर्चा करना है। कार्यशाला की शुरूआत एमडी डा. गुणतास गिल ने की। उन्होंने कहा कि सर्जरी विभाग इस तरह की कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर सर्जिकल क्षेत्र में उन्नत शैक्षिक प्रशिक्षण प्रदान करने में सहयोग करता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यशालाएं नवोदित सर्जनों के लिए बहुत उपयोगी हैं, जो सर्जरी विभाग का हिस्सा हैं और सम्बंधित लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए।

### डीएएसी की मासिक बैठक का आयोजन 28 को

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र के प्रधानाचार्य एवं सहायक शिक्षुता सलाहकार जगमोहन ने कहा कि 28 मार्च को डिस्ट्रिक्ट अप्रेंटिसशिप एवं आत्मनिर्भर कमेटी की रिव्यू बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह बैठक 28 मार्च 2023 को लघु सचिवालय के सभागार में सायं 5 बजे आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त शांतनु शर्मा करेंगे। इस बैठक में सभी विभागों के नोडल अधिकारी रिकार्ड सहित उपस्थित रहेंगे।फोटो परिचय

### भगवान परशुराम कॉलेज में नेशनल सेमिनार का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज में एक दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय महिला सशक्तिकरण-कोविड के बाद की चुनौतियां और बाधाएं रहा। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि नप की निवर्तमान चेयरपर्सन उमा सुधा ने दीप प्रज्वलित करके की। उनके साथ कार्यक्रम के अतिथि डीन स्टूडेंट वेलफेयर, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की प्रो. शुचिस्मिता, मुख्यवक्ता महिला अध्ययन केंद्र, पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला की निदेशक प्रो. ऋतु लहल व सत्यवती कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी की विषय विशेषज्ञ प्रो. रचना विमल मौजूद रहे। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शीश पाल ने सेमिनार में आये सभी अतिथि एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उमा सुधा ने बेटी-बेटा को बराबर बताया। उन्होंने कहा कि पहले लड़कियां घर की जिम्मेदारियों तक सीमित थी

## गुरू ही हमें अच्छे-बुरे कामों के बारे करवाते हैं अवगत: माता देवाजी

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**श्री**मारकंडेश्वर गुमटी माता मंदिर की संचालिका माता देवाजी ने कहा कि हर व्यक्ति अपने जीवन काल में गुरू अवश्य धारण करना चाहिए। हालांकि माता-पिता हमारे सबसे पहले गुरु होते हैं, जो हमारा इस संसार में परिचय करवाते हैं। मगर दीक्षा गुरू हमें भगवान से मिलाने का काम करते हैं।


ओम भाई सुभाष भाई के परिवार को आशीर्वाद देते गुमटी वाली माताजी व जागो मैय्या।

गोशाला बाजार में प्रसिद्ध भजन गायक ओम भाई सुभाष भाई के निवास पर एवं श्रद्धालुओं को अपने वचनों से सराबोर करते हुए पूज्य माताजी ने बताया कि गुरु द्वारा दिए गए ज्ञान से ही हम भगवान को प्राप्त कर सकते हैं। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण ने भी अपने जीवन में गुरू धारण किया था। उन्होंने कहा कि गुरू ही हमें अच्छे-बुरे कामों के बारे से अवगत करवाते हैं और मनुष्य को सच्चाई के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान उनके साथ पधारी जागो मैय्या जी का भी सभी ने फूलमालाएं पहना कर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। प्रवचनो के बाद गायक ओम भाई सुभाष भाई ने मां के सुन्दर भजन प्रस्तुत कर समा बांध दिया।

## 11 देशों के फूलों से सजेगा मां भद्रकाली का दरबार

### चैत्र नवरात्र बुधवार से प्रारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**चैत्र नवरात्र** बुधवार से प्रारंभ हो रहे है। नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों में सजावट की तैयारियां चल रही हैं। हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर में नवरात्रि महोत्सव की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि इस बार नवरात्रि कार्यक्रम को शक्ति महोत्सव के नाम से 21 मार्च से 6 अप्रैल तक मनाया जाएगा, जिसमें विशेष तौर पर 21 मार्च को हरियाणा की सबसे बड़ी धार्मिक शोभायात्रा, 22 मार्च को हिन्दू नव वर्ष को बुर्ज खलीफा स्टाइल में भव्य आतिशबाजी, 25 मार्च शनिवार को सभी भक्तों के लिए मां का विशेष खजाना व नवनिर्मित मॉडर्न रेस्ट रूम का भव्य उद्घाटन, 28 मार्च को मनोकामना पूर्ण हवन यज्ञ और 29 मार्च को श्रीदुर्गाष्टमी जागरण होगा। प्रत्येक दिन नवरात्रि व्रत भंडारा व अन्नपूर्णा भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी मां भद्रकालीजी के दरबार को 11 देशों के फूलों से व फलों से विशेष रूप से सजाया जाएगा। इसके लिए एमिल पुष्प श्रृंगार की एक 20 सदस्यीय टीम मंदिर परिसर में पहुंच चुकी है। जिसमें मुम्बई से व बंगाल से आए कारीगर मंदिर को एक भव्य रूप देंगे। गुलाब, कमल, कलकत्ता गेंदा, रजनीगंधा, रात की रानी, चमेली इत्यादि के अलावा विदेशी पुष्प जरबेरा, एनथुरियम, आर्किड, लिली, बर्ड आफ पैराडाइस, ट्यूलिप, डेहलिया, सीलोसिया, हैडेरन्जिया, करनिशियन जैसे फूलों के इंद्रधनुषी रंग माँ के मंदिर में खूब रंगत बिखेरेंगे। मौके पर अध्यक्ष नरेंद्र वालिया, प्रो हेमराज शर्मा, शिमला देवी, शकुंतला रानी, मीना जोशी, देवेंद्र गर्ग, रामपाल लाठर, संजीव मित्तल, हाकम चौधरी, निकुंज शर्मा, सुरजीत कुमार, राहुल कुमार, आशीष दीक्षित, राजेन्द्र कुमार इत्यादि सेवक उपस्थित रहे।


मां भद्रकाली का दरबार सजाते कारीगर

## स्टोरीविवर ने गैट चिल्ड्रन रीडिंग अभियान की शुरुआत की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रथम बुक्स**, जोकि एक गैर सरकारी संगठन है, कि पहल स्टोरीविवर ने वर्ल्ड स्टोरीटेलिंग डे के अवसर पर बच्चों में पढ़ने की आदत को विकसित करने के लिए, गैट चिल्ड्रन रीडिंग अभियान की शुरुआत की है। इस वर्ष - वर्ल्ड स्टोरीटेलिंग डे की थीम टुगेदर वी कैन को ध्यान में रखते हुए, हम चाहते हैं कि हम सभी एक साथ आएं और अपने बच्चों में पढ़ने की आदत को विकसित करने का प्रयास करें।

गैट चिल्ड्रन रीडिंग, इस अभियान में कोई भी हिस्सा ले सकता है जिसके लिए केवल एक क्लिक या क्यूआर कोड को स्कैन कर आप कहानियों की दुनिया में प्रवेश कर सकते हैं! बच्चों में पढ़ने की आदत को विकसित करने के उद्देश्य से एक प्रतिज्ञा लेते हैं, इसे




अपने नेटवर्क में साझा कर सकते हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों में पढ़ने की आदत को विकसित करने के लिए प्रेरित किया जा सके। इस अभियान के द्वारा 50 से अधिक भाषाओं के साथ एक विशेष रूप से क्यूरेट की गई पुस्तक तक पहुंच पाएंगे। बच्चों में पढ़ने और सीखने की आदत को विकसित करने के लक्ष्य के साथ अभियान 8 सितंबर, अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर समाप्त होगा। पुर्वी शाह, सीनियर डायरेक्टर, प्रथम बुक्स स्टोरीविवर का कहना है बच्चों की विकास और ग्रोथ के लिए कहानियां बहुत महत्वपूर्ण है। यह नए शब्द और आईडिया लेकर आते हैं जिससे बच्चे अपनी सीमा से भी आगे सोच सकते हैं। गेट चिल्ड्रन रीडिंग एक रीडिंग अभियान है और हम काफी उत्सुक है सभी के साथ इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए। एक साथ आकर एक एक कहानी पढ़कर हम एक रीडिंग भारत बना सकते हैं।

### जल योद्धा सम्मान समारोह का आयोजन 22 को

**सोनीपत।** पानी बचाओ जन चेतना अभियान समिति एवं सारथी जन सेवा चैरिटेबल के संयुक्त तत्वावधान में 22 मार्च 2023 को विश्व जल दिवस के थीम विषय पर सेमिनार त्वरित परिवर्तन: जीवन में पानी के उपभोग, उपयोग और प्रबंधन के तरीकों में तेजी से परिवर्तन लाने की आवश्यकता है एवं जल योद्धा सम्मान समारोह का आयोजन प्रात: 11 बजे राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के मल्टीपर्पज हाल में किया जायेगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विचारक, शिक्षाविद धरातल टॉक्स की संस्थापक एवं फिल्म अभिनेता नानापाटेकर द्वारा संचालित नाम फाउंडेशन पुणे की ट्रस्टी डा. क्षिप्रा माथुर शिरकत करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट अनिल कुमार जैन करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ वाटर एजुकेशन एंड रिसर्च के डायरेक्टर सीए संजय गुप्ता, गुरु जल गुरुग्राम की प्रोग्राम मैनेजर बलप्रीत कौर, अधीक्षक अभियंता एसपी जोशी आदि मौजूद रहेंगे।


AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

# एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

## परिशिष्ट-IV-A नियम 8 ( 6 ) के लिए देखें अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व सपठित नियम 8( 6 ) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई- नीलामी विक्रय सूचना**

आमजन को साधारण तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बंधक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा **एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड ( ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक )** के नाम से ज्ञात जो कि आगे **AUSFB** सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को **''जैसे है जहां है'' एवं जो भी है जैसा भी है** के आधार पर ई-नीलामी द्वारा निम्न तालिका में दर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का ब्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह सूचित किया जाता है ई-नीलामी वेबसाईट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/ सह-ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्त्ता का नाम | 13(2) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनांक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | ई-नीलामी की तिथि व समय | ई-निविदा जमा कराने की तिथि व समय | ई-नीलामी निविदा खोलने व जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060717379075 **न्यू साहिल स्टील एंड फर्नीचर जरिए प्रोपराइटर सरबरी सितार ( ऋणी ),** अब्दुल सितार पुत्र राजबीर खान ( सह-ऋणी ), श्रीमति सरबरी सितार पत्नि अब्दुल देगुल ( सह-ऋणी एवं बंधककर्ता ) | 17 जनवरी 2020 ₹ 1965085/- उन्नीस लाख पैंसठ हजार पचहत्तर मात्र 16 जनवरी 2020 तक | 23 फरवरी 2023 | सरबरी का प्लॉट, खतौनी नंबर 191, खेवत नंबर 159 150 एचबी नंबर 289, खसरा नंबर 3380 8 6 4520 3377 2 2 1 1 2, 4522 3378 1 0 15 4524 3379 2 5 14 किट्टा 4, स्थित थोल, तह.-इस्माइलाबाद, जिला- कुरुक्षेत्र, 13636 हरियाणा **क्षेत्रफल 302. 50 वर्ग गज** | ₹ 1700000/- रुपये सत्रह लाख मात्र | ₹ 170000/- रुपये एक लाख सत्तर हजार मात्र | 26 अप्रैल 2023 समय अपरान्ह 2.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक 5 मिनट की एक्सटेंशन के साथ | 24 अप्रैल 2023 तक या इससे पहले समय प्रात:10.00 से सायं 5 बजे तक | एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड, शाखा पता: ग्राउण्ड फ्लोर रेलवे रोड, विश्वकर्मा मंदिर के सामने, कुरुक्षेत्र, हरियाणा -136118 | भानू प्रताप सिंह 9358002663 ई-मेल आई.डी. auctions@aubank.in संपत्ति विजिट दिनांक : 21 अप्रैल 2023 |
| ऋण खाता सं.: L9001060718516525 **मैसर्स शर्मा कन्फेक्शनरी एंड किराना स्टोर जरिए प्रोपराइटर मोहित ( ऋणी ),** मोहित पुत्र जयदेव ( सह-ऋणी एवं बंधककर्ता ) | 24 फरवरी 2022 ₹ 980944/- नौ लाख अस्सी हजार नौ सौ चौवालीस मात्र 24 फरवरी 2022 तक | 25 नवम्बर 2022 | सम्पत्ति स्थित हाउस नंबर 86, वार्ड नंबर 16, शिव कॉलोनी, क्षत्रफल 40 वर्ग गज, 0 कनाल 1 मरला 3 सरसई जो भूमि का 4/303 हिस्सा है माप 5 कनाल 1 मरला शामिल है जिसमें खेवट 767 नया खेवात नं.1035 नया खतौनी नं. 1042 खसरा नं. 43//3/1 मिन ( 4-16 ) व नया खतौनी नं. 1042/1 खसरा नं. 43//3/1 मिन ( 0-5 ) किट्टा 2, तहसील-समलखा, जिला-पानीपत, हरियाणा, **क्षेत्रफल 40 वर्ग गज** | ₹ 450000/- रुपये चार लाख पचास हजार मात्र | ₹ 45000/- रुपये पैंतालीस हजार मात्र | 12 अप्रैल 2023 समय अपरान्ह 2.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक 5 मिनट की एक्सटेंशन के साथ | 10 अप्रैल 2023 तक या इससे पहले समय प्रात:10.00 से सायं 5 बजे तक | एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड, शाखा पता: अर्बन एस्टेट, पार्ट 1 सेक्टर 12, करनाल, हरियाणा - 132001 | भानू प्रताप सिंह 9358002663 ई-मेल आई.डी. auctions@aubank.in संपत्ति विजिट दिनांक : 7 अप्रैल 2023 |
| ऋण खाता सं.: L9001060717801828 **मुकेश किराना स्टोर एण्ड आटा चक्की ( ऋणी ),** मुकेश कुमार पुत्र सोमनाथ ( सह-ऋणी ), सोनिया रानी पुत्र मुकेश कुमार ( सह-ऋणी ) | 7 मार्च 2022 ₹ 1708187/- सत्रह लाख आठ हजार एक सौ सत्यासी मात्र 5 मार्च 2022 तक | 29 नवम्बर 2022 | **सम्पत्ति ( 1 )** सम्पत्ति स्थित नगर निगम वाका गढ़ौली, तहसील जगाधरी जिला यमुनानगर 17//4 मिन और 17//4 मिन वाका गढ़ोली यमुना नगर हरियाणा **क्षेत्रफल 105 वर्ग गज व सम्पत्ति ( 2 )** सम्पत्ति स्थित 5//22 आवासीय, वाका गधौली, तहसील जगाधरी जिला यमुनानगर हरियाणा **क्षेत्रफल 100 वर्ग गज** | **सम्पत्ति ( 1 )** ₹ 920000/- रुपये नो लाख बीस हजार मात्र व **सम्पत्ति ( 2 )** ₹ 552000/- रुपये पांच लाख बावन हजार मात्र | **सम्पत्ति ( 1 )** ₹ 92000/- रुपये बानबे हजार मात्र व **सम्पत्ति ( 2 )** ₹ 56000/- रुपये छप्पन हजार मात्र | 26 अप्रैल 2023 समय अपरान्ह 2.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक 5 मिनट की एक्सटेंशन के साथ | 24 अप्रैल 2023 तक या इससे पहले समय प्रात:10.00 से सायं 5 बजे तक | एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड, शाखा पता : हुडा, कोर्ट रोड, सेक्टर 17, अनाज मंडी के सामने, यमुना नगर, हरियाणा - 135003 | भानू प्रताप सिंह 9358002663 ई-मेल आई.डी. auctions@aubank.in संपत्ति विजिट दिनांक : 21 अप्रैल 2023 |

**ई-निलामी बिक्री के नियम और शर्तें:-**

(1.) बंधक परिसंपत्ति की ई-नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा ''जैसा है, जहां है, ''जैसा है वैसा, ''जो कुछ भी है और'' नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्त सम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है। (2.) ऑनलाइन ई-निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, **जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599** AU SMALL FINANCE BANK LIMITED पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020, **IFSC कोड : AUBL0002011** में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लिया जा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी **auctions@aubank.in** पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ **आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नं.** भेजने की आवश्यकता होगी। (3.) सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई-निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तो के लिए **वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction** अवश्य देखें। और अधिक जानकारी के लिए **श्री भानू प्रताप सिंह से संपर्क करें: 9358002663** और **ई-मेल auctions@aubank.in**

**नोट:-** यह सूचना पत्र ऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 15/30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

**स्थान: हरियाणा दिनांक: 20 मार्च 2023**

**प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**


### स्कूल परिसर में लगाया डेंटल चेकअप कैंप

**कुरुक्षेत्र।** वर्ल्ड ओरल हेल्थ के उपलक्ष्य में उप सिविल सर्जन स्कूल हेल्थ डॉ करुणा ढींगरा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबैन की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम के द्वारा गांव गजलाना की आंगनवाड़ी तथा प्राइमरी स्कूल के परिसर में डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। इसमें डॉ परवीन गिल, डॉ सोनिया दंत चिकित्सक गुढ़ा के द्वारा बच्चों के दांतों का चेकअप किया गया तथा बच्चों को दांतो की सफाई रखने की शपथ भी दिलवाई गई। इस अवसर पर मिनाक्षी, गीता, रजनी, निर्मल कौर, नवीन शर्मा, कमल, मनत, हार्दिक, सपना, कोमल, चन्द्रशेखर, रजनी इत्यादि उपस्थित रहे। वर्ल्ड ओरल हेल्थ 20 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन का मकसद होता है कि लोगों को ओरली हेल्थ की समस्या के प्रति अवेयर किया जाए। लोगों को दांत, जीभ या मुंह के अन्य हिस्से में होने वाली परेशानी को लेकर गंभीर होना चाहिए।

## स्पिरिट ऑफ फायर फिल्म फेस्टिवल में उत्तरी फिल्म उद्योग के विकास की हुई चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**खंटी-मानसिस्क** में 3-6 मार्च के दौरान आयोजित हुए स्पिरिट ऑफ फायर फिल्म फेस्टिवल में प्रतिभागियों ने उत्तरी रूस में संजातीय सिनेमा और फिल्म उद्योग के विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। व्यापार कार्यक्रम कार्यक्रम 2021-2023 में आर्कटिक परिषद की रूस की अध्यक्षता का हिस्सा थे, जिनका प्रबंधन रोसकांग्रेस फाउंडेशन द्वारा किया जाता है।




रूसी राष्ट्रपति के सलाहकार एवं आर्कटिक परिषद की रूस की अध्यक्षता के लिए आयोजन समिति के कार्यकारी सचिव एंटोन कोबायाकोव ने कहा, द स्पिरिट ऑफ फायर फेस्टिवल सबसे बड़ी रूसी फिल्म स्क्रीनिंग में से एक है। इस प्रतियोगिता कार्यक्रम में पूरे रूस और अन्य 16 देशों की फिल्में शामिल हैं। फेस्टिवल का एक प्रमुख हिस्सा एक निश्चित जातीय विशिष्टता वाला सिनेमा है। इस साल स्पिरिट ऑफ फायर के पास एक व्यावसायिक मंच भी था, जहां फिल्म उद्योग में सामयिक मुद्दों पर चर्चा की गई और जातीय सिनेमा सही मायने में व्यावसायिक ब्लॉक के ध्यान का केंद्र बन गया।

फिल्म महोत्सव का मुख्य लक्ष्य फिल्म उद्योग में उत्तर के मूलनिवासियों की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को बढ़ावा देना था। रूसी विदेश मंत्रालय के एंबेसडर-एट-लार्ज एवं आर्कटिक के वरिष्ठ अधिकारियों के अध्यक्ष निकोलाई कोरचुनोव ने कहा, आर्कटिक में रूस की मुख्य प्राथमिकता इस क्षेत्र का सतत विकास है, जिसमें उत्तर के मूलनिवासियों सहित वहां रहने वाली पूरी आबादी के हितों और जरूरतों पर निरंतर ध्यान दिया जा रहा है। हम आर्कटिक में सहयोग को लेकर गैर-आर्कटिक देशों की दिलचस्पी को देखकर खुश हैं।

# तीव्र भूकंप की स्थिति में व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए होगी मॉकड्रिल : उपायुक्त

## शहर में पांच स्थानों पर भूकंप की परिकल्पना करते हुए किए जाएंगे बचाव कार्य

### आम जनमानस बनाए रखें धैर्य, सिर्फ तैयारी व प्रबंधों की जांच के लिए होगी मॉकड्रिल

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



मॉकड्रिल की तैयारियों के दृष्टिगत लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते डीसी ललित सिवाच।

**तीव्र भूकंप** आने पर हमारी बचाव की तैयारियों के साथ लोगों के जान-माल की रक्षा के लिए किये जाने वाले त्वरित बचाव कार्यों की समीक्षा के लिए 24 मार्च को शहर में मॉकड्रिल का आयोजन होगा। उपायुक्त ललित सिवाच ने जानकारी देते हुए आम जनमानस से अपील की कि वे मॉकड्रिल के दौरान धैर्य बनाये रखें, क्योंकि यह सिर्फ आपदा की स्थिति के दौरान किये जाने वाले राहत कार्यों का अभ्यास होगा।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में 22 से 24 मार्च तक की जाने वाली मॉकड्रिल की तैयारियों के दृष्टिगत सोमवार को लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त ललित सिवाच कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दिल्ली तथा हरियाणा और उत्तरप्रदेश के चुनिंदा जिलों में मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। मॉकड्रिल से पहले 22 मार्च को टेबल टॉप एक्सरसाईज की जाएगी, जिसमें हर प्रकार के प्रबंधों व स्थिति की समीक्षा की जाएगी। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि मॉकड्रिल में एनडीआरएफ की भी एक बटालियन हिस्सा लेगी। साथ ही सीआरपीएफ व पुलिस की टीमों का इसमें विशेष सहयोग रहेगा। मॉकड्रिल के लिए पांच साइट निर्धारित की गई हैं, जिसमें पुलिस लाइन को मुख्य कार्यक्षेत्र बनाया जाएगा। पुलिस लाइन में ही राहत शिविर व अन्य आवश्यक प्रबंध किये जायेंगे। इसके अलावा सिविल अस्पताल, माडल टाउन स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुभाष चौक स्थित कच्चे क्वार्टर और पुराना औद्योगिक क्षेत्र इसमें शामिल रहेंगे। उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि इन स्थानों पर भूकंप की घटना की स्थिति प्रदर्शित की जाएगी, जिसकी तीव्रता 7.7 रहेगी। इतने तीव्र भूकंप की स्थिति में नुकसान बहुत अधिक होता है। ऐसी स्थिति में हम किस प्रकार से अधिकाधिक लोगों के जान-माल की रक्षा कर सकते हैं, इसके लिए प्रयास किये जायेंगे। बचाव कार्यों को तुरंत गति दी जाएगी और इसकी समीक्षा की जाएगी, ताकि भविष्य में हर प्रकार की स्थिति की तैयारियों को और सुदृढ़ किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि भूकंप की घटना के समय सभी विभाग एकजुटता के साथ कार्य करेंगे।

# ट्राले के साथ प्राइवेट बस व रोडवेज बस की टक्कर

### हादसे में ट्राला चालक की मौत, बस में सवार 10 यात्री घायल

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुई प्राइवेट बस।

सोमवार सांय कुरुक्षेत्र-पिहोवा मार्ग पर ट्राले के साथ प्राइवेट बस व रोडवेज बस की टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्राले का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्राला चालक की मौत हो गई और बस में सवार 10 यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही ज्योतिसर चौंकी प्रभारी महेंद्र टीम सहित मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती करवाया।

जानकारी के अनुसार सोमवार सांय कुरुक्षेत्र-पिपली मार्ग पर एक ट्राला कुरुक्षेत्र से पिहोवा की तरफ जा रहा था।

ज्योतिसर के समीप ट्राले के साथ पिहोवा की ओर से आ रही प्राइवेट बस की टक्कर हो गई। प्राइवेट बस के पीछे रोडवेज बस थी, जोकि सिरसा से यमुनानगर जा रही थी। ट्राले की प्राइवेट बस की टक्कर के बाद ट्राले के साथ रोडवेज बस की भी टक्कर हुई। टक्कर के बाद प्राइवेट बस के चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया और राहगीर एकत्रित हो गए।

राहगीरों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को एंबुलेंस द्वारा एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती करवाया। हादसे में नामालूम ट्राला चालक की मौत हो गई है। पुलिस ने अज्ञात शव को कब्जे में लेकर मोरचरी में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मनाया गया वर्ल्ड ओरल डे



शिविर में मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की शपथ लेते चिकित्सक व स्टाफ।

**शाहबाद मारकंडा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में वर्ल्ड ओरल डे मनाया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहबाद द्वारा अस्पताल परिसर, वाल्मीकि बस्ती, मारकंडेश्वर मंदिर में अलग-अलग शिविर लगाकर ओरल हेल्थ हेतु लोगों को जागरूक किया गया। इन शिविरों में डॉ. वीरेन्द्र बंसल, डॉ. कुलदीप, डॉ. पूनम और डॉ. चेतना ने बच्चों व लोगों को ओरल हेल्थ के महत्व के बारे में समझाया। चिकित्सकों ने लोगों व छात्रों को दांतों की सफाई रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अगर दांत साफ हैं तो मसूड़े हेल्दी रहते हैं। चिकित्सकों ने लोगों को दिन में दो बार ब्रश करने और कुछ भी खाने के बाद कुल्ला करने जैसे सुझाव दिए। बच्चों को चॉकलेट्स, चिप्स और मीठी चीजों का सेवन कम करने की सलाह दी गई। चिकित्सकों व स्टाफ ने मौखिक स्वास्थ्य की जागरूकता बढ़ाने की शपथ भी ली। इन शिविरों में 123 बच्चों व लोगों के दांतों को जांचा गया।

### पटियाला से हरिद्वार फोरलेन सड़क बनाने की संसद में उठाई मांग

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी ने संसद सत्र के दौरान कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र की मांग रखते हुए केन्द्रीय सडक एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पटियाला से हरिद्वार तक फोरलेन सडक बनाने की सरकार से मांग की है। इस 223 किलोमीटर लम्बी सडक को बनाने से 4 राज्यों को आपस में जोड़ा जा सकता है। इस सडक का व्यापारिक, धार्मिक और किसानों की दृष्टि से बहुत अधिक महत्व है।

# डैडलिफ्ट चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में अयान प्रथम

### राजीव-कविता जैन ने विजेताओं का पुरस्कार देकर किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत।



प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ राजीव-कविता जैन।

शहीद भगतसिंह, राजगुरू एवं सुखदेव की पुण्यतिथि से पूर्व युवाओं को नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में महती भूमिका निभाने का संकल्प लिया गया। डेडलिफ्ट चैम्पियनशिप प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें खिलाड़ियों को लाखों रुपये के पुरस्कार वितरित किए गए। इसके साथ ही तीनों महान बलिदानियों को शहीद का दर्जा दिलवाने के लिए शपथ पत्र भरवाकर दर्जा देने की मांग भी उठाई गई।

साथी फाउंडेशन एवं शहीद सम्मान समिति के प्रयास से भगवान महावीर इंजीनियरिंग कालेज, फाजिलपुर के प्रांगण में शहीदों को नमन करते हुए प्रसिद्ध लोक गायक गजेन्द्र फौगाट ने जब ''करनी है तो रीस करो भगत सिंह सरदार की'' गीत प्रस्तुत किया तो युवा खिलाड़ी झूमने लगे। सात घंटे तक चली डैडलिफ्ट प्रतियोगिता के विजेताओं को पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन तथा मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने पुरस्कार वितरित किए तथा सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में (टीनेज ग्रुप) 6 वर्ष के अयान ने 50 किलो वर्ग भार में प्रथम स्थान प्राप्त करके सभी को चकित कर दिया। इसके अतिरिक्त वंश कौशिक, अभिषेक, तनिष, वंश टीनेज ग्रुप में ओवर आल विजेता रहे। (महिला वर्ग) गीता, सुमन गोस्वामी, मीनू, साक्षी मोर, पूजा त्यागी, रीना, मंजु बाला, (सीनियर्स वर्ग) साहिल बत्रा, पंकज, हिमांशु खत्री, मनोज त्यागी, संदीप, अनिल, जितेन्द्र, (जूनियर्स) सौरभ, राहुल, तुषार सरोहा, अमन तनुजा, कुनाल, सुमित कुमार, अश्वनी, (सब जूनियर) दुर्गेश कुमार, प्रीतिश, हार्दिक खत्री, राजन राजपाल, रोहित डागर, अभिषेक एवं (मास्टरर्स) संदीप कुमार आदि ने अपने-2 स्थान पर रहते हुए पुरस्कार प्राप्त किए। कार्यक्रम में शहर के सभी जिम संचालकों को भी केसरिया पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

# ताइक्वांडो नेशनल के लिए मानविक सिंघल का हुआ चयन



नेशनल के लिए चयनित मानविक का स्वागत करते प्रबंधन समिति के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। शाहबाद मारकंडा

**ब्रिलियंट** माईड आर्यन स्कूल शाहबाद के सात वर्षीय मानविक सिंघल ने ताइक्वांडो स्टेट चैंपियनशिप में प्रतिभा का परचम लहराया है। जिसके लिए मानविक का चयन ताइक्वांडो नेशनल के लिए हुआ है।

बच्चे मानविक सिंघल का स्वागत करने के बाद स्कूल की प्रिंसिपल आशिमा बत्तरा ने बताया कि 19 मार्च को पानीपत में संपन्न हुए प्रदेश स्तरीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप व नेशनल ट्रायल में मानविक ने अपने प्रतिद्वंद्वी को पराजित कर गोल्ड मेडल हासिल किया है। स्कूल के कोच सागर सोनी ने बताया कि अब उड़ीसा में 24 से 27 मार्च तक होने वाली ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप में मानविक शिरकत करेगा और अवश्य ही गोल्ड मेडल जीतकर लौटेगा। स्कूल प्रबंधक समिति के प्रधान विष्णु भगवान गुप्ता, रामपाल गुप्ता, महेन्द्र कंसल, कोऑर्डिनेटर संगीता कंबोज ने भी मानविक को इस उपलब्धि के लिए, बधाई दी। इसका पूरा श्रेय स्कूल कोच सागर सोनी को दिया। इस अवसर पर संगीता कंबोज, सुलेखा सिंघल, सौरभ सिंघल, नेहा गुप्ता, जानवी, दमन, प्रतिभा, जसप्रीत, साध्वी सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे पर मेट्रो अस्पताल में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मेट्रो ग्रुप** ऑफ हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉक्टर पुरुषोत्तम लाल ने इस मौके पर कहा कि मेट्रो अस्पताल विभिन्न बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम करता रहा है एवं भविष्य में भी ऐसे डिप्टी कमिश्नर श्री विक्रम सिंह इस मौके पर कहा कि जागरूकता ही बीमारियों से बचाव का एकमात्र साधन है। भारत में अधिकतर लोग अपने दांतो का ध्यान एवं समय पर इलाज नहीं करवाते जिसकी वजह से दांतों की बीमारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा स्वस्थ जीवन के लिए, बीमारियों की रोकथाम की जागरूकता एवं समय पर इलाज ही एकमात्र रास्ता है।

इस मौके पर कमिश्नर पुलिस विकास अरोड़ा ने मेट्रो अस्पताल द्वारा किए गए कार्यक्रम की सराहना करते हुए स्वस्थ जीवन शैली एवं खानपान के महत्व को समझाया। डीसीपी हेडक्वार्टर नितेश अग्रवाल ने प्रदीप स्पर्धा के इस दौर में स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के महत्व एवं जरूरत पर जोर दिया। मेट्रो अस्पताल की डेंटल डिपार्टमेंट की हेड डॉ कोमल मीणा ने बताया कि ओरल हेल्थ का ध्यान रखना हम सभी के लिए बहुत ही जरूरी है। हम में ज्यादातर लोगों को लगता है कि महज सुबह-शाम ब्रश कर लेना ही ओरल हेल्थ के लिए काफी है पर वास्तविकता में महज ब्रुश करना काफ़ी नहीं है। हर दिन दो बार दांतों को ब्रुश करें, ब्रुश





कम से कम 2 मिनट तक करें। ऐसा करने से बैक्टीरिया पनपने का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। फ्लॉस का इस्तेमाल जरूर करे दांतों के बीच में से फसा खाना निकालने के लिए। दांत और मुंह की सेहत की नियमित दिनचर्या बनाये रखें। खाना खाने के बाद कुल्ला जरूर करें। डाइट में फ्रूट्स एवम फाइब्रस फूड ज़रूर ले। शुगरी फूड्स कम से कम इस्तेमाल करें। हर साल 20 मार्च को वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे मनाया जाता है। जिसका मकसद लोगों को ओरल हेल्थ के प्रति जागरूक करना है। ऑरल हेल्थ के प्रति लापरवाही और कई बड़ी समस्याओं की वजह बन सकती है। ज्यादातर लोग डेंटिस्ट के पास तभी जाते हैं, जब उन्हें दांतों से संबंधित किसी तरह की कोई समस्या होती है, लेकिन इसी समस्या से बचे रहने के लिए साल में कम से कम दो बार डेंटिस्ट के पास साल में जरूर जाएं।

# जिले को फूड प्रोडक्शन सेंटर देने मेरा प्रयास : कुलदीप मुल्तानी

## जजपा कार्यकर्ताओं ने कुलदीप मुल्तानी का सम्मान समारोह आयोजित

### कार्यक्रम में आयोजकों ने कुलदीप मुल्तानी का स्वागत किया

पायनियर समाचार सेव। शाहबाद मारकंडा



आयोजित कार्यक्रम में कुलदीप सिंह मुल्तानी का सम्मान करते आयोजक।

**शाहबाद** के जजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता कुलदीप मुल्तानी को हरियाणा कृषि उद्योग निगम के चेयरमैन बनने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जीटी रोड स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम ग्रहण में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में सर्वप्रथम आयोजकों द्वारा कुलदीप मुल्तानी का स्वागत किया गया।

इस दौरान जजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए चेयरमैन कुलदीप सिंह मुलतानी ने कहा कि उनका प्रयास जिले को फूड प्रोडक्शन सेंटर देने का है। इसके अलावा निगम से जुड़ी सभी योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। कुलदीप सिंह मुल्तानी ने अपनी नियुक्ति के लिए जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह एवं जजपा प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला का आभार प्रकट किया। जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला ने कहा कि कुलदीप मुल्तानी जजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक है और जजपा में निष्ठावान कार्यकर्ताओं को हमेशा से पूरा सम्मान दिया जाता है। कार्यक्रम में युवा जिलाध्यक्ष डॉ. जसविंदर खैहरा ने कहा कि कुलदीप मुल्तानी की चेयरमैन के रूप में नियुक्ति से जजपा संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में मंच संचालन जगबीर मोहड़ी ने किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष गुलशन कवातरा, हल्का अध्यक्ष जगबीर मोहड़ी, जजपा किसान सेल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सूबे सिंह ल्यौड़ी, जिला परिषद सदस्य कंवरपाल, जजपा एससी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष जगमाल गोलपुरा, पार्षद प्रवीण शर्मा लक्की, अमनदीप सिंह, कुलदीप सैनी सूढ़पुर, रामचंद्र ढोला माजरा, मदन गोपाल, मायाराम हबाना, विजय ठकराल, निरवैर सिंह, हरवेल लाड़ी, ब्लॉक समिति चेयरमैन तरसेम, संत सिंह संभालखी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत स्टेशन माजरी पहुंची सुनीता नेहरा ने सुनी जनसमस्याएं

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद कुरुक्षेत्र की पूर्व उपाध्यक्ष सुनीता नेहरा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने गरीब आदमी की कमर तोड़ने का काम किया है। घरेलू सामान की कीमतें आसमान छू रही है। दाल, सब्जी, अनाज, दूध-दही सब महंगे हो चुके हैं।

कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत स्टेशन माजरी मोहल्ला शाहबाद में पहुंची सुनीता नेहरा ने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर भरवाना आम आदमी के बस की बात नहीं रही है और रोजगार समाप्त हो गए हैं। इस दौरान महिलाओं ने अपने मोहल्ले की कई की समस्याएं भी उजागर कीं। उन्होंने बताया कि वार्ड में सफाई व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है। नालियां गंदगी से भरी पड़ी है, सीवरेज ठप्प पड़े है।

# पीएसीएस के कंप्यूटरीकरण का कार्य करें जल्द पूरा : डॉ. अनमोल

### नगराधीश अनमोल की अध्यक्षता में आयोजित की गई डीएलआईएमसी की दूसरी बैठक

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



डीएलआईएमसी की बैठक लेती नगराधीश डा. अनमोल।

**नगराधीश** डा. अनमोल की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय में डीएलआईएमसी की दूसरी बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान नगराधीश ने कहा कि जिला में बची प्राथमिक कृषि साख समितियों (पीएसीएस) का भी जल्द से जल्द कंप्यूटरीकरण किया जाए, ताकि केंद्रीय सहकारी बैंक सोनीपत के कार्य को सुचारू रूप से पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्राथमिक कृषि साख समितियों के कंप्यूटरीकरण के बाद किसानों को लोन प्राप्त करने में आसानी होगी और एक क्लिक में ही कंप्यूटर पर पैक्स के एक-एक डाटा रू-ब-रू हो सकेंगे, जिससे कंप्यूटरीकरण होने से काम में आएगी पारदर्शिता। सोनीपत केंद्रीय सहकारी बैंक के महाप्रबंधक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि जिला में 34 पीएसीएस का कंप्यूटरीकरण होना है, जिनमें से 26 पीएसीएस के लिए परचेज प्रोपोजल स्टेट कमेटी को भेज दिया गया दिया था। उन्होंने कहा कि 08 पीएसीएस का ऑडिट होना बाकी है, जो करवा दिया गया है और बैठक के बाद इन 08 पीएसीएस के लिए परचेज प्रोपोजल स्टेट कमेटी के पास भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएसीएस के कंप्यूटरीकरण के बाद कार्य में पारदर्शिता आए।

# वीआईपी फ्रेंची ने पहली टीन इनरवियर रेंज यू-19 किया लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**वीआईपी** ग्रुप के एक ब्रांड फ्रेंची ने 13-19 आयु वर्ग के लड़कों के लिए अपनी एक नई सब-कैटेगरी यू-19 इनरवियर लॉन्च की है। ब्रांड आधुनिक उपभोक्ताओं को लेटेस्ट ट्रेंड तथा फिटिंग प्रदान करने के लिए अपने उत्पादों में बदलाव करता रहा है। उपभोक्ताओं की चाहत को ध्यान में रखते हुए, फ्रेंची ने एक नई इनरवियर लाइन पेश करने की पहल की, जो उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं के अनुरूप है। बाजार विश्लेषण के अनुसार, किसी भी ब्रांड ने किशोरों के लिए इनरवियर पेश नहीं किए। इनरवियर के क्षेत्र में अग्रणी होने के नाते, वीआईपी ग्रुप एकमात्र ब्रांड हाउस है जो इस कमी को पूरी उत्कृष्टता के साथ पूरा करता है। फ्रेंची यू-19 को लॉन्चिंग से स्थिरता को बल मिलता है।

वीआईपी फ्रेंची इनरवियर यू-19 को लॉन्च करने का विचार एक सही-फिटिंग वाले इनरवियर को खोजने और किशोरों की समस्या का समाधान पेश करना है।

फ्रेंची अंडर-19 के मार्किट लॉन्च के अवसर पर वीआईपी क्लोदिंग के डायरेक्टर कपिल पठारे ने कहा, फ्रेंची यू-19 न केवल एक प्रोडक्ट है, बल्कि किशोरों के लिए खास फिटिंग वाले अंडरवियर का एक सोल्यूशन भी है और एक ब्रांड के रूप में, हम हमेशा उपभोक्ता की जरूरतों और इच्छाओं पर ध्यान केंद्रित करते रहे हैं।साथ ही बाजार में और अधिक अनूठी रेंज तथा कैटेगरी पेश करने के लिए तत्पर हैं।

फेंची अंडर-19 के मार्केट लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, वीआईपी क्लोदिंग के सीएमडी सुनील पठारे ने कहा, डिजाइन थ्योरी ट्रेडिशनल कल्चर से बाहर निकलने और स्टाइल के मामले में हर किशोर को वयस्कों से एक कदम आगे रखने पर केंद्रित है। प्रोडक्ट ई-कॉमर्स बाजार में पेश करने के साथ ही दिल्ली के बाजार में लॉन्च किया गया। और प्रत्येक वीआईपी इनर स्टोर एवं ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर उपलब्ध है।

# जिला जेल से तीन बंदी फरार, पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

## चकमा देकर जेल में लगी लेबर के साथ निकल भागे थे बंदी

### लापरवाही बरतने पर एक हवलदार को किया सस्पेंड

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



सीआईए टू द्वारा पकड़ा गया आरोपित रोहित पाल।

**चोरी** के अलग-अलग मामलों में बंद जिला जेल से तीन बंदी फरार हो गए। बंदियों के फरार होने पर जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। तीनों बंदियों की पहचान रावी कॉलोनी शाहबाद वासी साबर अली, माजरी मोहल्ला शाहबाद वासी रोहित पाल व रजत कुमार के रुप में हुई है। वह रविवार देर शाम को भी जेल में ही थे, लेकिन देर रात ब्लॉक नंबर तीन की गिनती की गई, तो वह गायब मिले। बताया जाता है कि जेल में मेंटेनेंस का कार्य चल रहा था, जिस कारण जेल में लेबर आई हुई थी। इसका फायदा उठा कर तीनों बंदी फरार हो गए। रोहित पाल व रजत कुमार दो-तीन दिन पहले ही जेल में आए थे, जबकि साबर अली करीब एक महीने से जेल में बंद था। आनन-फानन में पुलिस की टीमें उनकी तलाश में जुट गई। वहीं जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने बयान जारी करके कहा है कि लापरवाही बरतने पर एक हवलदार को सस्पेंड किया गया है। उधर, जेल उपाधीक्षक शिवेंद्र पाल सिंह की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### 20 घंटे के अंदर आरोपी गिरफ्तार

**जिला** पुलिस जेल से भागने वाले एक आरोपी रोहित पाल वासी माजरी मोहल्ला शाहबाद को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक प्रतीक कुमार के मार्ग निर्देश उप निरीक्षक रिपीपाल, सहायक उप निरीक्षक सतनाम सिंह व सुरेन्द्र सिंह की टीम ने मामले मे तत्परता से कार्य करते हुए 20 घन्टे के अन्दर जेल से भागने वाले आरोपी रोहित पाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को 21 मार्च को अदालत में पेश किया जायेगा। आरोपी के बाकी दो साथियों की तलाश जारी है।

### चोरी के मामले में जेल में बंद थे तीनों आरोपी

**अपराध** अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक प्रतीक कुमार ने बताया कि आरोपी रोहित वासी माजरी मोहल्ला शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र को 25 नवम्बर 2022 को न्यू बस स्टैन्ड कुरुक्षेत्र से मोटर साईकिल चोरी करने के आरोप में 16 मार्च 2023 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 कुरुक्षेत्र द्वारा गिरफ्तार किया गया था। आरोपी रजत वासी माजरी मोहल्ला शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र को 13 मार्च 2023 को दुकान से चोरी करने के आरोप में 16 मार्च 2023 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 कुरुक्षेत्र द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

# अब पीएच सेंसर बताएगा पैकेज्ड खाद्य ताजा है या खराब

## पीएच सेंसर का मछली, फल, दूध और शहद जैसे खाद्य पदार्थों पर हुआ सफल परीक्षण

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**अमेरिका** में एक भारतीय अनुसंधानकर्ता ने ऐसा छोटा और कम लागत वाला एसिडिटी सेंसर विकसित किया है जो यह बता सकता है कि भोजन कब खराब हुआ। यह पीएच सेंसर महज दो मिलीमीटर लंबा और 10 मिलीमीटर चौड़ा है। जिससे इसे आसानी से मौजूदा खाद्य पैकेट में लगाया जा सकता है।

इस नए पीएच सेंसर का मछली, फल, दूध और शहद जैसे खाद्य पदार्थों पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। आम तौर पर भोजन के पीएच स्तर का पता लगाने के लिए तकरीबन एक इंच लंबे उपकरण का इस्तेमाल किया जाता है जिससे उनका हर पैकेट में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार, दुनियाभर में हर साल तकरीबन 1.3 अरब मीट्रिक टन भोजन बर्बाद हो जाता है।

### अधिक पीएच लेवल यानी खराब हुआ भोजन

उदाहरण के लिए सामान्य से अधिक पीएच स्तर वाला भोजन उसके खराब होने का संकेत है, क्योंकि फफूंद और बैक्टीरिया उच्च पीएच वाले वातावरण में पनपते हैं। चवांग ने बताया कि पीएच स्तर किसी पदार्थ या घोल में पाए जाने वाले हाइड्रोजन आयन की सांद्रता से मापा जाता है।

अमेरिका के टेक्सास में सदर्न मेथडिस्ट यूनिवर्सिटी में पीएचडी छात्रा खेंगदाउलियु चवांग ने कहा, हमने जो पीएच सेंसर विकसित किया है वह रेडियो आवृत्ति की पहचान करने वाला छोटा वायरलेस उपकरण है। जैसा कि आपको हवाई अड्डों पर सामान के टैग में लगा मिलता है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी एक बयान में चवांग ने कहा, जब भी हमारे उपकरण के साथ कोई खाद्य पैकेट किसी जांच चौकी जैसे कि नौवहन, साजोसामान केंद्र, बंदरगाहों, या सुपरमार्केट के प्रवेश द्वार से गुजरता है तो उन्हें स्कैन किया जा सकता है और उससे प्राप्त आंकड़ें खाद्य पदार्थ के पीएच स्तर पर नजर रख रहे एक सर्वर को वापस भेजे जा सकते हैं।

## उन्नाव में युवक ने पत्नी और चार माह की बेटी की हत्या कर खुदकुशी की

**उन्नाव (उप्र)।** उन्नाव जिले के बारासगवर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने अपनी पत्नी और चार माह की बेटी की हत्या कर कथित तौर पर फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शशि शेखर सिंह ने बताया कि बारासगवर थाना क्षेत्र के रुदीखेड़ा गांव निवासी मोहन लाल (36) ने रविवार देर रात घर में अपनी पत्नी सीमा (30) और चार माह की बेटी की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी और बाद में खुद भी रस्सी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

## महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने गोसेवा आयोग गठित करने के प्रस्ताव को दी मंजूरी

**एजेंसी।** मुंबई

### आयोग बनने से गोमांस पर प्रतिबंध लगाने के 2015 के कानून को कठोरता से लागू किया जा सकेगा

**महाराष्ट्र** मंत्रिमंडल ने गौ सेवा आयोग गठित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, ताकि गोमांस पर प्रतिबंध लगाने के 2015 के कानून को कठोरता से लागू किया जा सके। मवेशियों की बेहतरी के उपाय किए जा सकें। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

राज्य मंत्रिमंडल ने 17 मार्च को यह फैसला किया। पशुपालन विभाग के एक अधिकारी ने कहा, महाराष्ट्र गो सेवा आयोग मवेशियों के पालन की निगरानी करेगा और यह आकलन करेगा कि उनमें से कौन से जानवर दूध देने, प्रजनन तथा कृषि कार्य आदि के लिए अनुपयुक्त हैं। मंत्रिमंडल ने आयोग की स्थापना के लिए 10 करोड़ रुपये की धनराशि को मंजूरी दी है और एक वैधानिक निकाय के रूप में इसके गठन के लिए एक विधेयक इस सप्ताह राज्य विधानमंडल के समक्ष रखे जाने की संभावना है। अधिकारी के कहा कि राज्य सरकार के एक अनुमान के अनुसार गोमांस पर प्रतिबंध से पशुओं की संख्या बढ़ेगी।

# जेपीसी की मांग स्वीकार किए जाने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा : विपक्ष

## कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा, जेपीसी की जांच हुई तो भाजपा बेनकाब हो जाएगी

### विपक्षी दलों ने कहा, भारत माता के चरणों में बैठकर किया गया है घोटाला

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** समेत कई विपक्षी दलों ने सरकार पर अडाणी समूह के मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग से ध्यान भटकाने के प्रयास का आरोप लगाया। विपक्षों दलों ने सोमवार को कहा कि जेपीसी की मांग स्वीकार किए जाने तक उनका संघर्ष लोकतांत्रिक ढंग से जारी रहेगा। संसद के दोनों सदनों की बैठक अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने दावा किया कि सत्तापक्ष की तरफ से जो ड्रामा किया जा रहा है। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इशारे के बिना नहीं हो सकता।

उन्होंने यह भी कहा भारत माता के चरणों में बैठकर जो घोटाला किया गया है। उसकी जांच के लिए जेपीसी का गठन होना जरूरी है और यह मांग देश की जनता के हित में है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के ए राजा और कुछ अन्य विपक्षी नेताओं के साथ संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि विपक्षी दल राहुल गांधी के आवास पर दिल्ली के पुलिस अधिकारियों के गैरकानूनी ढंग से पहुंचने और कई विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों के इस्तेमाल की निंदा करते हैं। तिवारी ने कहा, 13 मार्च से जो ड्रामा चल रहा है, वह प्रधानमंत्री के इशारे के बिना नहीं हो सकता। भारत माता के चरणों में बैठकर जो घोटाला किया गया है, उसकी जांच के लिए जेपीसी बने। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, लाखों करोड़ रुपये के घोटाले के बावजूद हमारी जेपीसी की मांग स्वीकार नहीं कर रहे हैं। जेपीसी की जांच हुई तो भाजपा बेनकाब हो जाएगी। इसीलिए भाजपा जेपीसी के गठन की मांग नहीं मान रही है।

उन्होंने आरोप लगाया, मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी प्रयास के तहत राहुल गांधी के आवास पर गैरकानूनी ढंग से पुलिस को भेजा गया और कई विपक्षी नेताओं को एजेंसियों के जरिए आतंकित किया जा रहा है।


### लोकसभा में राहुल के बोलने के लिए मंगलवार का मांगा है समय : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी लोकसभा में अपनी बात रख सकें, इसके लिए मंगलवार का समय मांगा गया है। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की एक टिप्पणी को लेकर दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के आवास पर पहुंचने को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा।

### जम्मू कश्मीर में की टिप्पणी पर दिल्ली पुलिस क्यों पूछ रही

खरगे के अनुसार, राहुल गांधी ने संबंधित टिप्पणी जम्मू-कश्मीर में की है और पुलिस इस बारे में यहां पूछ रही है। उन्होंने दावा किया, यह परेशान करने की कोशिश है। वे धमकाकर हमें कमजोर करना चाहते हैं, लेकिन हम डरने और कमजोर होने वाले नहीं हैं।

## नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सभी ने स्वीकार किया: शाह



**गांधीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को सभी ने स्वीकार किया है और पूरा देश इसे लागू करने के लिए काम कर रहा है। जबकि अतीत में एनईपी के वैचारिक जुड़ाव के कारण विवाद हुआ था। शाह ने गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में स्नातक विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनईपी 2020 शिक्षा को संकीर्ण सोच के दायरे से बाहर लाने का काम करेगी।

उन्होंने कहा, आम तौर पर, शिक्षा नीतियों का विवादों में फंसने का इतिहास रहा है। अतीत में दो एनईपी लाई गई थी और वे हमेशा विवादों से घिरी रही। उन्होंने विवादों का जिक्र करते हुए कहा, दुर्भाग्य से हमारी शिक्षा नीति को विचारधारा से जोड़कर उस विचारधारा के सांचे में बदलने की परंपरा रही है। गृह मंत्री ने कहा, लेकिन नरेंद्र मोदी 2022 में जो शिक्षा नीति लाए थे उसका न तो कोई विरोध कर सका और न ही आरोप लगा सका। एक तरह से पूरे समाज ने इसे स्वीकार किया है और पूरा देश इसे लागू करने के लिए आगे बढ़ रहा है।

# भारत में जापान 3,20,000 करोड़ रुपये निवेश करेगा : जापान के प्रधानमंत्री

## प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा से की वार्ता

### वैश्विक समस्याओं के समाधान को जी-20 की भारत तो जी-7 की जापान की अध्यक्षता के बीच तालमेल बिठाएंगे

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा के साथ कोविड-19 महामारी के बाद शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध दुनिया के लिए भारत-जापान रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए व्यापक चर्चा की। इस दौरान जापान के प्रधानमंत्री ने भारत में पांच लाख करोड़ एन (3,20,000 करोड़ रुपये) के निवेश के लक्ष्य की घोषणा की थी।


जापान के प्रधानमंत्री विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और विभिन्न वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए जी-20 की भारत की अध्यक्षता और जी-7 की जापान की अध्यक्षता के बीच तालमेल बिठाने के लिए करीब 27 घंटे की यात्रा पर सोमवार सुबह करीब आठ बजे दिल्ली पहुंचे। वार्ता से पहले अधिकारियों ने कहा कि द्विपक्षीय मोर्चे पर रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और निवेश और उच्च प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्विपक्षीय प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता से पहले जापान के प्रधानमंत्री किशिदा का स्वागत किया। दोनों नेताओं के लिए हमारे द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा करने और कोविड-19 के बाद शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध दुनिया के लिए भारत-जापान साझेदारी को और विस्तारित करने का अवसर है।

किशिदा ने रविवार को कहा था कि उनकी यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और गहरा करना होगा। उन्होंने कहा, इस साल जापान जी-7 की अध्यक्षता कर रहा है, जबकि भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। मैं इस सवाल पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ विचारों का आदान-प्रदान करना चाहता हूं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय में जापान और भारत की क्या भूमिका निभानी चाहिए। किशिदा ने कहा, इसके साथ ही द्विपक्षीय जापान-भारत संबंधों के संबंध में, मैं भारत और जापान के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और गहरा करने की पुष्टि करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैं मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक नई योजना पर भारत में एक संबोधन भी दूंगा। मैं इस ऐतिहासिक मोड़ पर खुले और मुक्त हिंद-प्रशांत की भूमिका के बारे में स्पष्ट रूप से अपनी सोच रखूंगा।

चीन की बढ़ती सैन्य मुखरता की पृष्ठभूमि में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उभरती स्थिति पर भी मोदी और किशिदा के बीच व्यापक वार्ता में चर्चा होने की संभावना है। पिछले साल मार्च में अपनी भारत यात्रा के दौरान किशिदा ने अगले पांच साल में भारत में पांच लाख करोड़ एन (3,20,000 करोड़ रुपये) के निवेश के लक्ष्य की घोषणा की थी।

## मोदी ने नाटु नाटु गीत पर जर्मन दूतावास टीम का नृत्य सराहा

**एजेंसी।** नई दिल्ली



### प्रधानमंत्री ने एकरमैन के एक ट्वीट के जवाब में यह प्रतिक्रिया दी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने ऑस्कर विजेता नाटु नाटु गीत पर जर्मन राजदूत फिलिप एकरमैन द्वारा आयोजित किए गए नृत्य कार्यक्रम की सोमवार को सराहना की। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, भारत के रंग और स्वादउ जर्मन निश्चित रूप से नृत्य कर सकते हैं...अच्छी तरह से नृत्य कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने एकरमैन के एक ट्वीट के जवाब में यह प्रतिक्रिया दी।

जर्मनी के राजनयिक ने नृत्य का एक वीडियो साझा करते हुए लिखा था, जर्मन (जर्मनी के लोग) नृत्य नहीं कर सकते? मैंने और मेरी भारतीय जर्मन टीम ने पुरानी दिल्ली में 95वें ऑस्कर समारोह में नाटु नाटु की जीत का जश्न मनाया। ठीक है, बहुत अच्छा तो नहीं है। लेकिन मजा आया, एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी आरआरआर के गीत नाटु नाटु ने 95वें अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का ऑस्कर पुरस्कार जीता है।

गीत नाटु नाटु के संगीतकार एमएम कीरावानी हैं और गीतकार चंद्रबोस ने इसके बोल लिखे हैं। इसे स्वर काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने दिया है। नाटु नाटु का मतलब होता है नाचना। गीत अभिनेताओं राम चरण और जूनियर एनटीआर पर फिल्माया गया है, जिसमें उनके जोरदार नृत्य को भी काफी सराहना मिली है।

## विपक्षी दलों ने संसद के मौजूदा सत्र के लिए आगे की रणनीति पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए आगे की रणनीति पर सोमवार को चर्चा की।

सूत्रों के अनुसार, ये विपक्षी दल विभिन्न केंद्रीय एजेंसी के कथित दुरुपयोग और अडाणी समूह से जुड़े कथित घोटाले के मामले पर इस सत्र में सरकार को घेरने को लेकर एकजुट हैं। कांग्रेस के सदस्य भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी द्वारा दिए बयान को लेकर दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के उनसे आवास पर पहुंचने से जुड़े विषय को भी उठा सकते हैं। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के संसद भवन स्थित कक्ष में हुई बैठक में खरगे के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के सी वेणुगोपाल एवं जयराम रमेश, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के टीआर बालू, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के संजय राउत और कई अन्य दलों के नेता शामिल हुए।

# लोगों के जीवन की कीमत पर मांगें नहीं की जा सकती : यूपी हाइकोर्ट

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उप्र बिजली विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल पर संज्ञान लिया

**एजेंसी।** प्रयागराज (उप्र)



**उत्तर प्रदेश** में बिजली कर्मियों की हड़ताल को गंभीरता से लेते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि लोगों के जीवन की कीमत पर मांगें नहीं की जा सकती हैं। पूछा कि हड़ताली कर्मचारियों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश प्रितिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति एसडी सिंह की पीठ ने अपर महाधिवक्ता से दोषी कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में पूछा।

अदालत ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि लोगों के जीवन की कीमत पर मांगें नहीं की जा सकती हैं और राज्य सरकार से इस हड़ताल से हुए राजस्व और अन्य नुकसान के बारे में बताने को कहा। अदालत ने कहा, मामला यह नहीं है कि हड़ताल खत्म हो गई है, बल्कि यह बहुत गंभीर मामला है। किसी को भी लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत ने पूछा, इन लोगों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। लोगों के जीवन को मुश्किल में डालकर मांग नहीं की जा सकती। अदालत इस मामले में सुबह 11 बजे फिर से सुनवाई करेगी। 17 मार्च को न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आयोजक शैलेंद्र दुबे और कई अन्य लोगों के माध्यम से इसके पदाधिकारियों के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था।

## मैं ठीक हो रहा हूं : शूटिंग के दौरान घायल हुए अमिताभ बच्चन ने कहा

**एजेंसी।** मुंबई



**फिल्म** प्रोजेक्ट के के लिए एक एक्शन दृश्य फिल्माते समय घायल हुए अभिनेता अमिताभ बच्चन ने शुभचिंतकों का उनकी प्रार्थनाओं के लिए शुक्रिया अदा किया और बताया कि वह ठीक हो रहे हैं। अभिनेता (40) ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपनी एक पुरानी तस्वीर साझा की, जिसमें वह रैंपवॉक करते नजर आ रहे हैं।

उन्होंने तस्वीर साझा करते हुए लिखा, प्रार्थनाओं और शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया...मैं ठीक हो रहा हूं... उम्मीद करता हूं कि जल्द ही रैंप पर वापस चलूंगा। बच्चन ने पांच मार्च को अपने निजी ब्लॉग के जरिए शूटिंग के दौरान अपने घायल होने की जानकारी दी थी। उन्होंने लिखा था, हैदराबाद में प्रोजेक्ट के के लिए एक एक्शन दृश्य फिल्माते समय घायल हो गया। रिब कार्टिलेज टूट गया और दाहिनी पसली का मांस फट गया है। शूट रद्द करना पड़ा। हैदराबाद के एआईजी अस्पताल में सीटी स्कैन किया गया और चिकित्सकों की सलाह पर वापस घर लौट आया...। बच्चन तभी से मुंबई में अपने घर पर आराम कर रहे हैं। निर्देशक नाग अश्विन की फिल्म प्रोजेक्ट के में प्रभास और दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगे। फिल्म 12 जनवरी 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। गौरतलब है कि अभिनेता 1982 में मनमोहन देसाई की फिल्म कुली की शूटिंग के दौरान सह-अभिनेता पुनीत इस्सर के साथ एक एक्शन दृश्य फिल्माते समय गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वह कई महीनों तक मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती रहे थे। बिग बी को 2018 में आई फिल्म ठग्स ऑफ हिंदोस्तान के लिए एक एक्शन दृश्य फिल्माते समय भी पीठ और कंधे में चोट लगी थी।

### साइबर हॉटस्पॉट चिन्हित किए जाएं

# साइबर अपराधों के आंकड़ों का विवरण रखा जाए : संसदीय समिति

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**संसद** की एक समिति ने सिफारिश की है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्य सरकारों को उनके प्रदेश में साइबर हॉटस्पॉट का पता लगाने और उन क्षेत्रों में हो रहे साइबर अपराधों पर आंकड़ों का विवरण रखने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य बृजलाल की अध्यक्षता वाली गृह मामलों संबंधी संसदीय स्थाई समिति ने कहा कि उसका मानना है कि देश में इंटरनेट कनेक्टिविटी में बढ़ोतरी के बावजूद अनेक राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में ऐसी बड़ी आबादी हो सकती है, जो विभिन्न कारणों से इंटरनेट तक बहुत कम पहुंच रखती है।

समिति ने शुक्रवार को संसद में पेश अपनी रिपोर्ट में कहा, समिति सिफारिश करती है कि मंत्रालय राज्य सरकारों को उनके प्रदेश में साइबर हॉटस्पॉट चिन्हित करने और उन क्षेत्रों में हो रहे साइबर अपराधों तथा उनकी रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों पर आंकड़ों का विवरण रखने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है।

समिति ने कहा कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ये विवरण इकट्ठा कर सकता है और साइबर अपराधों से निपटने के लिए राज्यों की नीतियां बनाने में मदद के लिए इन्हें राज्यों के साथ साझा किया जा सकता है।

समिति ने सिफारिश की कि पुलिस बल विभिन्न रणनीतियां अपना सकता है। इनमें समुदाय, गांव और जिला-स्तरीय समितियों की बैठकों में नियमित अंतराल पर अपनी उपलब्धियों को प्रचारित करना शामिल है ताकि पुलिस-जनता के बीच संपर्क को बढ़ाया जा सके। इसके अलावा जागरुकता सप्ताह और जनसभाओं का आयोजन भी किया जा सकता है।

समिति ने कहा कि राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से सभी थानों में रणनीतिक महत्व वाले स्थानों पर आईपी कैमरे लगाने का और समय-समय पर सभी सीसीटीवी कैमरों का ऑडिट कराने का आग्रह किया गया है। समिति ने यह भी कहा कि विधि एवं न्याय मंत्रालय से राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को जिला अदालतों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए सलाह देने के लिहाज से संपर्क किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार समिति चाहेगी कि इस मामले में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की कार्वाई की स्थिति से उसे अवगत कराया जाए।

## राहुल के खिलाफ पुलिस कार्रवाई मोदी सरकार का कायरतापूर्ण कृत्य

**एजेंसी।** मुंबई

**कांग्रेस** की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा है कि उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई से घबराई हुई केंद्र सरकार की कायराना हरकत है। पटोले ने कहा कि पुलिस का इस्तेमाल कर राहुल गांधी की आवाज को दबाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कोशिश सफल नहीं होगी और कांग्रेस उद्योगपति गौतम अडाणी संबंधी कथित घोटाले पर जवाब मांगती रहेगी।

इससे पहले दिल्ली पुलिस राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महिलाओं के यौन उत्पीड़न के संबंध में की गई टिप्पणी को लेकर उन्हें जारी नोटिस के सिलसिले में रविवार को यहां उनके आवास पहुंची। गांधी ने अपने इस बयान के संबंध में दिल्ली पुलिस के नोटिस का रविवार को प्रारंभिक जवाब भेजा और 45 दिन की देरी के बाद अचानक की गई कार्रवाई पर सवाल उठाया। पटोले ने संवाददाताओं से कहा, मैं राहुल गांधी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की निंदा करता हूं, जो घबराई हुई मोदी सरकार द्वारा की गई एक कायराना हरकत है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के दमन से डरने वाली नहीं है। उन्होंने कहा, कांग्रेस अडाणी-मोदी के काले सच को देश के सामने लाएगी।

# हथियारों का वीडियो भेजकर दी रेप पीड़िता को हत्या की धमकी

## ट्वीट कर मुख्यमंत्री व गाजियाबाद पुलिस से की सुरक्षा की मांग

**गवाही देने पर उमेश पाल और उसके गनर जैसा हश्र करने की दी धमकी, आरोपी पर युवती को बंधक बनाकर एक महीने दुष्कर्म करने का आरोप**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**गाजियाबाद** में रेप पीड़िता और सुरक्षा में तैनात गनर को हथियारों का वीडियो भेजकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। दुष्कर्म पीड़िता ने मुख्यमंत्री व गाजियाबाद पुलिस को ट्वीट कर और सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने ट्वीट का संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही है।

नगर की एक कालोनी निवासी युवती डेढ़ साल पहले लापता हो गई थी। परिजनों ने बागपत के हिस्ट्रीशीटर बदमाश विशु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने एक महीने बाद युवती को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। युवती ने मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दिया था कि आरोपी ने बंधक बनाकर एक महीने तक उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट की।

आरोपी अभी भी इस मामले में जेल में बंद है। आरोपी पक्ष के लोग पीड़िता पर लगातार केस वापस लेने का दबाव डाल रहे हैं। एक साल के अंदर पीड़िता मोदीनगर थाने में धमकी देने के मामले को लेकर छह थ्स् दर्ज करा चुकी है। इसे देखते हुए युवती को एक गनर भी दिया गया है।

देर रात को युवती के पास हथियारों का वीडियो भेजकर धमकी दी गई। वाट्स पर मैसेज भेजकर लिखा कि अगर गवाही दी तो ना तू बचेगी ना तेरा गनर। उमेश पाल जैसा हाल कर दिया जाएगा। गवाही मत देना। इसके साथ ही वीडियो में हथियारों के साथ कारतूस की रील और रायफल व पिस्टल दिखाई दे रही हैं। धमकी मिलने के बाद युवती डरी हुई है। घर से बाहर नहीं निकल रही है।

युवती ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व गाजियाबाद पुलिस को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। एसीपी मोदीनगर रितेश त्रिपाठी ने बताया ट्वीट का संज्ञान लिया गया है। युवती से तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा एक ट्वीट का संज्ञान लिया गया है जिसमें एक वीडियो में एक व्यक्ति हथियारों का प्रदर्शित करते हुए दिखाई दे रहा है, उसके द्वारा एक युवती को भी धमकी देने की सूचना प्राप्त हुई है।

उक्त व्यक्ति की मोदीनगर पुलिस द्वारा शिनाख्त कर ली गई है तथा इस सम्बन्ध में तहरीर प्राप्त कर उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। गिरफ्तारी के लिये टीमों का गठन किया गया है। पीड़िता की सुरक्षा के दृष्टिगत उनको पहले से सुरक्षाकर्मी दिये गये हैं। पुलिस द्वारा प्रकरण में पूर्ण सक्रियता बरती जा रही है।

### महिला कांस्टेबल की इलाज के दौरान मौत, 9 दिन पहले हुआ था सड़क हादसा

**नोएडा।** थाना सेक्टर.20 क्षेत्र में 11 मार्च को हुए एक सड़क हादसे का शिकार हुई महिला कांस्टेबल की उपचार के दौरान सोमवार की सुबह को मौत हो गई है। इस घटना से पुलिस विभाग में शोक की लहर व्याप्त है। बताया जाता है कि महिला कांस्टेबल के छोटे-छोटे बच्चे हैं।

पुलिस ने बताया कि थाना फेस-वन में तैनात महिला कांस्टेबल श्वेता सिंह 29 वर्ष 11 मार्च को अपनी ड्यूटी समाप्त करके सेक्टर.20 स्थित घर जा रही थी। उन्होंने बताया कि सेक्टर 20 थाने के सामने कट पर उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में उन्हें गंभीर चोट आई। उन्होंने बताया कि उन्हें अत्यंत गंभीर हालत में नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उपचार के दौरान सोमवार की सुबह उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मौके पर पहुंची थाना सेक्टर.20 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सहकारिता समितियों के चुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत

**नोएडा की 31 समितियों में से 30 के लिए हुआ था चुनाव**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जनपद गौतमबुद्धनगर में संपन्न हुए सहकारिता समिति के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने एकतरफा जीत दर्ज की है। गौतमबुद्धनगर जनपद में कुल 31 सहकारी समितियां हैं इसमें से 30 पर चुनाव हुआ।

जनपद गौतमबुद्धनगर के भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय भाटी ने कहा कि किसानों से जुड़ी हुई सहकारी समितियों पर यह जीत केंद्र और राज्य कि डबल इंजन सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के कारण हुई। सहकारिता चुनाव के जिला संयोजक मुनेन्द्र नागर ने इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष और चुनाव समन्वयक सत्येन्द्र नागर, जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी, जिला कार्यसमिति सदस्य पंकज कसाना, विजय प्रत्याशी नीरज भाटी, दर्शन भाटी, पवन भाटी, सुमन देवी, रामे प्रधान, बबली भाटी, प्रेम सिंह, चमन सिंह, प्रकाश प्रधान, बिजेन्द्र नागर, पवन चौधरी, बालेश्वर नागर, वेदपाल शर्मा, बिजेन्द्र सिंह, ब्रिजेश सिंह, कोमल सिंह, अनिल शर्मा, नितीश प्रधान सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं युवा नेता भाजपा बालेश्वर नागर को जगनपुर, अफजलपुर, अट्टा दनकौर सहकारी समिति के लिए निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर बालेश्वर नागर का स्वागत किया गया। इस मौके पर बलराज सिंह प्रधान, रणवीर नागर, जयकिशन नागर, देसराज नागर, फिरेराम, राकेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शरीर के टुकड़े मिलने के मामले में केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**थाना** फेस- वन क्षेत्र में 16 मार्च को मिली अज्ञात महिला के शरीर के कटे हुए अंग के मामले में सफाई कर्मचारी सुनील कुमार की शिकायत पर थाना फेस.वन पुलिस ने हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को 16 मार्च को थाना फेस वन क्षेत्र के सेक्टर-8 के नाले में एक अज्ञात महिला का हाथ पैर और अन्य अंग मिले थे। महिला के शरीर का शिर और धड़ अभी तक नहीं मिला पाया है। सूचना मिलने के बाद आसपास में सनसनी फैल गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मानव शरीर के अंगों को फरॅंसिक जांच के लिए भेजा। शुरुआती जांच में पता चला है कि शरीर के अंग किसी महिला के हैं। पुलिस इस मामले में वहां के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता से जांच कर रही है।

पुलिस ने मानव अंग को डीएनए टेस्ट के लिए भी भेजा था। नोएडा पुलिस दिल्ली पुलिस और आसपास के इलाकों की पुलिस से संपर्क कर वहां से लापता हुई महिलाओं के बारे में जानकारी इकट्ठा कर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। अभी तक पुलिस को इस मामले में कोई सफलता नहीं मिली है। इसको लेकर अब सफाई कर्मचारी सुनील कुमार ने हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में पुलिस ने अब तक तीन दर्जन से ज्यादा सीसीटीवी खंगाल चुकी है।

# नाजिमा हत्याकांड : भाइयों ने गला दबाकर की थी हत्या

**हिंडन नदी में बीते 13 मार्च को एक लड़की की बरामद हुई थी लाश**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा के ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र अंतर्गत हिंडन नदी में बीते 13 मार्च को एक लड़की की लाश बरामद हुई थी। इस मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए लड़की के दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जांच में पता चला है कि दोनों भाइयों को अपनी बहन के चरित्र पर शक था। जिसकी वजह से उन्होंने पहले गला दबाकर हत्या की और उसके बाद शव को हिंडन नदी में फेंक दिया।

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि बीते 13 मार्च को ईकोटेक.3 थाना क्षेत्र अंतर्गत हिंडन नदी के किनारे एक अज्ञात लड़की की लाश मिली थी। पुलिस ने जब छानबीन की तो पता चला कि युवती का नाम नाजिमा है। पुलिस की जांच में पता चला कि नाजिमा की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके भाई मिराज और शाहरुख ने की थी।

दोनों भाइयों को शक था कि उसकी बहन का चरित्र ठीक नहीं है।

# लोगों से ठगी करने वाला दंपती गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**जल्दी** अमीर बनने का लालच देकर ठगी करने वाली एक दंपती को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पति पत्नी ने मिलकर धोखा धड़ी करने के लिए मार्केटिंग कंपनी बनाई। जिसका नाम यूडिवो मार्केटिंग प्रालि रखा गया। इस कंपनी के जरिए ये लोगों से आईडी बनाने के लिए 11 हजार रुपए लेते थे और चार महीने बाद 44 हजार रुपए वापस करने का लालच देते थे।

पुलिस ने दोनों को एफएनजी रोड अंडरपास बहलोलपुर गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान विजय किशन जैसवाल उर्फ कृष्ण कुमार जैसवाल पुत्र सरदार सिंह और रश्मि जैसवाल पत्नी विजय किशन जैसवाल निवासी बी.073 गुलशन इकेवाना सोसायटी सेक्टर. 143 नोएडा हुई है। ये दोनों ठगी के पैसों का प्रयोग ऐशोआरम के लिए करते थे। इन्हीं पैसों से दोनों ने दो लग्जरी कार भी खरीदी। पहली टाटा हैक्सा और दूसरी स्कोडा कूसेक अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रुपये है। इन दोनों कारों को भी जब्त किया गया है। ये लोग अब तक सैकड़ों लोगों को ठगी का शिकार बना चुके है। यानी करोड़ों रुपए की ठगी की है।

### बुजुर्ग को मनी लॉड्रिंग का भय दिखाकर लिये पांच लाख

मनी लॉन्ड्रिंग का डर दिखाकर ठगों ने एक बुजुर्ग से 4.94 लाख रुपए की ठगी कर ली। ये घटना कोतवाली सेक्टर.24 थाना क्षेत्र की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर.34 हिमगिरी निवासी रामचंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ दिनों पहले उनके पास कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम भूपेंद्र नागर बताते हुए खुद को मुंबई पुलिस इंस्पेक्टर बताया। आरोपी ने कहा कि एसबीआई के रिटायर्ड जनरल मैनेजर जय कुमार मनी लॉन्ड्रिंग के केस में फंसे हैं। उन पर 450 करोड़ गबन करने का आरोप है। केस में उनका नाम भी सामने आ रहा है।

# 33 करोड़ की कंडिशन को लेकर निगम अफसरों का गला सूखा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**अवस्थापना** निधि के पैसे को लेकर हाईकोर्ट में 28 मार्च को सुनवाई है। इससे पहले ही गाजियाबाद नगर निगम को यूपी सरकार ने 33 करोड़ रुपये पैसा रिलीज कर दिया, लेकिन कंडिशन है कि यह पैसा 31 मार्च तक खर्च करना है। वहीं निवर्तमान पार्षद हिमांशु मित्तल का कहना है कि यह कंडिशन गलत है और इस बारे में वह सुनवाई के दौरान कोर्ट को भी अवगत कराएंगे। अवस्थाना निधि का पैसा शासन से रिलीज कराने के लिए ही निवर्तमान पार्षद हिमांशु मित्तल की ओर से हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। पिछली सुनवाई के दौरान शासन से कोर्ट ने कहा था कि वह बताए कि अवस्थापना निधि का पैसा रिलीज करेगी या नहीं। अचानक से यूपी सरकार के निकाय निदेशक नेहा शर्मा की और से प्रदेश के सभी निकायो के लिए करीब 300 करोड़ रुपये रिलीज किया गया है। गाजियाबाद नगर निगम को भी इसमें से 33 करोड़ रुपये मिला है।

पैसा मिलने की खुशी से अधिक इसको लेकर अब निगम के अधिकारी टेंशन में है। दरअसल निकाय निदेशक नेहा शर्मा ने अपने पत्र में लिखा है कि जो पैसा निकायो को दिया जा रहा है वह किसी भी सूरत में 31 मार्च तक खर्च करे। यानी इसका उपयोगिता प्रमाण पत्र किसी भी सूरत में 31 मार्च तक शासन के पास भेजे, नहीं तो पैसा वापिस करना होगा। निगम के एक अधिकारी का कहना है कि यह पैसा 18 मार्च को रिलीज किया गया, 13 दिनों के अंदर कहां यह पैसा यूज करे। इतने दिन में तो पैसा यूज करने के लिए विकास कार्य कराने के लिए टेंडर छोड़ने की प्रक्रिया भी पूरी नहीं होगी।

### प्रेस क्लब में यूनानी मेडिकल शिविर का आयोजन

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस की ओर से नई दिल्ली स्थित प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में सोमवार को 68वां नि:शुल्क यूनानी मेडीकल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पत्रकारों,और विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों ने विशेषज्ञ डॉक्टरों और हकीमों से परामर्श और मुफ्त दवाई भी ली।

इस अवसर पर डॉक्टर हकीम सैयद अहमद खान, डॉ. हबीबुल्ला, डॉ. शकील अहमद और हकीम अता उर रहमान अजमली ने पत्रकारों ने यूनानी चिकित्सा के बारे में बात की। इस अवसर पर डॉ.फहीम मलिक, डॉ. अजहर महमूद, डॉ.मिर्जा आसिफ बेग, हकीम अताउर रहमान अजमली आदि लोग मौजूद थे।

# परीक्षा अच्छी न होने पर किशोरी ने रची छेड़छाड़ की झूठी कहानी

**माता-पिता की डांट से बचने के लिए खुद ब्लेड से कर लिए शरीर पर घाव**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली,

**राजधानी** में एक 14 वर्षीय लड़की ने परीक्षा अच्छी न होने की वजह से अपने माता-पिता की डांट से बचने के लिए ब्लेड से खुद को नुकसान पहुंचाया और एक झूठी कहानी सुनाई, जिसमें दावा किया गया कि उसके साथ छेड़छाड़ की गई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने शुरू में पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की छेड़छाड़ और अपहरण की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था, लेकिन बाद में इसे वापस ले लिया जब लड़की ने सब कुछ कबूल कर लिया।

उन्होंने बताया कि घटना 15 मार्च को पूर्वोत्तर दिल्ली के भजनपुरा पुलिस थाने में दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि लड़की ने दावा किया था कि स्कूल के बाद तीन लड़कों ने कथित तौर पर हाथापाई की और उसे कुछ मीटर दूर ले गए और उसे नुकसान पहुंचाया, जिससे उसके हाथों में चोटें आईं।

पूर्वोत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जॉय तिर्की ने बताया कि जब हमने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, तो हमने लड़की को अकेले घूमते हुए देखा। हमने महिला कर्मियों की मदद से लड़की से विस्तृत बातचीत की। इसमें आखिरकार, लड़की ने खुलासा किया कि 15 मार्च को उसकी सामाजिक अध्ययन की परीक्षा थी। परीक्षा अच्छी नहीं हुई और उसे डर था कि उसके माता-पिता उसे डांटेंगे। इसलिए, वह स्कूल के पास एक जनरल स्टोर में गई और कुछ खाने का सामान और एक ब्लेड खरीदा।

# डीसीपी के नाम पर मांगे पैसे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में हाल के दिनों में सबसे अधिक साइबर ठगी के मामले में बढ़ोतरी हुई है। साइबर क्राइम से जुड़े ठगों ने आम इंसानों के साथ.साथ अब पुलिस अधिकारियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है।

ताजा मामला ग्रेटर नोएडा से आया है। जहां कमिश्नरेट में तैनात प्रभारी डीसीपी विशाल पांडे के नाम पर साइबर ठगों द्वारा ठगी का प्रयास किया जा रहा है। मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। वहीं पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी हुई है।

विशाल पांडे ने साइबर ठगों की जानकारी खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दी है। उन्होंने कहा मेरे नाम से एक फेक आईडी बनाकर लोगों से पेटीएम के जरिए पैसे मांगे जा रहे है। यह फेक आईडी है।

# विधानसभा में यमुना का प्रदूषित पानी लाने पर घिरी भाजपा

**दिल्ली जल बोर्ड की रिपोर्ट में खुलासा, भाजपा विधायक बोतल में जो पानी लेकर सदन में आए थे वह यमुना नदी का नहीं था**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पानी** की आपूर्ति और यमुना नदी की साफ-सफाई के मुद्दे पर दिल्ली में जमकर राजनीति होती रही है। कुछ समय पहले विधानसभा में भाजपा के कुछ विधायक एक बोतल में यमुना नदी का पानी लेकर पहुंचे थे। उनका दावा था कि बोतल में रखा पानी यमुना नदी का है और यह दूषित पानी है। इन बोतलों को दिखाकर जल आपूर्ति के मुद्दे पर भाजपा विधायकों ने आम आदमी पार्टी की सरकार को घेरा था।

लेकिन अब दिल्ली जल बोर्ड की रिपोर्ट में कहा गया है कि भाजपा विधायक बोतल में जो पानी लेकर विधानसभा में आए थे वो यमुना नदी का नहीं था। इस रिपोर्ट के बाद विस अध्यक्ष गोयल नेभाजपा विधायकों द्वारा यमुना का दूषित जल लाए जाने के मामले को गंभीरता से लिया है और उसे जांच के लिए विशेषाधिकार कमेटी के पास भेज दिया है।

राम निवास गोयल ने भाजपा विधायकों द्वारा विधानसभा में दूषित जल लाने और इसे यमुना का पानी होने का दावा करने के मुद्दे को गंभीर करार दिया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड की रिपोर्ट में भारतीय जनता पार्टी के विधायकों के दावों को खारिज कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उनके द्वारा लाया गया पानी यमुना नदी का नहीं है। विपक्ष के सदस्यों ने अनावश्यक सनसनी फैलाई और सदन को गुमराह किया। साथ ही दिल्ली के लोगों में दहशत फैलाने का प्रयास किया है। विशेषाधिकार समिति जांच कर रिपोर्ट पेश करें कि इस मामले में कौन-कौन शामिल थे, पानी कहां से लाया गया, समिति को एक महीने के अंदर रिपोर्ट पेश करनी होगी। बजट सत्र में विस अध्यक्ष ने कहा कि डीजेबी की रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया है कि बोतलों का पानी यमुना नदी का नहीं था। बल्कि यह पीने का पानी था और उसमें कुछ काला प्रदार्थ मिलाया हुआ था। यह बहुत ही गंभीर मामला है। वह यह नहीं समझ पा रहा है कि विपक्ष के सदस्यों को अनावश्यक सनसनी फैलाने और सदन को गुमराह करने से आखिर क्या हासिल हुआ। विपक्ष के लोगों ने दिल्ली के लोगों में दहशत और अशांति फैलाने का प्रयास किया है। इस कार्य के लिए इस प्रतिष्ठित सदन का दुरूपयोग किया गया। सदन में नियमों का उल्लंघन करके 18 जनवरी 2023 को पानी की बोतले लाने और प्रदर्शित करने वाले के आचरण के संबंध में कहा गया।

## संक्षिप्त समाचार



### राहुल गांधी अचानक सेक्टर-31 नोएडा पहुंचे

**नोएडा।** राहुल गांधी सुबह अचानक नोएडा पहुंचे। वह सेक्टर-31 स्थित डॉ राकेश चंदोला की क्लीनिक पर गए। करीब आधा घंटा तक वह नोएडा में रुके। राहुल गांधी के अचानक नोएडा आने की सूचना से पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। पुलिस अधिकारी आनन-फानन में उनकी सुरक्षा की व्यवस्था करने में जुट गए। राहुल गांधी डॉक्टर से चिकित्सीय परामर्श लेकर जब वापस दिल्ली लौटे, उसके बाद पुलिस अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इस दौरान किसी को भी राहुल गांधी से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। ना ही कांग्रेस के नेताओं को उनके नोएडा आने की सूचना थी। बताया जाता है कि डॉक्टर चंदोला गांधी परिवार के फैमिली डॉक्टर हैं।

### वीके सिंह ने किया रसोईघर परियोजना का भूमि पूजन

**गाजियाबाद।** गोविंदपुरी में बनने जा रही केंद्रीयकृत रसोईघर परियोजना का सोमवार को भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा महऋषि दयानंद इंटर कॉलेज के निकट आयोजित कार्यक्रम में परिवहन राज्यमंत्री केंद्र सरकार जनरल वीके सिंह, जिला अधिकारी आरके सिंह, सांसद सत्यपाल सिंह, विधायक मंजू शिवाच, अक्षय पात्र फाउंडेशन के वाईस चेयरमैन भारत ऋषभ दास, चंचल, भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, पालिकाध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, एसडीएम शुभांगी शुक्ला ने भूमिपूजन के दौरान हवन में आहुति दी।

### प्रतीक विस्टीरिया सोसायटी की दसवीं मंजिल में लगी आग

**नोएडा।** सेक्टर 77 स्थित प्रतीक विस्टीरिया सोसायटी की दसवीं मंजिल पर सुबह आग लग गई। विंडो एसी में हुए शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। आग लगने से सोसाइटी में हड़कंप मच गया। प्रतीक विस्टीरिया सोसायटी की दसवीं मंजिल पर लगे एसी में सुबह अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। फ्लैट की बालकनी में आग की लपटें उठता देख कर गृहस्वामी व अन्य लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। लोगों ने तुरंत फ्लैट की बिजली सप्लाई को काटकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कुछ देर की मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया।

### अस्पताल में बम की झूठी सूचना देनवाली डॉक्टर पर केस

**नोएडा।** थाना सेक्टर.20 क्षेत्र के सेक्टर.30 स्थित जिला अस्पताल में बम होने की फर्जी सूचना देने वाली महिला डॉक्टर के खिलाफसेक्टर.29 चौकी प्रभारी ने मुकदमा दर्ज करवाया है। सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया कि शनिवार को नोएडा पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर.30 स्थित जिला अस्पताल में बम रखा गया है। सूचना के बाद पुलिस विभाग के आला अधिकारी और बम स्क्वायड का दस्ता अस्पताल पहुंचा। पूरे अस्पताल परिसर की छानबीन की गई। बाद में यह सूचना गलत निकली।

### डांटने पर 11वीं के छात्र ने लगाई फांसी, मौत

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां एक छात्र को मां का डांटना इतना नागवार गुजरा कि उसने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। सूरजपुर थाना क्षेत्र के गुलिस्तानपुर गांव का है। यहां 16 वर्षीय एक किशोर ने मां के डांटने के बाद फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### अवैध ई-रिक्शा को किया जाएगा जब्त

**नोएडा।** नोएडा में मेट्रो के संचालन के बाद ई-रिक्शा संचालकों में बढ़ोतरी हुई है। शहर के अनेकों हिस्से में अवैध रूप से ई.रिक्शा का संचालन किया जा रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक करीब 10 हजार ई-रिक्शा नोएडा में चलाए जा रहे हैं लेकिन यह आंकड़ा दोगुना है। कई जगहों पर फर्जी तरीके से ई-रिक्शा बेचे जा रहे हैं।

# एमजी रोड पर छतरपुर से हरियाणा बार्डर के गोलपहाड़ी तक बनेगी वैकल्पिक सड़क

## एलजी की अध्यक्षता में यूटीपैक की बैठक, जाम कम करने और आवागमन सुचारू करने को कई परियोजनाएं मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**राष्ट्रीय** राजधानी में यातायात एक बड़ी समस्या है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक जाम को खत्म करके वाहनों का परिचालन सुगम बनाने के मकसद से उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में राजधानी में बड़े पैमाने पर कार्य चल रहा है। इस कड़ी में यातायात सुचारू करने करने सहित राहगिरों एवं साइकिलिंग को बढ़ावा देने संबंधी कई परियोजनाएं जारी हैं। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए उपराज्यपाल ने सोमवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण की प्लानिंग विंग यूनिफाइड ट्रैफिक एंड ट्रांसपोर्टेशन इंफ्राट्रक्चर प्लानिंग एंड इंजीनियरिंग सेंटर (यूटीटीआइपीईसी) की गवर्निंग बाडी की 67वीं बैठक की की। इस दौरान ट्रैफिक को कम करने, शहर में आवागमन और परिवहन को बढ़ावा देने वाली कई योजनाओं को मंजूरी दी गई।

यूटीआइपीईसी की बैठक में एमजी रोड पर छतरपुर मेट्रो स्टेशन से हरियाणा बार्डर पर फरीदाबाद-गुड़गांव रोड पर गोल पहाड़ी तक मंडी रोड के चौड़ीकरण और अपग्रेडेशन को मंजूरी दी गई। करीब साढ़े नौ किलोमीटर की यह मौजूदा सड़क जो आठ से 12 मीटर लंबी है, अब 30 मीटर की हो जाएगी। शहरी विकास मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित और पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जाने वाली इस परियोजना को पहली बार यूटीटीआइपीईसी द्वारा मई 2013 में अपनी 43वीं बैठक में अनुमोदित किया गया था।

हालांकि एलजी ने इस प्रोजेक्ट के निर्माण में हुई देरी नाराजगी जताते हुए पीडब्ल्यूडी को परियोजना को पूरा करने के लिए एक ठोस टाइम लाइन तैयार करने के निर्देश जारी किए। साथ ही यह सुनिश्चित करने के भी सख्त निर्देश जारी किए कि पीडब्ल्यूडी द्वारा प्रोजेक्ट को अनुमानित समयसीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से विशेषरूप से बाहरी रिंग रोड से परे दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र में आवागमन और ट्रैफिक जाम की समस्या का निदान होगा।

### मंडी हाउस क्षेत्र में वाकेबिलिटी को बढ़ाने के प्लान मंजूर

**बैठक** में मंडी हाउस और मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन के आसपास के क्षेत्र में वाकेबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए भी योजना को मंजूरी दी गई। इस योजना में बाराखंभा रोड, तानसेन मार्ग, सफदर हाशमी मार्ग, सिकंदरा रोड, भगवान दास रोड, कापरनिकस मार्ग एवं फिरोजशाह रोड आदि शामिल हैं।

### मेट्रो स्टेशनों के लिए मल्टी माडल इंटीग्रेशन मंजूर

**शादीपुर** मेट्रो स्टेशन, पीरागढ़ी मेट्रो स्टेशन और मयूर विहार एक्सटेंशन मेट्रो स्टेशनों की मल्टी माडल इंटीग्रेशन योजनाओं को भी मंजूरी दी गई। साथ ही इंटरकनेक्टेड स्ट्रीट नेटवर्क, स्ट्रीट डिजाइन, सिग्नलाइज्ड और ग्रेड से अलग स्ट्रीट क्रासिंग, माडल इंटरचेंज लोकेशन और साइकिल, बस, आटो रिक्शा और निजी कार आदि के लिए संबंधित योजना को मंजूरी दी गई।

# विश्व गौरैया दिवस 2023: इतिहास, महत्व और इनके बारे में रोचक जानकारी

## विश्व गौरैया दिवस का लक्ष्य इनकी घटती आबादी के बारे में जागरूकता बढ़ाना और संरक्षण को प्रोत्साहित करना है

**विश्व** गौरैया दिवस, हर साल 20 मार्च को मनाया जाता है, यह गौरैया के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने का दिन है। विश्व गौरैया दिवस एक महत्वपूर्ण उत्सव है जो गौरैया के महत्व और उनके संरक्षण पर प्रकाश डालता है। गौरैया संरक्षण को बढ़ावा देकर और गौरैया के अनुकूल आवास बनाकर लोग इन छोटे पक्षियों के संरक्षण में योगदान दे सकते हैं।

**विश्व गौरैया दिवस का इतिहास**

**विश्व** गौरैया दिवस भारत की नेचर फॉरएवर सोसाइटी द्वारा फ्रांस के इको-एसआईएस एक्शन फाउंडेशन और दुनिया भर के कई अन्य संगठनों के साथ शुरू की गई एक पहल है। यह मुख्य रूप से गौरैया के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। लेकिन इसमें अन्य आम पक्षियों की सुंदरता और जैव विविधता भी शामिल है जो हमारे समान स्थान को साझा कर सकते हैं।

समर्पित संरक्षणवादी मोहम्मद दिलावर ने नासिक में घरेलू गौरैया की विशेष देखभाल के लिए अभियान शुरू किया। अभियान को आधिकारिक बनाने का विचार नेचर फॉरएवर सोसाइटी के कार्यालय में एक अनौपचारिक चर्चा के दौरान पैदा हुआ था। इसके बाद, दुनिया भर में 2010 में पहला विश्व गौरैया दिवस मनाया गया।



इसमें पक्षी संरक्षणवादियों के नेटवर्क और संरक्षण में सुधार के लिए विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच तैयार किया। इसका उद्देश्य दुनिया भर के लोगों को एक साथ आने और आम जैव विविधता या कम संरक्षण वाली प्रजातियों की सुरक्षा के लिए आवश्यकता के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए संपर्क बिंदु प्रदान करना है।

गौरैया या घर की गौरैया को शहरी क्षेत्रों में हरे-भरे हिस्सों और पिछवाड़े में चहकने के लिए जाना जाता है, हालांकि, भयंकर गर्मियों के दौरान, उन्हें ठंडी छाया और पानी की आवश्यकता होती है। वे हमेशा आवासीय क्षेत्रों में काफी आम रहे हैं, लेकिन वर्तमान में ध्वनि प्रदूषण, आधुनिक इमारतों में घोंसले के शिकार स्थलों की कमी, कीटनाशकों के उपयोग और भोजन की अनुपलब्धता के कारण विलुप्त होने के कगार पर हैं, जैसा कि पक्षी विज्ञानी द्वारा बताया गया है। जागरूकता पैदा करने के कारण 2012 में घरेलू गौरैया दिल्ली का राज्य पक्षी बन गई।

जैसे-जैसे साल बीत रहे हैं, प्रकृति को वापस देने के तरीके के रूप में इन पक्षियों के संरक्षण के अभियान में अधिक लोग शामिल हो रहे हैं। कुछ समुदाय में गौरैया और अन्य आम पक्षियों के लिए पक्षियों के घोंसले बनाने तक चले गए हैं।

**विश्व गौरैया दिवस 2023 : महत्व**

**जापान** में वफादारी का प्रतीक गौरैया अपनी मित्रता और समूहों में रहने की प्रवृत्ति के लिए जानी जाती है। विश्व गौरैया दिवस का लक्ष्य इनकी घटती आबादी के बारे में जागरूकता बढ़ाना और संरक्षण को प्रोत्साहित करना है। इसका उद्देश्य पक्षी की सुरक्षा के लिए संरक्षण प्रयासों को मजबूत और व्यापक बनाना है और हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गौरैया के महत्व की सार्वजनिक समझ को बढ़ाना है।

**गौरैया के बारे में रोचक जानकारी**

**क्या** आप नर और मादा गौरैया में मुख्य अंतर जानते हैं? मादाओं की धारियों के साथ भूरी पीठ होती है, जबकि नर की काली बिब के साथ लाल रंग की पीठ होती है। साथ ही, नर गौरैया मादा से थोड़ा बड़ा होता है। गौरैया झुंड के रूप में जानी जाने वाली कॉलोनियों में रहती हैं। अगर उन्हें खतरा महसूस हो तो वे तेज गति से तैर सकते हैं। गौरैया स्वभाव से प्रादेशिक नहीं होती हैं, वे सुरक्षात्मक हैं और अपने घोंसले का निर्माण करते हैं। नर गौरैया अपनी मादा समकक्षों को आकर्षित करने के लिए घोंसले का निर्माण करते हैं।

घरेलू गौरैया, गौरैया परिवार पासरिडे का एक पक्षी है। घरेलू गौरैया शहरी या ग्रामीण परिवेश में रह सकती हैं क्योंकि वे लोगों के आवासों से जुड़ी हुई हैं। वे व्यापक रूप से विभिन्न आवासों और जलवायु में पाए जाते हैं, न कि जंगलों, रेगिस्तानों, जंगलों और घास के मैदानों में। जंगली गौरैया की औसत जीवन प्रत्याशा 10 वर्ष से कम है और मुख्य रूप से 4 से 5 वर्ष के करीब है।

घरेलू गौरैयों की उड़ान सीधी होती है जिसमें निरंतर फड़फड़ाना और ग्लाइडिंग की कोई अवधि नहीं होती है, औसतन 45.5 किमी प्रति घंटा और प्रति सेकंड लगभग 15 पंखों की धड़कन होती है।

दुनिया भर में हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है ताकि इन सामाजिक चहकती पक्षियों को बचाने के लिए लोगों और देशों में जागरूकता बढ़ाई जा सके, जो विलुप्त होने के कगार पर हैं।

# पुस्तक समीक्षा: आत्मनिर्भर गांव के सहेजे अक्षर



**जलाशय** पूरे गांव के लोगों का होगा, यहां के हर परिवार की उसमें हिस्सेदारी होगी। चाहे वे जमीन के मालिक हों या बेजमीन। हर परिवार का बराबर जलाधिकार होगा। जिन परिवारों को सिंचाई के पानी की जरूरत नहीं है वे अपने जलाधिकार को अपने पड़ोसी जमीन मालिकों को बेच सकते हैं। पानी की ऐसी अनूठी हिस्सेदारी की कहानी शुरू होती है हरियाणा के पंचकुला जिले के सुक्खो माजरी गांव से।

परशु राम मिश्रा (पीआर मिश्रा) ने इस गांव में सामुदायिकता के तहत सिंचाई के लिए दो जलाशयों का निर्माण करवाया। इस गांव के 83 परिवारों में से आठ के पास खेती की जमीन नहीं थी तो उनके जलाधिकार की रक्षा के लिए उन्हें इसे पड़ोसी जरूरतमंद को बेचने की व्यवस्था की गई। साइक्लिक सिस्टम ऑफ डेवलपमेंट- ए जर्नी विद परशु राम मिश्रा एक ऐसी किताब है जिसे शोधविज्ञानी गोपाल के कादेकोदी ने उस अगली पीढ़ी के लिए लिखी और संपादित की है जो उस व्यवस्था को असंभव मानने की गलती न करें, जिसे उनके पुरखे संभव कर चुके हैं। आत्मिनर्भर गांव का जो सपना पूरा हो चुका है उसे मिटने से कैसे बचाया जा सकता है।

सुक्खो माजरी पंचकूला जिले में हरियाणा के नक्शे पर एक ऐसा गांव है जहां अर्थशास्त्र का अभिनव प्रयोग किया गया। ऐसा प्रयोग जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन वहां के स्थानीय लोगों ने किया। इसी गांव में चक्रीय विकास प्रणाली का जन्म हुआ। यह प्रणाली मानती है कि प्राकृतिक संसाधनों का हक जनता के पास है।आगे चल कर इस प्रणाली का प्रयोग दक्षिण बिहार के तीस गांवों में किया गया जो वर्तमान में झारखंड का हिस्सा हैं। इसी चक्रीय विकास प्रणाली को समझने के लिए सबसे पहले चंडीगढ़ के सेंट्रल सॉयल एंड वाटर कंजरवेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट पहुंचते हैं गोपाल के कादेकोडी। इस केंद्र का जिम्मा संभाल रहे थे पीआर मिश्रा।

आत्मसमर्पण से बेहतर है आत्मनिर्भरता। गोपाल के कादेकोदी जब पीआर मिश्रा से मिलने उनके चंडीगढ़ के दफ्तर में पहुंचे तो दीवार पर लिखे इस वाक्य पर नजर पड़ी। उस वक्त कादेकोदी को अंदाजा नहीं था कि इस एक वाक्य को समझने में वे न सिर्फ अपने जीवन का अहम हिस्सा गुजार देंगे बल्कि इस पर किताब भी लिखेंगे ताकि आने वाली पीढ़ी संपदा प्रबंधन के इस सहज और सरल अर्थशास्त्र को समझ ले। यह अर्थशास्त्र है शून्य के गणित का। जो, जितना और जिनके पास है उसे अपनी जरूरतों के हिसाब से प्रबंधन करने दो। पानी की मिल्कियत जलाशय का निर्माण करने वाले की हो तो पेड़ के फल का मालिकाना हक उन्हें मिले जिन्होंने बीज बोए और पेड़ों की देखभाल की। अगर लोग पानी की अपनी जरूरतों का खुद ही प्रबंधन कर लेंगे तो आपको इसमें कोई आपत्ति है? पीआर मिश्रा के इस सवाल का कादेकोदी के पास सिर्फ किताबी जवाब था कि जल जैसे खुले संसाधन का प्रबंधन राज्य के पास हो तो यही व्यवस्था सबसे फायदेमंद हो सकती है। इस पर पीआर मिश्रा ने कहा, आप लोगों ने भारत के लोगों के बजाय सिर्फ विदेशी उपदेशकों से सीखा है। अपने गांव जाइए और वहां के लोगों से सीख-समझ कर वापस आइए। कादेकोदी उस व्यवस्था के संस्थापक के पास खड़े थे जिसका संदेश था- प्राकृतिक संसाधनों के मालिक लोग हैं न कि सरकार। जल, जंगल हो या जानवरों के चरने की जमीन, सरकारों को सिर्फ अभिभावक होना चाहिए न कि मालिक।

# विश्व बैंक ने फंड देने से किया इनकार तो अधर में लटका भारत का तटीय मिशन!



**भारत** सरकार के राष्ट्रीय तटीय मिशन को विश्व बैंक ने पैसा देने से इंकार कर दिया तो सरकार ने इसके बजट में भारी कटौती कर दी। मिशन को अधर में छोड़ दिया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन पर बनी विभाग संबंधित संसदीय समिति ने इस पर एतराज जताया है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मांग अनुदान (2023-24) को लेकर सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में संसदीय समिति ने कहा है।

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के बजट पर विभागीय संसदीय समिति ने कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं**

संसदीय समिति मंत्रालय की कमियों को उजागर करने के लिए विवश है, जैसे कि मंत्रालय एक बाहरी एजेंसी से राष्ट्रीय तटीय मिशन के तहत वित्तीय संसाधनों पर निर्भर था, लेकिन एजेंसी द्वारा इनकार करने से मंत्रालय की एक बड़ी पहल के कार्यान्वयन को अधर में छोड़ दिया गया है। यदि वित्तीय संसाधन समय पर उपलब्ध नहीं कराए गए तो देश की विशाल तटरेखा, इस तट पर निर्भर आबादी और नाजुक तटीय पारिस्थितिकी तंत्र को खामियाजा भुगतना पड़ेगा। रिपोर्ट के मुताबिक संसदीय समिति ने नोट किया कि राष्ट्रीय तटीय प्रबंधन कार्यक्रम के तहत बजट में बहुत भारी कटौती की गई है। वित्त वर्ष 2022-23 के अनुमानित बजट (बीई) में तटीय प्रबंधन कार्यक्रम के लिए 723 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन बाद में संशोधित अनुमान (आरई) में इसे मात्र 4 करोड़ रुपये कर दिया गया और अब नए बजट में 2023-24 के लिए केवल 12.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जब इस बारे में संसदीय समिति ने मंत्रालय से धन में इतनी भारी कमी के कारणों के बारे में भी पूछा तो मंत्रालय ने बताया कि विश्व बैंक ने ईएपी-ईएनसीओआरई के अपने प्रोजेक्ट के तहत 723.60 करोड़ रुपए देने का वादा किया था, लेकिन बाद में विश्व बैंक ने अपने प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए इस प्रस्ताव को वापस ले लिया।

**19 प्रतिशत घटाया बजट**

**संसदीय** समिति ने 2022-23 के अनुमानित और संशोधित बजट में 19 प्रतिशत की कमी करने पर भी नाराजगी जताई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2022-23 के अनुमानित बजट में मंत्रालय को 3,030 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया था, लेकिन संशोधित अनुमानित बजट में इसे घटाकर 2,478 करोड़ रुपए कर दिया गया। हालांकि 2023-24 के अनुमानित बजट में 3,079.40 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया, जो 2022-23 के संशोधित अनुमान से अधिक है, लेकिन अनुमानित अनुमान के समान ही है।

# केवल कोयले को दोषी ठहराना कितना उचित?

## कोयले की ही तरह प्राकृतिक गैस भी एक जीवाश्म ईंधन है, जो उत्सर्जित करता है गैस

**जलवायु** परिवर्तन पर जब भी बात होती है तो आखिर कोयला ही क्यों निशाने पर आता है? कोयले की तरह ही प्राकृतिक गैस भी एक जीवाश्म ईंधन है, जो गैस उत्सर्जित करती है और वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी का कारण बनती है। मगर इसकी चर्चा कोई क्यों नहीं करता?

मैं समझ रही हूं कि यह प्रश्न असहज है मगर इसका उत्तर जानना भी बहुत अधिक जरूरी है। मैं इस बात की गंभीरता समझती हूं कि कार्बन डाईऑक्साइड गैस का उत्सर्जन कम करना जरूरी है। मगर हम जो कुछ भी कर रहे हैं उन्हें लेकर सभी बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। पर्यावरणविद् होने के नाते मैं भली-भांति समझती हूं कि कोयले का इस्तेमाल ठीक नहीं है और इससे वातावरण में जो धुआं उठता है वह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कोयले का इस्तेमाल इस वजह से भी अच्छा नहीं माना जा सकता क्योंकि हजारों लघु एवं मझोली औद्योगिक इकाइयों में यह जलाया जाता है, जहां प्रदूषण नियंत्रित करना महंगा है या इससे होने वाले प्रदूषण पर नजर रखना मुश्किल होता है।

इसके अलावा ताप विद्युत संयंत्रों में भी कोयले का इस्तेमाल होता है। इससे स्थानीय स्तर पर प्रदूषण फैलता है। कई ताप विद्युत संयंत्र पुराने हैं और इन्हें नया रूप देना संभव नहीं है। इनमें ऐसी तकनीकी उपकरण नहीं लगाए जा सकते हैं जो पार्टिक्यूलेट मैटर (पीएम), सल्फर डाईऑक्साइड या नाइट्रोजन ऑक्साइड आदि का उत्सर्जन नियंत्रित करते हैं।


यही कारण है कि वायु प्रदूषण रोकने के लिए दिल्ली में कोयले का इस्तेमाल प्रतिबंधित कर दिया गया है। राष्ट्रीय राजधानी में पुराने पड़ चुके कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्र बंद कर दिए गए हैं। दिल्ली के सौ किलोमीटर के दायरे में कोयले का इस्तेमाल रोक दिया गया है। ईंधन के रूप में कोयले का इस्तेमाल करने वाले सभी भट्ठियों को प्राकृतिक गैस या अन्य स्वच्छ ऊर्जा का इस्तेमाल करने के लिए कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर इन्हें बंद किया जा सकता है। मूल लक्ष्य उद्योगों और वाहनों को ऊर्जा के स्रोत के रूप में बिजली के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करना है। यह बिजली अक्षय ऊर्जा के स्रोतों से पैदा की जाएगी। हालांकि अंतरिम अवधि में प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल एक विकल्प है। कोयले की तुलना में इसके इस्तेमाल से वायु कम प्रदूषित होती है। अब दिक्कत यह है कि प्राकृतिक गैस के दाम बढ़ गए हैं।

यूक्रेन संकट और यूरोप में ऊर्जा के स्रोत के रूप में प्राकृतिक गैस की जरूरत दोनों आंशिक रूप से दाम में बढ़ोतरी के लिए उत्तरदायी हैं। इस समय यूरोप में प्राकृतिक गैस की मांग बढ़ गई है जिससे इसकी उपलब्धता प्रभावित हुई है। इसका सीधा असर भारत में स्वच्छ ऊर्जा की तरफ बढ़ने के प्रयासों पर हो रहा है।

मैं कोयले के इस्तेमाल की पक्षधर नहीं हूं मगर मेरा प्रश्न फिर भी कोयला बनाम प्राकृतिक गैस के इर्द-गिर्द है क्योंकि स्थानीय और वैश्विक प्रदूषण का विज्ञान एक जैसा नहीं है। कोयला जलाने पर जितनी मात्रा में कार्बन डाईऑक्साइड और मीथेन गैस निकलती है उनका आधा प्राकृतिक गैस के इस्तेमाल से उत्सर्जित होता है। ये स्थानीय स्तर पर प्रदूषण फैलाने वाले नहीं हैं। ये लंबे समय तक वातावरण में अपना अस्तित्व बनाए रह सकते हैं जिससे वैश्विक तापमान बढ़ता है।

कार्बन डाईऑक्साइड और मीथेन दोनों के प्रबंधन के दो तरीके हो सकते हैं। पहली तकनीक के तहत ईंधन के रूप में कोयले और प्राकृतिक गैस की क्षमता बढ़ाई जा सकती है या अक्षय ऊर्जा की तरफ कदम बढ़ाया जा सकता है।

दूसरी तकनीक के तहत इन दोनों ईंधन का इस्तेमाल जारी रखा जा सकता है मगर कार्बन डाईऑक्साइड गैस का भूमिगत भंडारण करना होगा। प्राकृतिक गैस के मामले में मीथेन गैस का भंडारण सावधानीपूर्वक करना होगा और वातावरण में इसका स्राव रोकना होगा।



मैं इसलिए यह कह रही हूं ताकि हम स्थानीय और वैश्विक प्रदूषण में अंतर करने की जरूरत समझ सकें और दोनों को एक साथ जोड़कर नहीं देखें। जलवायु परिवर्तन के लिहाज से कोयला और प्राकृतिक गैस दोनों ही खराब हैं। ईंधन के इन दोनों स्रोतों पर निर्भरता धीरे-धीरे कम करने के लिए रणनीति तैयार करने की जरूरत है। अगर ऐसी बात है तो कोयले का इस्तेमाल कर अपनी अर्थव्यवस्था खड़ी करने वाला यूरोपीय संघ गैस को भविष्य के ईंधन के रूप में देख रहा है?

यूरोपीय संघ गैस को हरित ईंधन के तौर पर प्रचारित कर रही है। तेल एवं गैस कंपनियां इसे आवश्यक ऊर्जा स्रोत बता रही हैं और अधिक से अधिक गैस निकाल रही हैं। वास्तव में अब यह तर्क दिया जाने लगा है कि प्रश्न प्राकृतिक गैस पर लगातार निर्भरता का नहीं है, बल्कि उत्सर्जन कम करने की जरूरत अधिक हो गई है। यह भी कहा जा रहा है कि हरित ऊर्जा के इस्तेमाल की तरफ कदम बढ़ाने के लिए ग्रीन हाइड्रोजन (अक्षय ऊर्जा या अन्य हरित ईंधन की मदद से उत्पन्न हाइड्रोजन) आवश्यक नहीं है।

प्राकृतिक गैस से तैयार ब्लू हाइड्रोजन भी हरित ईंधन होता है मगर इसके लिए उत्सर्जन कम करने और कार्बन डाईऑक्साइड का सावधानी पूर्व भंडारण करना पड़ता है। इस तरह, पूरा जोर अब उत्सर्जन कम करने पर है न कि जीवाश्म ईंधन (प्राकृतिक गैस) का इस्तेमाल धीरे-धीरे कम करने पर है। मैं एक बार फिर पूछती हूं कि कोयले के मामले में भी उत्सर्जन कम करने पर चर्चा क्यों नहीं की जा सकती है?

इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सस्टेनेबल डेवलपमेंट ऐंड यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन के ग्रेग मटीट एवं अन्य ने नेचर क्लाइमेट में प्रकाशित एक पत्र में इस बात की चर्चा की है कि किस तरह जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी समिति (आईपीसीसी) ने गैस एवं तेल पर निर्भरता कम करने की आवश्यकता का कमजोर आकलन लिया है।

कोयले पर निर्भरता पर पूरी तरह समाप्त करने की तुलना में 2030 तक गैस का इस्तेमाल केवल 14 प्रतिशत कम करने की जरूरत बताई गई है। आईपीसीसी ने कहा है कि कोयले पर निर्भरता अगले 10 वर्षों में पूरी तरह समाप्त किए जाने की जरूरत है तभी औद्योगिक काल से पूर्व की तुलना में तापमान में बढ़ोतरी 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहेगी।

पत्र में कहा गया है कि तापमान में बढ़ोतरी 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम रखने का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कोयला, तेल एवं गैस से होने वाले उत्सर्जन में बड़ी कटौती करनी होगी। उनका कहना है कि जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी समिति का अपरिपक्व आकलन कोयले पर निर्भर दक्षिणी गोलार्द्ध के देशों पर भारी दबाव डाल रहा है। वास्तव में पत्र में कहा गया है कि विकासशील देशों को किसी भी अन्य देश की तुलना में दोगुना रफ्तार से स्वच्छ ऊर्जा की तरफ बढ़ना होगा।

प्रश्न यह है कि पश्चिमी देशों को प्राकृतिक गैस के बेरोक-टोक इस्तेमाल की अनुमति क्यों दी जानी चाहिए। मैं यह प्रश्न स्वच्छ ऊर्जा की तरफ कदम बढ़ाने की जरूरत से इनकार करने के लिए नहीं पूछती हूं, बल्कि इसलिए पूछती हूं कि इनके कुछ प्रत्युत्तर सामने आ सकें। ये प्रत्युत्तर एक साझा एवं स्वच्छ भविष्य तैयार करने में मदद करेंगे।

# मुझे बाहर करने का गुजरात टाइटंस ने जो कारण दिया, उससे हैरान हूं : डोटिन



एजेंसी। नई दिल्ली

**वेस्टइंडीज** की डिएंड्रा डोटिन ने महिला प्रीमियर लीग से बाहर रहने पर निराशा जताते हुए कहा कि इसके लिए गुजरात जाइंट्स ने जो कारण बताया, वह हैरान करने वाला है। वेस्टइंडीज की 31 वर्ष की हरफनमौला डोटिन को अडानी समूह की टीम ने 60 लाख रुपये में खरीदा था, लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उन्हें चिकित्सा कारणों से बाहर कर दिया गया। जाइंट्स ने कहा डोटिन निर्धारित समय सीमा तक चिकित्सा मंजूरी नहीं ले सकी जिसकी वजह से



उनकी जगह आस्ट्रेलिया की किम गार्थ को शामिल किया गया। डोटिन ने हालांकि ट्विटर पर कहा, मैं पहली महिला प्रीमियर लीग से मेरे बाहर होने को लेकर लग रही अटकलों पर संक्षिप्त बयान देना चाहती हूं। मैं इस सबसे बहुत निराश हूं। मेरे बाहर होने का जो कारण बताया, वह हैरान करने वाला है। उन्होंने कहा, अडानी समूह की गुजरात जाइंट्स टीम ने लीग की नीलामी में मुझे खरीदा था। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले फ्रेंचाइजी ने दावा किया कि मुझे चिकित्सा कारणों से बाहर रखा गया है। इसके बाद कहा गया कि मैं चिकित्सा मंजूरी नहीं ले सकी जबकि 20 फरवरी को ही मुझे वह मिल गई थी। वेस्टइंडीज के लिए 143 वनडे और 127 टी20 खेल चुकी डोटिन ने कहा कि वह टीम प्रबंधन के फैसले से हैरान है। उन्होंने कहा , मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि मेरे पेट में हलका दर्द था और सूजन हो गई थी। मैंने दिसंबर 2022 में इलाज कराया। इसके बाद विशेषज्ञों को दिसंबर और जनवरी में दिखाया। मुझे 13 फरवरी तक आराम के लिए कहा गया था और 14 फरवरी से मुझे फिटनेस गतिविधियों और खेलने की अनुमति मिल गई। डोटिन ने कहा , मैने अभ्यास शुरू कर दिया ।गुजरात जाइंट्स के फिजियो के साथ मैने पूरी ईमानदारी से सारी जानकारी साझा की लेकिन उसे तोड़ मरोड़कर पेश करके टीम प्रबंधन को बताया गया कि अभ्यास सत्र के बाद मुझे पेट में दर्द उठा है जबकि ऐसा नहीं था।

## संक्षिप्त समाचार

### मैनचेस्टर यूनाइटेड एफए सेमीफाइनल में, आर्सनल को ईपीएल में बढ़त



**मैनचेस्टर।** फुल्हम एफए कप फुटबॉल में मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ बड़े उलटफेर की ओर बढ़ रही थी, लेकिन दूसरे हाफ में सात मिनट के भीतर उसे नौ खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, उसके मैनेजर को बाहर किया गया और उसने दो गोल गंवा दिए। यूनाइटेड ने 3–1 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बना ली। उसका सामना फाइनल में मैनचेस्टर सिटी से हो सकता है क्योंकि दोनों को अलग अलग सेमीफाइनल खेलने हैं। दूसरी ओर एफए कप से बाहर हुई आर्सनल की नजरें अब 19 साल में पहले प्रीमियर लीग खिताब पर लगी हैं। उसने क्रिस्टल पैलेस को 4–1 से हराकर अपनी बढत पुख्ता कर ली। उसने लीग में लगातार छह मैच जीते हैं हालांकि अभी उसका सामना मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल से होना बाकी है।

### जेहान दारूवाला ने दोनों रेस में पोडियम पर जगह बनाई



**जेद्दा।** भारत के जेहान दारूवाला ने फार्मूला–2 चैम्पियनशिप के सऊदी अरब राउंड में दोनों रेस में शीर्ष तीन में जगह बनाई। डच टीम एमपी मोटरस्पोर्ट के ड्राइवर जेहान शनिवार को स्प्रिंट रेस में पांचवें से तीसरे स्थान पर पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने फीचर रेस में भी पोडियम पर जगह बनाई। वह दोनों रेस में शीर्ष तीन में रहने वाले अकेले ड्राइवर रहे। अब फार्मूला 2 चैम्पियनशिप 31 मार्च से दो अप्रैल तक आस्ट्रेलिया में होगी जहां मेलबर्न के अलबर्ट पार्क पर पहली बार रेस आयोजित की जा रही है।

### मुंबई इंडियंस ने मेजर क्रिकेट लीग में न्यूयॉर्क की टीम खरीदी

**न्यूयॉर्क।** दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बाद मुंबई इंडियंस ने अमेरिका में शुरू होने जा रही मेजर क्रिकेट लीग में न्यूयॉर्क की टीम खरीदी है। यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, सारी औपचारिकताएं पूरी करने पर टीम पहली एमएलसी में खेलेगी। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के मालिक जीएमआर समूह ने माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के साथ सिएटल ओरकास टीम में निवेश किया जबकि चेन्नई सुपर किंग्स टैक्सास टीम का हिस्सा है। मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी ने कहा, मुंबई इंडियंस के परिवार में न्यूयॉर्क टीम का स्वागत करके काफी खुशी हो रही है। अमेरिका में पहली क्रिकेट लीग में भाग लेकर हम मुंबई इंडियंस को वैश्विक ब्रांड के रूप में स्थापित कर सकेंगे। यह मुंबई इंडियंस के लिए नई शुरूआत है और मुझे इसका इंतजार है।

### न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पारी से हराकर श्रृंखला 2-0 से जीती

**वेलिंगटन।** डिसिल्वा और दिनेश चांदीमल की अर्धशतकीय पारियों के बाद पुछल्ले बल्लेबाजों की धैर्यपूर्ण खेल के बाद भी श्रीलंका की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में पारी की हार को नहीं टाल सकी। फॉलोऑन खेलते हुए श्रीलंका की टीम ने ने चौथे दिन की शुरुआत दो विकेट पर 113 रन से की थी। बल्लेबाजों ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरे दिन छकाया लेकिन आखिरी ओवरों की चुनौती से नहीं निपट सके। न्यूजीलैंड को आखिरी दो विकेट झटकने के लिए ढाई घंटे तक गेंदबाजी करनी पड़ी। पहली पारी में महज 67 ओवर में 164 रन पर आउट होने वाली श्रीलंका की टीम ने दूसरी पारी में 142 ओवर तक बल्लेबाजी की और 358 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली चार विकेट पर 580 रन पर घोषित की थी।धनंजय डी सिल्वा ने 98 और दिनेश चंडीमल ने 62 रन बनाकर श्रीलंका को पूरे दिन बल्लेबाजी करने में मदद की। इसके बाद कुसल राजिथा ने ढाई घंटे, प्रभात जयसूर्या और लाहिरू कुमारा ने एक–एक घंटे तक बल्लेबाजी की। राजिता ने 110 गेंद तक बल्लेबाजी की और 20 रन का योगदान दिया।न्यूजीलैंड के लिए ब्लेयर टिकनर ने 84 रन देकर तीन और मिशेल ब्रेसवेल ने 100 रन देकर दो विकेट चटकाए।

### यूपी डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ में पहुंचने वाली तीसरी टीम

# गुजरात को तीन विकेट से हराया, ग्रेस हैरिस ने खेली 72 रन की मैच जिताऊ पारी

एजेंसी। मुंबई

**ग्रेस** हैरिस की 41 गेंद में 72 रन की आक्रामक पारी के अलावा तहलिया मैकग्रा (38 गेंद में 57 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 78 और सोफी एकलस्टन (13 गेंद में नाबाद 19) के साथ छठे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी कर यूपी वारियर्स को सोमवार को यहां महिला प्रीमियर लीग मैच में गुजरात जाइंट्स पर एक गेंद शेष रहते तीन विकेट की रोमांचक जीत दिला दी।



वारियर्स की इस जीत से जाइंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम खिताब की दौड़ से बाहर हो गई। वारियर्स के साथ मुंबई इंडियन्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीमों ने प्लेऑफ में जगह पक्की की। जाइंट्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 178 रन बनाए। वारियर्स ने 19.5 ओवर में तीन विकेट पर 181 रन बनाकर मैच के साथ प्लेऑफ का टिकट भी अपने नाम किया। ग्रेस ने अपनी पारी में सात चौके और चार छक्के जड़ मैच का रूख मोड़ दिया। वह किम गार्थ की गेंद पर हरलीन देओल को कैच देकर जब पवेलियन लौट रही थी तब टीम का स्कोर 172 रन था। आखिरी ओवर में वारियर्स को सात रन चाहिए थे और सिमरन शेख के रन आउट होने से आखिरी दो गेंद में दो रन की जरूरत थी। एकलस्टन ने स्नेह राणा (47 रन पर एक विकेट) की गेंद पर चौका जड़ गुजरात को खिताब की दौड़ से बाहर कर दिया। यूपी वारियर्स की टीम ने पांचवें ओवर में 39 रन पर तीन विकेट गंवा दिया था। मैकग्रा ने इसके बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए ग्रेस पर दबाव नहीं बनने दिया। गउन्होंने 38 गेंद की पारी में 11 चौके जड़े कर टीम को मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला। लक्ष्य का बचाव करते हुए मोनिका पटेल (27 रन पर एक विकेट) ने दूसरे ओवर में ही वारियर्स की कप्तान अलिसा हीली (12) का विकेट चटकाकर जाइंट्स को अच्छी शुरुआत दिलाई। किम गार्थ (29 रन पर दो विकेट) ने इसके बाद किरण नवगिरे (चार) और तनुजा कंवर (32 रन पर एक विकेट) ने देविका वैद्य (सात) को पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद जाइंट्स के खिलाड़ी मैच पर पकड़ बनाए रखने में विफल रहे और हैरिस ने मैकग्रा के साथ शानदार साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। इससे पहले डी हेमलता (33 गेंदों पर 57 रन) और एशले गार्डनर (39 गेंदों पर 60 रन) के बीच 93 रन की शानदार साझेदारी से गुजरात जाइंट्स ने बड़ा स्कोर खड़ा किया ।हेमलता ने 33 गेंद की पारी में छह चौके और तीन छक्के जड़े। गार्डनर ने भी अपनी आक्रामक पारी में इतने ही चौके और छक्के लगाए।

इस साझेदारी को पार्श्वी चोपड़ा ने हेमलता को आउट कर तोड़ा। पार्श्वी ने इसके बाद गार्डनर को भी एलिसा हीली के हाथों स्टंप करवाया ।इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ट और सोफिया डंकली ने शुरुआती चार ओवरों में 41 रन की साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई ।वोल्वार्ट ने पारी की तीसरी गेंद पर ही अंजली सरवानी के खिलाफ चौका जड़ा दिया। उन्होंने राजेश्वरी गायकवाड़ के खिलाफ छक्का जड़कर आक्रामक तेवर दिखाए। इसके बाद डंकली ने कुछ आकर्षक चौके लगाए ।अंजली ने पांचवें ओवर की पहली गेंद पर वुलवार्डट को बोल्डकर टीम को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में राजेश्वरी ने डंकली और हरलीन देओल (चार रन) को आउट कर वारियर्स को दोहरी सफलता दिलाई। टीम ने नौ रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए जिससे पावरप्ले में के बाद स्कोर तीन विकेट पर 50 रन हो गया ।इन विकटों का हालांकि जाइंट्स की रन गति पर कोई असर नहीं पड़ा। हेमलता और गार्डनर की आक्रामक बल्लेबाजी से टीम ने 11वें ओवर में रनों का सैकड़ा पूरा किया। वारियर्स ने हालांकि आखिरी चार ओवर में हेमलता, गार्डनर और अश्वनी कुमारी के विकेट लेकर टीम को 180 रन के अंदर रोक दिया। वारियर्स की तरफ की राजेश्वरी गायकवाड़ और पार्श्वी चोपड़ा ने दो–दो विकेट चटकाए।

# स्विस ओपन : जीत की राह पर लौटने उतरेगी सिंधू



एजेंसी। बासेल

**खराब** फॉर्म से जूझ रही गत चैम्पियन पी वी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू हो रहे स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के जरिए जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगी। पिछली बार उपविजेता रहे दुनिया के नौवे नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। जो आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप से दूसरे दौर में ही बाहर हो गए थे। पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणय को हालांकि पहले दौर में 2018 विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता चीन के शि युकी का सामना करना है जो बर्मिंघम में पिछले सप्ताह उपविजेता रहे।

प्रणय एकल वर्ग में भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं जबकि सिंधू और लक्ष्य सेन इस सत्र में लय हासिल करने के लिए जूझते रहे हैं। चोट के कारण लंबे समय तक कोर्ट से दूर रहने के बाद अच्छे नतीजे नहीं आने से सिंधू ने अपने कोरियाई कोच पार्क ताए सांग से नाता तोड़ लिया था। वह पिछले सप्ताह चीन की झांग यि मान से हारकर पहले दौर में ही बाहर हो गई थी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू पहले दौर में स्थानीय खिलाड़ी जेंजिरा स्टाडेलमान से खेलेंगी। वहीं मलेशिया और इंडिया ओपन में शुरूआती दौर से बाहर हुए सेन ने पिछले सप्ताह चोउ तिएन चेन को हराया लेकिन दो बार के विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से हार गए।

उनका सामना हांगकांग के ली चेयुक यू से होगा। भारत के ही किदाम्बी श्रीकांत चीन के 23 वर्ष के वेंग होंग यांग के खिलाफ अभियान का आगाज करेंगे। आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में सेमीफाइनल तक पहुंची त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना पहले दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त अप्रियानी राहायू और सिति फाडिया सिल्वा रामाधंती से होगा। पुरू वर्ग में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की टक्कर क्वालीफायर से मुख्य ड्रॉ में पहुंचने वाली जोड़ी से होगी।

# नीरज चोपड़ा को तुर्की में प्रशिक्षण के लिए धन मुहैया कराएगा टॉप्स

एजेंसी। नई दिल्ली

**ओलंपिक** स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा 61 दिनों तक तुर्की के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना में प्रशिक्षण लेंगे जिसके खर्च का वहन टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के जरिए होगा। खेल मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस 25 बरस के इस खिलाड़ी ने पिछले साल भी यहीं अभ्यास किया था।

मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने 16 मार्च को ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना, तुर्की में 61 दिनों की अवधि के लिए प्रशिक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा, टॉप्स की ओर से जारी राशि में नीरज, उनके कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और उनके फिजियोथेरेपिस्ट का हवाई किराया, रहने और खाने का खर्च, चिकित्सा बीमा और स्थानीय परिवहन लागत शामिल होगी।

एमओसी सदस्यों ने बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत और विश्व जूनियर चैंपियनशिप के रजत पदक



विजेता शंकर मुथुसामी और बधिर ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता गोल्फ खिलाड़ी दीक्षा डागर को वित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी। वित्तीय सहायता में गोल्फ के उपकरण की खरीद और दीक्षा के लिए एक व्यक्तिगत कोच, फिटनेस और पोषण प्रशिक्षक की नियुक्ति शामिल है। इसमें स्विस ओपन, स्पेन मास्टर्स और ऑरलियन्स मास्टर्स में राजावत की भागीदारी और ओरलेन पोलिश ओपन और स्लोवेनिया योनेक्स ओपन में शंकर की भागीदारी पर होने वाला खर्च शामिल है।

### कार्लोस अल्कारेज फिर वर्ल्ड नंबर–1

# इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में डेनियल मेदवेदेव को हराया

एजेंसी। इंडियन वेल्स

**स्पेन** के 19 वर्षीय टेनिस स्टार कार्लोस अल्कारेज ने अपना पहला इंडियन वेल्स खिताब जीतने के बाद 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच को पछाड़कर ATP रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर–1 का स्थान हासिल कर लिया है। अल्कारेज ने रविवार देर रात अमेरिका के इंडियन वेल्स में हुए मुकाबले के फाइनल में रूसी स्टार डेनियल मेदवेदेव की 19 मैचों की जीत के सिलसिले को खत्म कर 6–3, 6–2 से विजय हासिल की।

**ऑस्ट्रेलियन ओपन में नहीं लिया था हिस्सा : अल्कारेज** ने हाल ही में हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा नहीं लिया था। उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट आई थी। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में जीतने के बाद जोकोविच आगे निकल गए थे। हालांकि, इंडियन



वेल्स ने अल्कारेज को वर्ल्ड नंबर 1 पर लौटने का मौका दिया और उन्होंने फाइनल में मेदवेदेव को हरा दिया।

**अल्कारेज ने तीन मास्टर्स 1000 खिताब जीते:** 19 वर्षीय अल्कारेज ने पिछले साल स ओपन जीतने के बाद पहली बार नंबर 1 रैंकिंग हासिल की थी। इस बार अल्कारेज ने अपना तीसरा मास्टर्स 1000 खिताब जीता है और वे अपने देश के टेनिस लीजेंड राफेल नडाल के रिकॉर्ड के करीब हैं।

# एयरपोर्ट पर रोहित ने फैन से पूछा मुझसे शादी करोगे : गुलाब भी दिया, पिछले हफ्ते साले की

एजेंसी। विशाखापट्टनम

**भारतीय** क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम में दूसरा वनडे 10 विकेट से हार गई। इस बीच टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा का विशाखापट्टनम एयरपोर्ट पर लिया वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो दूसरे वनडे के पहले का है जब रोहित शर्मा टीम के साथ विशाखापट्टनम एयरपोर्ट पहुंचे थे।



एक फैन सेल्फी लेने के लिए वीडियो रिकॉर्ड कर रहा था। इस दौरान रोहित शर्मा पीछे से आए और फैन को गुलाब दे दिया। इसके बाद कप्तान ने फैन से कहा – विल यू मैरी मी (क्या आप मुझसे शादी करेंगे) ? फैन रोहित इस इस बात को सुन रिकॉर्डिंग बंद कर देता है। रोहित कुछ दिन पहले अपने साले कुणाल सजदेह की शादी में डांस करने नजर आए थे। शादी में जाने के लिए उन्होंने पहला वनडे मिस किया था। दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया 10 विकेट से जीता विशाखापट्टनम में खेले गए दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को 234 बॉल रहते 10 विकेट से हराया। मैच में कप्तान रोहित शर्मा 15 बॉल में 13 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की जीत के साथ ही अब तीन मैचों की सीरीज रोमांचक मोड़ पर आ गई है। अब दोनों टीमें 1–1 की बराबरी पर हैं। तीसरा और निर्णायक मुकाबला 22 मार्च को चेन्नई में खेला जाएगा। दूसरे वनडे के बाद लाबुशेन ने पंड्या के शू लेस बांधते हुए फोटो शेयर की

रविवार को दूसरे वनडे के बाद सोमवार की सुबह, ऑस्ट्रेलिया के मारनस लाबुशेन ने भारत के उप–कप्तान हार्दिक पांड्या के जूते की लेस बांधते हुए एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की। चूंकि दोनों खिलाड़ी एक ही जर्सी नंबर–33 साझा करते हैं, इसलिए उन्होंने हैंडशेक इमोजी के साथ "#33" लिखते हुए फोटो का कैप्शन दिया।

# चोटिल जेमिसन की जगह सीएसके में सिसांदा मगाला शामिल

### पहली बार खेलेंगे आईपीएल, साउथ अफ्रीका लीग में 12 मैच में लिए थे 14 विकेट

एजेंसी। स्पोर्ट्स डेस्क

**चेन्नई** सुपर किंग्स ने चोटिल कीवी गेंदबाज काइल जेमीसन की जगह पर साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज सिसंडा मगाला को टीम में शामिल किया है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैमीसन को दिसंबर की मिनी–ऑक्शन में 1 करोड़ रुपए में साइन किया गया था, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ पिछले महीने टेस्ट सीरीज से कुछ समय पहले पीठ के निचले हिस्से में फ्रैक्चर हो गया था। IPL के बाद भी उनके खेलने की उम्मीद कम है। 32 वर्षीय मागला नीलामी में नहीं बिके थे और इससे पहले वह



कभी भी IPL में नहीं खेले थे। अब वह अपने बेस प्राइस 50 लाख रूपए में सुपर किंग्स में शामिल हो गए हैं।

**2021 में खेला था आखिरी टी-20 इंटरनेशनल मैच**

**मगाला** ने 2021 में साउथ अफ्रीका के लिए कोई टी–20 नहीं खेला है। आखिरी टी–20 उन्होंने पाकितान के खिलाफ 16 अप्रैल 2021 में खेला था। लेकिन, वे लगातार टी–20 खेल रहे है। इस साल की शुरुआत में टी–20 के पहले ही संस्करण में मगाला ने चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप की ओर से मैच खेले और शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 8.68 की इकॉनोमी के साथ 14 विकेट लिए।

**डेथ बॉलिंग एक्सपर्ट है मगाला**

मागला डेथ बॉलर के रूप में कारगर माने जाते हैं। साथ ही वे पॉवरप्ले में विकेट निकालने में भी माहिर है। साथ ही बल्लेबाजी में उन्होंने अपने टी20 करियर में दो अर्ध शतक लगाए हैं।

**चेन्नई का पहला मुकाबला गुजरात से**

चेन्नई सुपर किंग्स IPL 2023 के पहले मुकाबले में गत चैंपियन गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहमदाबाद में खेलेगी, हालांकि, मागाला नेथरलैंड के खिलाफ सीरीज में व्यस्त रहेंगे, इस कारण उनका पहले मैच से उपलब्ध रहना मुश्किल है।

**नीदरलैंड के कोच SRH में होंगे शामिल**

नीदरलैंड के हेड कोच रयान कुक IPL टीम सनराइजर्स हैदराबाद में बतौर फील्डिंग कोच शामिल होंगे। इस हारन साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली 2 सीरीज का वे हिस्सा नहीं रहेंगे। कुक ने अक्टूबर–नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया में वर्ल्ड कप के दौरान नीदरलैंड टीम को लीड किया था।

S20 में भी कुक्र ने चैंपियन टीम सनराइजर्स फ्रेंचाइजी के फील्डिंग कोच के रूप में काम किया था। कुक भारत पहुंच चुके है। वे राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 2 अप्रैल को पहले मैच में मौजूद होंगे।

# साक्षी महिला विश्व मुक्केबाजी के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** की साक्षी (52 किलो) ने कजाखस्तान की जजीरा उराबाएवा को 5–0 से हराकर सोमवार को महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। एशियाई चैम्पियनशिप 2021 की कांस्य पदक विजेता साक्षी ने अपने कद का पूरा फायदा उठाते हुए विरोधी मुक्केबाज पर जमकर मुक्के बरसाए। उसने उसे जवाबी हमले का मौका नहीं दिया। उसने जीत के बाद कहा , मैने उम्मीद से बेहतर खेला। वह अच्छी मुक्केबाज है और मुझे लगा कि करीबी मुकाबला होगा लेकिन मैं हावी रही। दिन में प्रीति (54 किलो)



अंतिम 16 का मुकाबला खेलेगी और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन 75 किलो के प्री क्वार्टर फाइनल में मेक्सिको की वेनेसा ओर्तिज से खेलेगी।